

पश्चिम बंगाल में झारखंड और ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे - 12



एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुड़का - 12



डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप - 13



परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे - 14


आज का मौसम 28.0° अधिकतम तापमान 14.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.44 सूर्यास्त 06.12

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी 02:41 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 329, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# सिंगापुर से यूपी को मिला भारी निवेश का प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- मील का पत्थर साबित होंगे एमओयू, एक लाख करोड़ के प्रस्ताव अब तक मिल चुके
- सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकात एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के आखिरी दिन एलान किया कि टीम यूपी को सिंगापुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी है। निवेशकों को यूपी में हो रही हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में राज्य को इतना बड़ा भरोसा और निवेश मिला है। आज भारत और यूपी की छवि वैश्विक स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से उनकी सार्थक और सकारात्मक बातचीत हुई। इन बैठकों में एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और स्किलिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक सहमति बनी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद हुआ, जिनमें कई कंपनियां पहले से भारत और यूपी में निवेश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में यूपी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जनकल्याण में तेज प्रगति की है। निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसका असर गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में दिख रहा है।



**सिंगापुर :** एमओयू ड्राफ्ट के साथ मुख्यमंत्री योगी। साथ में यूपी और सिंगापुर के अधिकारी।

### सिंगापुर में क्या तय हुआ

- कुल निवेश प्रस्ताव : एक लाख करोड़ रुपये
- संपन्न एमओयू : 60 हजार करोड़ रुपये
- फोकस सेक्टर : एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग

### शीर्ष स्तर की मुलाकातें

- सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, ऊर्जा मंत्री
- 100 वैश्विक कंपनियों/प्रतिनिधियों से संवाद
- फिनटेक, एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर सहमति

### जेवर से एमआरओ कार्गो हब की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की अत्याधुनिक एविएशन सुविधाओं का अध्ययन किया। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने की दिशा में ठोस रुचि सामने आई है। वर्तमान में बड़ी संख्या में विमान एमआरओ के लिए सिंगापुर आते हैं– यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस पर गंभीर तैयारी दिखाई है।

### यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ा जाएगा

योगी ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय आईटीई स्किलिंग मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ने और सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन के जरिए 'एम्प्लॉयमेंट–रेडी' इकोसिस्टम बनाने की पहल को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। योगी ने वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और भारतीय उच्चायुक्त व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि सिंगापुर में हुए करार और प्रस्ताव यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकानमी के लक्ष्य तक तेजी से ले जाएंगे।

# सेवातीर्थ में कैबिनेट का पहला फैसला 'केरलम' नाम से जाना जाएगा केरल

## मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक, 12,236 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसले मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। कच्चे जूट के लिए नई एमएसपी को मंजूरी के साथ पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल यह संकल्प दोहराता है कि इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। इसमें कहा गया है, हम यह दोहराते हैं कि अपनी दृष्टि के मुताबिक उस तरह के शासन को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो।



### रेलवे की 9,072 करोड़ की 3 परियोजनाएं मंजूर

रेल मंत्रालय की 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया–जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख–किऊल तथा गम्हरिया–चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार व झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे का 1,677 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एन्क्लेव बनाने को मंजूरी दे दी है। सिविल एन्क्लेव का विस्तार कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सिविल एन्क्लेव भारतीय वायुसेना या सशस्त्र बलों के हवाई अड्डे के भीतर स्थित वह विशेष क्षेत्र है, जिसे नागरिक उड़ानों के उपयोग के लिए आवंटित किया जाता है।

### कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

मंत्रिमंडलीय ने विपणन सत्र 2026–27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। टीडी–3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल–भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा।

# एआई समिट में हंगामे का मास्टरमाइंड उदय भानु चिब गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया।

चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए और दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। पुलिस ने गत शुक्रवार को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया था। उनकी पहचान जितेंद्र यादव, राज गुज्जर और अजय कुमार के रूप में की गयी है।

**युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया :** दिल्ली पुलिस ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 जोड़ी गई है।




- दिल्ली पुलिस ने आरोपी को भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य सजिशकर्ता बताया

# अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तारी का डर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

**प्रयागराज/वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, कोर्ट में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है।

झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वाराणसी में विद्यामठ में अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं।



- बोले- प्रयागराज में रची जा रही साजिश, पूरा सिस्टम मेरे खिलाफ

# सर्वाइकल कैंसर पर केंद्र का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण शुरू करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। यह विशेष टीकाकरण अभियान होगा। सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। यह डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप है।




- 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी

**बदलाव** एनसीईआरटी ने 8वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की नई पठ्यपुस्तक में न्यायपालिका विषय को जोड़ा

# छात्र पढ़ेंगे कितने पेंडिंग केस, क्या हैं न्यायिक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

अब स्कूली बच्चे कम उम्र में ही कोर्ट के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों से परिचित होंगे। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं।

एनसीईआरटी की नई किताब के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले संशोधित अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है। पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में मुख्य रूप से न्यायालयों की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अध्याय में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है।

### पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट में 62.40 लाख और जिला अदालतों में 4.70 करोड़ लंबित मुकदमों का जिक्र




पुस्तक के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, उच्च न्यायालयों में 62.40 लाख और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। पुस्तक में न्यायपालिका की आंतरिक जवाबदेही प्रणालियों को रेखांकित किया गया है और शिकायतें प्राप्त करने की स्थापित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के माध्यम से संचालित होती है। पुस्तक में लिखा है कि 2017 से 2021 के बीच इस तंत्र के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। पाठ्यपुस्तक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का भी उल्लेख किया गया है।


ॐ शांति



19 अक्टूबर 1958 – 24 फ़रवरी 2026

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय

स्वर्गीय श्री विपिन कुमार गुप्ता जी

पुत्र स्वर्गीय श्री नारायण कुमार लोहिया जी का स्वर्गवास दिनांक 24-02-2026 को हो गया है।

अंतिम यात्रा / दाह संस्कार दिनांक 25-02-2026 को निवास स्थान:
Lohia House, 9/10, Rajan Enclave, Moradabad,
से प्रातः 09:00 बजे रवाना होकर,
दोपहर 01:00 बजे मोक्षद्वार, भीमगोडा, खड़खड़ी, हरिद्वार पहुंचेगी।

शोकाकुल
समस्त लोहिया परिवार

designco | LOHIA | YOUDHA | LOHIA WORLDSPACE

न्यूज ब्रीफ

### किशोरी से दुष्कर्म, तमंचा दिखाकर बनाया अश्लील वीडियो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने तमंचे का डर दिखाकर पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाया और उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर मैनाठेर कोतवाली में आरोपी तहजीब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मंगलवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक किरण पाल ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### लड़की से छेड़छाड़ का किया विरोध, युवकों पर चाकू से हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोमवार की देर शाम मझोला थाना क्षेत्र में ऑफिस से घर लौट रही एक युवती से मनचले ने छेड़छाड़ की और उसे जबरन बाइक पर बैठने का दबाव बनाया। विरोध पर आरोपी ने युवती के साथ अभद्रता की। उसे बचाने आई युवती की मां और पड़ोस में रहने वाले दो युवकों पर आरोपी लोकेश हमला कर फरार हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रारंभिक जांच में आपस में किसी बात पर मारपीट होने की जानकारी मिली है। पीड़ित पक्ष के गंभीर आरोपों की गहनता से जांच की जाएगी, दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ऑटो, ई-रिक्शा के किराए में मनमानी से यात्री परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा मनमाने किराए वसूलने की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। निर्धारित किराया सूची न होने या उसका पालन न करने से यात्रियों को छोटी दूरी के लिए भी अधिक भुगतान करना पड़ रहा है। खासकर बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्रों में यह समस्या अधिक देखने को मिलती है। कई यात्री मजबूरी में ज्यादा किराया देने को विवश हो जाते हैं। लोगों ने परिवहन विभाग से किराया सूची सार्वजनिक करने और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नवाब हामिद अली खां के दौर में हुआ था 12 गेटों का निर्माण, शहर की खूबसूरती बढ़ाते थे एंग्लो इंडियन वास्तुकला के गेट

# वास्तुकला की अद्भुत कहानी बयां करते थे नवाब गेट

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** गांधी समाधि के निकट स्थित नवाब गेट वास्तुकला की अद्भुत कहानी बयां करता था। यूं तो रामपुर रियासत की स्थापना नवाब फैजुल्लाह खां ने की थी। नवाब हामिद अली खां शहर को खूबसूरत बनाने के लिए 12 गेट बनवाए। हर गेट का डिजाइन अलग था लेकिन, सभी गेट एंग्लो-इंडियन वास्तुकला की शैली पर बने हुए थे। लेकिन, 23 नवंबर 2013 में पूर्व मंत्री आजम खां ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा जिसमें गेटों के जर्जर होने का हवाला देते हुए उन्हें ध्वस्त कराने के लिए कहा गया था और गेट वर्ष 2015-16 में गेट ध्वस्त करा दिए गए।

रामपुर में प्रवेश के लिए नवाब गेट, शाहबाद गेट, बरेली गेट, बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट, तोपखाना गेट, खुसरो बाग गेट, दिल्ली गेट, हामिद गेट समेत 12 गेट बनवाए गए थे। फिलहाल यह गेट इतिहास का हिस्सा बन गए हैं। पूर्व मंत्री आजम खां ने एंग्लो-इंडियन वास्तुशिल्प से सुसज्जित इन भव्य द्वारों को ध्वस्त करा दिया। इनके स्थान पर नवाब गेट, शाहबाद गेट और दिल्ली गेट का पुनर्निर्माण कराया लेकिन, सपाट बने इन गेटों में कोई खास आकर्षण नहीं है।



नवाबी दौर में बनवाया गया नवाब गेट। ● अमृत विचार



सपा सरकार में बनाया गया गेट। ● अमृत विचार

### फ्रांसीसी इंजीनियर डब्ल्यू सी राइट ने बनाया था प्रवेश द्वारों का नक्शा

वर्ष 1896 में नवाब हामिद अली खां के दौर में रामपुर के प्रवेश द्वारों का नक्शा फ्रांसीसी इंजीनियर डब्ल्यू सी राइट ने बनाया था। इन गेटों सुरक्षा कर्मियों के रहने और ड्यूटी देने का भी इंतजाम था। वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. जहीर हसन सिद्दीकी बताते हैं कि गेटों की चौड़ाई इतनी ज्यादा थी कि इनके साये में लोग बारिश से बचने के लिए रुकते थे। ठेला, रेहड़ी वाले इन गेटों के नीचे खड़े होकर अपना कारोबार करते थे। इसके अलावा रामपुर के कई मोहल्लो का नाम इन गेटों के नाम पर है। शाहबाद गेट, बरेली गेट, बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट के आसपास मोहल्लों का नाम इन्हीं गेट के नाम पर प्रचलित है

# गाइडबुक या महंगी किताबें थोपीं तो होगी मान्यता रद

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- बोर्ड ने जारी की एनसीईआरटी किताबों की सूची, अनधिकृत प्रकाशकों पर सख्ती
- केवल तीन प्रकाशकों की किताबें ही मान्य होंगी बाकी पर पांच लाख तक जुर्माना लगेगा

**अमृत विचारः** यूपी प्रयागराज माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी आधारित 70 पाठ्य पुस्तकों को फरवरी 2026 से सस्ते दाम पर उपलब्ध करा दिया है। केवल तीन अधिकृत प्रकाशकों की किताबें ही मान्य होंगी। बाकी पर पांच लाख तक जुर्माना लगेगा।

मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि अधिकृत प्रकाशक कक्षा 9 एवं 12 मेसर्स पायनियर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, आगरा। कक्षा 10 मेसर्स पीताम्बरा बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, बिजौली, झांसी।कक्षा 11ः मेसर्स सिंघल एजेंसी, लखनऊ।परिषद के इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 के प्रावधानों के तहत केवल ये पुस्तकें स्कूलों में पढ़ाई जाएंगी। अनधिकृत प्रकाशन एपसीआरटी नाम से नकली किताबें बेचकर छात्रों को भ्रमित कर रहे हैं। हाईकोर्ट का फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 19 फरवरी 2026 को राजकीय प्रकाशन की याचिका खारिज कर परिषद के अधिकारों की पुष्टि की। कोर्ट ने अनधिकृत मुद्रण, पाइरेसी पर पुलिस और अन्य विभागों से कार्रवाई के आदेश दिए। स्कूलों को निर्देश है कि छात्रों पर गाइडबुक या महंगी किताबें न थोपें, वरना मान्यता रद्द हो सकती

# गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर खंडहर में मिला युवक का शव

## युवक को सुबह घर से बुलाकर ले गया था दोस्त, परिजनों को उसी ने दी थी मौत की सूचना, पुलिस कर रही जांच

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर खंडहर की एक मंजिल पर शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस कर्मियों के साथ एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने शव के आसपास से जांच के लिए साक्ष्य जुटाए। हामिद की मौत की खबर मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता के अनुसार उनके बेटे को सुबह उसका दोस्त घर बुलाकर ले गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक हामिद।

मंगलवार को नया गांव के रहने वाले 25 वर्षीय हामिद पुत्र मोहम्मद शकील का शव सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर खड़हरनुमा इमारत की पहली मंजिल पर मिला। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। फॉरेंसिक लैब की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव के आसपास से साक्ष्य संग्रहित किए। हामिद के परिजनों का उसकी मौत की खबर सुनने के बाद बुरा हाल था। परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। हामिद का शव देखकर परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे।

मृतक के पिता मोहम्मद शकील ने बताया कि उसका बेटा हामिद पेंटर था और वह पिछले कई दिनों से एक पेट्रोल पंप के समीप एक इमारत में पेंटिंग का काम कर रहा था। पिता ने बताया हामिद का रिश्ता ढक्का हसन उझारी की युवती से तय हो रहा था। दो दिन पहले हामिद को देखने के लिए लड़की वाले आने वाले थे जिसके चलते हामिद ने दो दिन की छुट्टी ली थी। पिता ने बताया कि सुबह 10:30 बजे पीएसी निवासी परोला नाम का दोस्त उसे घर से बुलाकर ले गया था। हामिद को फोन मिलाया तो फोन नहीं उठा। दोपहर दो बजे हामिद के फोन से एक लड़के ने कॉल कर बताया कि वह हामिद का दोस्त है। हामिद राजमहल होटल के पास बने खंडहर में है इसे ले जाओ। हम वहां पहुंचे तो वहां कोई नहीं था। इसके बाद हम कई खंडहरों को देखते हुए यहां पहुंचे तो हामिद का शव यहां पड़ा मिला। फिर उस लड़के को फोन मिलाया तो उसने फोन बंद कर दिया। पुलिस ने मृतक शव को देखा तो शरीर पर किसी प्रकार की चोट नहीं थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक हमीद के परिजनों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



रोते-बिलखते हमीद के परिजन। ● अमृत विचार

- एसपी सिटी ने किया मौका मुआयना, फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

> कमिश्नर आवास के पास बने खंडहर में शव पड़े होने की सूचना मिली। शव जमीन पर पड़ा मिला था, यहां कैसे आया जांच के बाद पता लगेगा। शरीर पर कोई चोट का निशान न होने के कारण मौत के कारण के बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। जांच के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। जल्दी ही मामले का खुलासा किया जाएगा।
> – कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी

### प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को अवैध प्लाटिंग, अनाधिकृत विकास एवं बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जा रहे कार्यों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की। प्रवर्तन टीम ने कल्याणपुर एहत्माली क्षेत्र में नितिन, आनंदपाल व सूरज पाल के लगभग 10 बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तुरंत ध्वस्त कराया।

वहीं इसी जगह पर कैलाश सैनी, बृजपाल सिंह व फुरकान अहमद द्वारा लगभग 12 बीघा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त किया गया। दोनों मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। चेतावनी दी गई कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पूर्णतः अवैध एवं दंडनीय है। भविष्य में भी इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गृह क्लेश से आहत युवक ने मालगाड़ी से कटकर दी जान

**संवाददाता, गजरौला**

- परिजनों से नाराज मुनीश भानपुर फाटक के पास पहुंचा और ट्रेन के आगे कूद गया

**अमृत विचारः** परिवारिक क्लेश के चलते युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस व आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के रेलवे स्टेशन रोड निवासी मुनीश उर्फ बंटी (42) पुत्र रवि अग्रवाल रेलवे स्टेशन के पास किराना स्टोर की दुकान चलाता था। उसका किसी बात को लेकर अपने परिवार वाले से कहासुनी हो गई। जिसके बाद अपने परिवार वालों से नाराज मुनीश उर्फ बंटी ने मंगलवार की दोपहर शहर के भानपुर फाटक के पास पहुंचा गया। इसी दौरान दिल्ली की दिशा से मालागाड़ी ट्रेन मुरादाबाद की तरफ जा रही थी। जिसके आगे मुनीश ने कूदकर जान दे दी। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद करीब 10 मिनट मालगाड़ी रूककर आगे के लिए रवाना हुई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस व आरपीएफ ने मृतक अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पीवीआर मॉल में किया भूकंप का मॉक ड्रिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीवीआर बिल्डिंग में भूकंप सुरक्षा मॉक ड्रिल की गई। जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, फायर सर्विस, तहसील प्रशासन एवं आपदा मित्रों ने आमजन को भूकंप बचाव के तरीके सिखाए।

मंगलवार को ड्रिल में आपदा स्थिति का यथार्थवादी प्रदर्शन किया। आपदा मित्रों ने सबसे पहले जिला कंट्रोल रूम को फोन कर सूचना दी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त, लोग फंसे, आग लगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व को सूचित कर सभी विभाग तत्काल पहुंचे। तहसीलदार सदर, उप नियंत्रक सिविल डिफेंस, सीएफओ, एफएसओ ने कमांड कंट्रोल शुरू किया। आग बुझाई गई, एनडीआरएफ ने खोजी कुत्तों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला। टेबल टॉक से सावधानियां बताईं। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार ने बताया कि डीएम व एडीएम के निर्देश पर नियमित ड्रिल हो रही।

# जमीन नहीं अवैध संबंध में फसंने की धमकी पर कराई महिला की हत्या

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- मृतका की बेटी से थे आरोपी के अवैध संबंध दुष्कर्म में फंसाने की दी थी धमकी
- पांच लोग हत्या में थे शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार, शिवा और इरफान फरार

**अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में महिला की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में पुलिस की जांच में नया मोड़ सामने आया है। प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद का संदेह था, लेकिन अब अवैध संबंध और सुपारी लेकर हत्या की बात सामने आई।

मंगलवार को मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों इमरान पुत्र रहीस निवासी नबावपरा थाना नागफनी, सानिब पुत्र इलियास निवासी गांव उदावाला थाना भोजपुर,और सानिब पुत्र उमर जान निवासी पनवड़िया थाना भोजपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि मृतका की तलाकशुदा बेटी का इरफान से अवैध संबंध था। मृतका इरफान को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। बचाव के लिए इरफान ने सुपारी दी। पनवाड़िया गांव थाना भोजपुर निवासी शिवा उर्फ बिट्टू (पुत्र महेंद्र सिंह) को 1.20 लाख रुपये में हत्या की सौदा तय हुआ। इरफान ने 20 हजार एडवांस ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर किए। हत्या में शिवा उर्फ बिट्टू के साथ सानिब एवं सानिब पुत्र इलियास, दोनों उदावाला गांव थाना भोजपुर से दो स्प्लेंडर बाइक पर आए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले का खुलासा हो चुका है। हत्या में शामिल तीन आरोपियों को पकड़ कर जेल भेज दिया है और दो आरोपी इरफान और शिवा उर्फ बिट्टू फरार है उन्हें भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

महिला 15 साल से एक प्लाट की चौकीदारी करती थी। घटना के समय वह बेटे के बच्चों साथ बैठी थी। तभी दो युवक पहुंचे और एक युवक ने तमंचा निकालकर गोली मार दी। मां की चीख सुनकर बेटा और बहू दौड़ते हुए पहुंचे तब तक महिला की मौत हो गई थी। शोर सुनकर लोग जुट गए और एक युवक को पकड़ लिया।

# होली पर मुरादाबाद मंडल से चलेंगी विशेष ट्रेनें

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- यात्रियों से समय रहते आरक्षण कराने की अपील

**अमृत विचार :** होली को देखते हुए मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। विभिन्न प्रमुख रूटों पर चलने वाली स्पेशल ट्रेनों में अलग-अलग तिथियों के लिए सीटों की उपलब्धता जारी कर दी गई है, ताकि यात्री समय रहते आरक्षण कर अपनी यात्रा सुनिश्चित कर सकें।

सूची के अनुसार ट्रेन संख्या 09610, चार मार्च, 11 मार्च, 18 मार्च, 25 मार्च एवं एक अप्रैल 2026 को संचालित होगी। वहीं ट्रेन संख्या 06598 सात मार्च, 14 मार्च, 21 मार्च, 28 मार्च, 4 अप्रैल, 11 अप्रैल, 18 अप्रैल एवं 25 अप्रैल 2026 को चलेगी। ट्रेन संख्या 04302, 25 फरवरी, 28 फरवरी एवं 3 मार्च 2026 को संचालित की जाएगी। इसी क्रम में ट्रेन संख्या 09426, 24 फरवरी, 3 मार्च, 10 मार्च, 17 मार्च एवं 24 मार्च 2026 को चलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 04411, विशेष रूप से अनारक्षित कोचों के साथ चलाई जाएगी। वहीं ट्रेन संख्या 04312, 26 फरवरी और दो मार्च 2026 को संचालित होगी। इन ट्रेनों में विभिन्न तिथियों पर 2ए, 3ए, स्लीपर व 3ई श्रेणियों में सीटें उपलब्ध हैं, जबकि कुछ ट्रेनों में 1ए या 3ई श्रेणी उपलब्ध नहीं है। कुछ तिथियों में वेटिंग और आरएसी की स्थिति भी दर्शाई गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने यात्रियों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ से बचने और सुविधाजनक यात्रा के लिए समय से टिकट बुक कर लें।

सपनों को लगे पंख

50 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 3000 से अधिक बेरोजगारों का लिया साक्षात्कार

# रोजगार मेले में 1097 अभ्यर्थी चयनित, 30 को मिली नियुक्ति

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कौशल विकास मिशन एवं राजकीय, पॉलीटेक्निक की ओर से मंगलवार को वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कांठ रोड स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में किया गया। इसमें लगभग 50 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 3000 से अधिक बेरोजगारों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 1097 अभ्यर्थियों को चयनित,शार्ट लिस्ट किया गया। 30 को मौके पर ही ऑफर लेटर,नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने किया। विधान परिषद सदस्य ने कहा कि बेरोजगारी समग्र विश्व की प्रमुख समस्या है। हमारा देश विकास के पथ पर बहुत ही तेजी से अग्रसर है। केंद्र और राज्य सरकार हर हाथ को काम देने के लिए कृत संकल्पित है। वृहद रोजगार मेले में स्थानीय युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर नौकरी के माध्यम से मिल रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई देकर उन्हें अपने कार्य से श्रेष्ठता साबित करने की सीख दी। कहा जो अवसर मिला है उससे अपनी काबिलियत व दक्षता सिद्ध कर भविष्य की राह और मजबूत बनाएं।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने मेले के आयोजन की महत्ता बताई। कहा कि समय समय पर रोजगार मेले के माध्यम से जरूरतमंद बेरोजगारों को आर्थिक रुप से सशक्त बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मेले में स्थानीय कंपनियों पशुपति एकिलोन लिमिटेड, ईवा फाईवर, कॉसमॉस अस्पताल, जीनस पेपर मिल, बजीर चन्द्र प्रा.लि., सीएल गुप्ता, डिजाइन्को प्रा.लि., साईं अस्पताल, एशियन विवेकानन्द अस्पताल, पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. के अलावा बाहरी कंपनियों में प्रतिष्ठित रोलोन सेल्स, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, महेन्द्रा स्वराज, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लिमिटेड, डाइकन एसी आदि शामिल रहीं। आउट सोर्सिंग,संविदा के माध्यम से सेवा प्रदाता द्वारा चयनित बबली शर्मा, आरती, हिमांशु, परिवहन विभाग में संविदा परिचालक के रूप में चयनित उमा, रश्मि सैनी, सुजाता यादव, हेमलता, प्रीति, कृष्ण कुमार और रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों आकृत कुमार, बिट्टू, लक्ष्मी सहित 30 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर, नियुक्ति पत्र दिया गया।



कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी व सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र। ● अमृत विचार

- केन्द्र और राज्य सरकार हर हाथ को काम देने के लिए कृत संकल्पित: सत्यपाल सिंह सैनी

# रोजगार मेले में कई युवाओं के हाथ लगी मायूसी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगे रोजगार मेले में मुरादाबाद सहित उत्तराखंड, नोएडा, दिल्ली, अंबाला, गुड़गांव, हरियाणा, हैदराबाद और राजस्थान से कंपनियों ने हिस्सा लिया।

मेले में फाइलें और बायोडाटा लिए युवक-युवतियां अलग-अलग स्टॉल पर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कंपनियों के प्रतिनिधि अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनकी योग्यता और अनुभव की परख करते रहे। हर चेहरे पर एक उम्मीद थी कि शायद आज किस्मत साथ दे दे। हालांकि तस्वीर का दूसरा पहलू भी सामने आया। कई कंपनियों ने केवल प्रारंभिक पंजीकरण या बायोडाटा संग्रह की प्रक्रिया अपनाई और आगे की चयन प्रक्रिया के लिए अन्य शहरों में बुलाने की बात कही। ऐसे में दूर-दराज से आए कई युवा यूं ही वापस लौट गए।



उम्मीद थी आज नौकरी पक्की हो जाएगी, लेकिन अभी आगे इंतजार करना पड़ेगा।
– शिवम, इस्लामनगर



कई जगह सिर्फ रिज्यूमे लिया गया, आगे की प्रक्रिया के लिए फोन पर जानकारी देने की बात हुई।
– रोहित, बिलारी



अगर चयन प्रक्रिया यहीं स्थानीय स्तर पर पूरी हो गई होती तो भरोसा पक्का हो जाता।
– अरुण, अब्बाकपुर



इस तरह के रोजगार मेले जरूरी हैं, लेकिन परिणाम भी स्पष्ट होने चाहिए।
– रोहित कुमार, स्योहारा

### मुरादाबाद के कैदी की इलाज के दौरान मौत

**बरेली, अमृत विचारः** हत्या के मामले में सजा काट रहे मुरादाबाद निवासी कैदी की मंगलवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद जेल प्रशासन ने परिजनों को सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उनके सुपुर्द कर दिया।

मुरादाबाद के गांव आसपुर निवासी हरि किशोर पिछले करीब 10 वर्षों से हत्या के एक मामले में सजा काट रहे थे। वह बीते 6 सालों से बरेली सेंट्रल जेल में बंद थे। मृतक की पत्नी सुमन ने बताया कि पिछले लगभग एक महीने से हरि किशोर के पेट में दर्द की शिकायत थी और उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। हालत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह उनकी मौत हो गई। सुमन ने बताया कि परिवार के चार सदस्य सजा काट रहे थे। हरि किशोर अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और चार बेटियों को छोड़ गए हैं।



**इफ्तार**
25 फरवरी
सुन्नी : 6.15
शिया : 6.25

**सहरी**
26 फरवरी
सुन्नी : 5.20
शिया : 5.16

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

**ब्रीफ न्यूज**

## आज चार घंटे बिजली गुल रहेगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र एएमडीए -टू में रख-रखाव के कारण कल बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक 4 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में आशियाना के सेक्टर 3,5,6,7,8 एवं 15 (पॉकेट 1-2), ईको हर्बल पार्क, माता वाली मिल, हॉलिडे रीजेंसी, सुपरटेक, पार्श्वनाथ सोसायटी शामिल। विद्युत अभियंता 11 केवी ने बताया कि बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए शटडाउन लिया गया है।

## 16-20 मार्च तक बेसिक स्कूलों में वार्षिक परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा विभाग ने शैक्षिक सत्र 2025-26 की कक्षा 1-8 की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी। लिखित परीक्षा 16 से 20 मार्च तक चलेंगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 तथा द्वितीय पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे। कक्षा 6-8 के लिए 16 मार्च को गणित-अंग्रेजी, 17 को हिंदी-सामाजिक अध्ययन, 18 को संस्कृत, उर्दू-विज्ञान, पर्यावरण, 20 को कला, संगीत आदि। बीएसए विमलेश कुमार ने बताया कि प्रश्न पत्र ब्लॉकवार वितरित हो चुके।

## विपिन कुमार लोहिया के निधन पर जताया दुख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आदर्श कला संगम की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें डॉ. प्रदीप शर्मा ने निर्यातक व सामाजिक कार्यकर्ता विपिन कुमार लोहिया के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके निधन से अपूरणीय क्षति है। अंत में दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। राजदीप शर्मा, जीवन लता शर्मा, अंकित कौशिक, निलय कौशिक आदि ने भी दुख व्यक्त किया।

# नोकझोंक के बीच 11.70 अरब का बजट हुआ मंजूर

## नगर निगम बोर्ड की बैठक में कई मुद्दों पर आमने-सामने आए भाजपा व विपक्षी पार्षद



बोर्ड बैठक में जानकारी देते नगर अयुक्त दिव्यांशु पटेल व महापौर विनोद अग्रवाल।



बोर्ड बैठक में मौजूद पार्षद। • अमृत विचार

- सूफी अंबा प्रसाद की मूर्ति मुस्लिम क्षेत्र में लगवाने को लेकर हुआ नोकझोंक
- नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्षदों की अनदेखी का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम बोर्ड की बैठक में मंगलवार को कई मुद्दे पर सत्ता व विपक्ष के पार्षदों में हल्की नोकझोंक के सदन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 11.70 अरब 43 लाख का मूल बजट स्वीकृत कर दिया। इस धनराशि से कई महत्वपूर्ण विकास कार्य कराने की प्रतिबद्धता जताई गई। महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की उपस्थित में नगर निगम बोर्ड की बैठक टाउनहाल स्थित कार्यालय सभागार में हुई।

इसमें पहले सत्र में पिछली बैठक की कार्यवाही में बिंदुओं पर चर्चा कर अनुमोदित किया गया। बैठक में सदन का माहौल उस समय गरम हो गया जब मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सूफी अंबा प्रसाद की मूर्ति लगाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसका विपक्ष के कुछ पार्षदों ने अपनी बात रखकर नाराजगी जताई। मामला बिगड़ता देखकर महापौर ने स्थिति को संभाला।



बैठक में अपनी बात रखतीं पार्षद कविता। • अमृत विचार

नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने आरोप लगाया कि सत्ता के दम पर विपक्ष की आवाज दबाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष की आवाज नहीं सुननी है तो बैठक में बुलाया क्यों जाता है। उन्होंने पूर्व में स्वयं के द्वारा उठाए गए चूहों के द्वारा शहर की कई सड़कों को बचाने की आवाज बुलंद की। कहा इन सड़कों के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च होता है। चूहे इसे खोद कर खोखला कर देते हैं। इसका स्थायी समाधान होना चाहिए। इसके अलावा अन्य जर्जर सड़कों, पेयजल व सीवर लाइन का मुद्दा भी कई पार्षदों ने उठाया। महानगर की कई पुरानी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने की मांग भी उठी।

दूसरे सत्र में एजेंडे के मूल विषय वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 117043.42 लाख अर्थात 11 अरब, 70 करोड़, 43 लाख 42 हजार रूपये का मूल बजट मंजूरी के लिए निगम के सदन में प्रस्तुत किया गया। जिस पर चर्चा के दौरान बताया गया कि मूल बजट के आय पक्ष में 3170 लाख रुपये रखा गया है। जिसमें भवन कर से 5175 लाख, जलकर से 4600 लाख और 2 प्रतिशत स्टैंप ड्यूटी से 3000 लाख की आय का खाका प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा कर एवं करेत्तर में प्रेक्षागृहकर से 5 लाख और सीवर कर से 1 करोड़ 15 लाख रुपये प्रस्तावित किया गया था। नगर निगम के भवन व दुकानों से किराए से 150 लाख आय और नजूल भूमि के किराए से एक करोड़ अर्जित करने की बात कही गई। वहीं व्यय पक्ष पर भी सदन में पार्षदों ने चर्चा कर अपनी बात रखी। कुछ ना नुकुर के बाद बजट को सदन ने मंजूर कर दिया।

### फीस एंड यूजर्स चार्ज से ऐसे होगी आय

| मद | प्रस्तावित आय |
|---|---|
| रिक्शा व आटो लाइसेंस - | 10 लाख रुपये |
| खोखा लाइसेंस- | 16 लाख |
| पावर लाइसेंस- | 30 लाख |
| बाइलाज लाइसेंस (खाद्य पदार्थ) - | 50 लाख |
| व्यवसाय लाइसेंस फीस- | 1 करोड़ रुपये |
| होर्डिंग फीस व विज्ञापन- | 4 करोड़ 50 लाख |
| फेरी नीति- | 30 लाख |
| पशु लाइसेंस - | 10 लाख |
| भूल भुलैया - | 30 लाख |
| कंपनी बाग - | 30 लाख |
| हनुमान वाटिका- | 1 लाख |
| संविधान साहित्य पार्क- | 10 लाख |
| युद्ध स्मारक- | 30 लाख |
| वेस्ट अवेयरनेस सेंटर से- | 10 लाख |
| **अनुदान से आय** | |
| राज्य वित्त आयोग - | 2 अरब 70 करोड़ |
| 15वां-16वां वित्त आयोग - | 1 अरब |
| अमृत योजना - | 1 करोड़ |
| स्वच्छ भारत मिशन - | 1 अरब 50 करोड़ |

बोर्ड की बैठक में 11 अरब, 70 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट सदन से स्वीकृत कर दिया है। इसमें आय पक्ष पर भी पूरा जोर है। इससे नगर निगम के सभी वार्डों व प्रमुख स्थानों का विकास कराकर निगम की छवि पूरे प्रदेश ही नहीं देश में प्रतिष्ठित किया जाएगा। जनता के हित में सभी कार्य प्राथमिकता व गुणवत्ता के साथ कराए जाएंगे। **-दिव्यांशु पटेल,** नगर आयुक्त

## डेविल ड्रैगन्स ने नौ विकेट से जीता लीजेंड रियूनियन कप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित लीजेंड रियूनियन कप सीजन-1 का फाइनल मुकाबला यॉर्कर नाइट्स और डेविल ड्रैगन्स के बीच खेला गया। जिसमें डेविल ड्रैगन्स नौ विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यॉर्कर नाइट्स ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। टीम की ओर से राहुल ने सर्वाधिक 50 रन की पारी खेली। डॉ. रम्ज ने 46 रन और चंद्र प्रकाश ने 30 रन का योगदान दिया। नौ विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने अंतिम ओवरों में तेज बल्लेबाजी कर प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। 178 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेविल ड्रैगन्स की शुरुआत रही। टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ एक विकेट खोकर 17 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। निशांत सिन्हा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 68 रन बनाए। साकेत ने 44 रन और डॉ. युगांत चौधरी ने 38 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिलाई।

## चकबंदी अधिकारियों ने सुनीं किसानों की समस्याएं



चौपाल में किसानों की शिकायत सुनते उप संचालक चकबंदी व उपस्थित अन्य अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उप संचालक चकबन्दी ओमप्रकाश अंजोर ने ठाकुरद्वारा के ग्राम चटकाली में चौपाल में किसानों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया।

सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देश दिया कि धारा-9 के वादों, जैसे-निर्विवाद विरासत, बैनामा का निस्तारण गांव में बैठकर किसानों की सहमति-समझौते के आधार पर सुनिश्चित करें। विवादित पत्रावलियों को तत्काल चकबन्दी अधिकारी को निस्तारण के लिए भेजें। लेखपाल को निर्देश दिया कि गांव में ही रहकर किसानों को आकार पत्र-5 के सम्बन्ध में जानकारी दें, जिससे किसान आपत्ति दाखिल कर सकें। किसानों को बताया गया कि धारा-9 के प्रकाशन के बाद उनको आकार पत्र-5 वितरित किया गया है। यदि किसी प्रविष्टि में त्रुटि हो तो उसके विरूद्ध चकबन्दी अधिकारी के न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करें।

## यादव जी की लव स्टोरी का नहीं थम रहा विवाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म के रिलीज से पहले ही शहर में विवाद ने तूल पकड़ लिया है।

यादव समाज के युवाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर फिल्म पर रोक लगाने की मांग की। मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव ने आरोप लगाया कि फिल्म में यादव समाज की छवि को भ्रामक और अपमानजनक तरीके से पेश किया जा रहा है। बिना उचित जांच के फिल्म रिलीज होने से जनभावनाएं आहत होंगी और सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों को फिल्म के टाइटल यादव जी पर विशेष आपत्ति है, क्योंकि इसमें लव जिहाद को इस तरह दिखाया जा रहा है जो सामाजिक संघर्ष पैदा कर सकता है। ज्ञापन में चेतावनी दी कि यदि मुरादाबाद के किसी भी सिनेमाघर में फिल्म रिलीज हुई, तो परिणाम भयानक होंगे।

# मुखौटे, रंग और पिचकारियों से सज गईं दुकानें

- लोगों में दिखने लगा होली का उत्साह, बाजारों में रौनक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** होली का त्योहार नजदीक आते ही शहर के बाजार रंगों की आभा से सराबोर हो उठे हैं। ताड़ीखाना, जीएमडी रोड, कोर्ट रोड, बुधबाजार समेत अन्य प्रमुख बाजारों में गुलाल, रंग, पिचकारी और आकर्षक मुखौटों की सजी दुकानों से त्योहार के करीब होने का अहसास साफ झलक रहा है। दुकानों पर रंग-बिरंगे गुलाल की ढेरियां और तरह-तरह की डिजाइन वाली पिचकारियां ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।



दुकान पर पिचकारी चेक करता युवक।




दुकान पर बिक रहे स्प्रे वाले टैंक।

बाजारों में सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। बच्चे कार्टून किरदारों वाली पिचकारियों और मुखौटों को लेकर खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं, तो वहीं युवा वर्ग हर्बल और ऑर्गेनिक रंगों की मांग कर रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार भी ग्राहकों का रुझान सुरक्षित और त्वचा के अनुकूल रंगों की ओर अधिक है। सजावटी सामान, रंगीन टोपी, चश्मे और स्प्रे कलर भी बाजार में उपलब्ध हैं, जो होली के उत्साह को और बढ़ा रहे हैं। शाम के समय बाजारों की चहल-पहल और भी बढ़ जाती है, जब परिवार के साथ लोग खरीदारी के लिए निकलते हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि त्योहार तक बिक्री में और तेजी आएगी।



दुकान पर बिक रहे मुखौटे।

## एनसीसी में 54 और अर्थशास्त्र में 3,312 परीक्षार्थी उपस्थित



परीक्षा केंद्र से बाहर आती छात्राएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। पहली पाली में हाईस्कूल की एनसीसी विषय की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 59 में से 54 उपस्थित रहे। पांच ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्रों पर समय से पहले ही परीक्षार्थी पहुंच गए थे। केंद्र व्यवस्थापकों ने बताया कि परीक्षा सकुशल कराई गई। वहीं इसी पाली में इंटरमीडिएट की शस्य विज्ञान विषय की परीक्षा कराई गई। जिसमें 112 परीक्षार्थियों में से पांच अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में 3,465 पंजीकृत में से 3,312 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 153 ने परीक्षा नहीं दी। उड़नदस्ते भी सक्रिय रहे और केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।

## औषधीय पदार्थों से युक्त सामग्री से होगा होलिका दहन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आदर्श होली कमेटी की ब्लॉक कांशीराम नगर की बैठक की अध्यक्षता गुलफाम सिंह यादव ने की। बैठक में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों का कटान रोकने, होलिका दहन से सड़क क्षतिग्रस्त न हों और अपव्यय रोकने के लिए एक ही स्थान पर होलिका दहन पर सहमति बनी। होलिका स्थल पर पर्याप्त मात्रा में रेत बिछाने की बात कही। होलिका को गाय के गोबर के उपलों से बनाने, औषधीय पदार्थों से बनी सामग्री से वेद मंत्रों से आहुति देकर दहन करना तय किया गया। एडवोकेट रमेश सिंह आर्य, डा. फूल सिंह, विवेक कुमार, प्रकाश वीर आर्य, जगदीश प्रसाद सागर एडवोकेट, विपिन चौहान सुंदर लाल यश गर्ग संदीप चौधरी, राजकुमार सैनी अमित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों के अर्द्धनग्न प्रदर्शन का विरोध

- भाजपा महिला मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा
- कांग्रेसियों के आचरण को अशोभनीय बताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महानगर महिला मोर्चा ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन में कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं के अशोभनीय, असंवैधानिक, अमर्यादित आचरण ने देश को शर्मसार किया है। ज्ञापन के माध्यम



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करतीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता। • अमृत विचार

से मांग किया कि ऐसे करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे इसकी पुनरावृत्ति न हो।

विरोध जताने वालों में कार्यक्रम संयोजक व भाजपा महिला मोर्चा की महानगर महामंत्री हेमा खत्री, सह संयोजक पूर्णिमा खन्ना, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, महिला मोर्चा की महानगर महामंत्री सुनीता सैनी, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, सुनीता शर्मा, मयंक खत्री, राहुल शर्मा, विशाल त्यागी, अभिषेक चौबे, दीक्षांत चौधरी, अश्वनी शर्मा प्रीति कश्यप, रचना अग्रवाल, नीलम रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, ज्योति जैन, मोनिका गौतम, दीपमाला राजपूत, गीतांजलि चौहान, शशि ठाकुर, रजनी भारती, सुरेंद्र शर्मा, विपिन प्रजापति, अभिषेक ठाकुर, मोहन शर्मा आदि शामिल रहे।

## पुराने प्रश्नपत्र से कराई विधि परीक्षा, 27 को होगी दोबारा

- विश्वविद्यालय की लापरवाही से विद्यार्थियों को हुई परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विश्व विद्यालय की लापरवाही के चलते बिजनौर के विद्यार्थियों को न केवल परेशानी का सामना करना पड़ा, बल्कि उन्हें दोबारा पेपर देने पड़ेंगे। धामपुर के आरएसएम पीजी कॉलेज में सोमवार को हुए लॉ के पेपर में पुराना प्रश्न पत्र विद्यार्थियों को दे दिया गया। लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद इस सेंटर पर हुए पेपर को 27 फरवरी को दोबारा कराया जाएगा।

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की एलएलबी के पेपर कोड 12705 लॉ ऑफ टॉर्ट्स प्रश्नपत्र की परीक्षा सोमवार को दोपहर की पाली में कराई गई। इस दौरान बिजनौर के धामपुर के आरएसएम पीजी कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के पुराने प्रश्नपत्र दे दिए गए। इस परीक्षा केंद्र पर अफजलगढ़ लॉ कॉलेज अफजलगढ़ के 54, धामपुर लॉ कॉलेज के 94 विद्यार्थी, जेके मॉर्डन लॉ कॉलेज नगीना रोड धामपुर के 70 विद्यार्थी, लक्ष्य कॉलेज ऑफ लॉ भगवरा स्योहारा के 113 विद्यार्थी और लोकमणि लॉ कॉलेज कादराबाद खुर्द स्योहारा के 106 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अमृत लाल द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार एलएलबी के पेपर कोड 12705 लॉ ऑफ टॉर्ट्स प्रश्नपत्र की परीक्षा निरस्त की जाती है। एलएलबी के पंजीकृत छात्र-छात्राओं की पुनः परीक्षा 27 फरवरी को आयोजित करवाई जाएगी।

**नवाचार** | विदेश से तकनीकी सीखकर प्रशांत सिंह ने मुरादाबाद में लगाया ग्लास फाइबर सरिया प्लांट

# दो लाख की नौकरी छोड़ी, दूसरों को दे रहे रोजगार

- प्रदेश का पहला प्लांट होने का दावा, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स सहित कई प्रदेशों में सप्लाई
- 30 युवाओं को दे रहे रोजगार नई भर्ती के लिए रोजगार मेले में लगाया स्टाल

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आशियाना निवासी प्रशांत सिंह ने स्वरोजगार के क्षेत्र अपनी अलग पहचान बनाई है। टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड में प्रोजेक्ट मैनेजर की नौकरी छोड़कर अपना ग्लास बेस्ड फाइबर सरिया प्लांट लगाया। अब वह दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। लगभग दो वर्ष के छोटे से अंतराल में ही 30 लोगों को रोजगार दिया। नए कर्मचारियों की तलाश के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक में लगे रोजगार मेले में अपना स्टाल लगाया।



प्रशांत सिंह।

टाटा में नौकरी के दौरान प्रशांत को लगभग 24 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिल रहा था। इस दौरान उन्हें यूरोप, जापान, अमेरिका समेत कई देशों में जाने का अवसर मिला। वहां उन्होंने निर्माण कार्यों में लोहे के सरिया की जगह ग्लास बेस्ड फाइबर सरिया का उपयोग होते देखा। जब उन्होंने इसके बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि यह पारंपरिक लोहे के सरिये से अधिक मजबूत है और इसकी आयु लगभग चार गुना तक होती है, क्योंकि इस पर जंग नहीं लगती। यहीं से अपना प्लांट स्थापित करने का विचार आया। 2023 में उन्होंने नौकरी को अलविदा कहा और मार्च 2024 में ठाकुरद्वारा रोड पर उनकी फैक्ट्री ने आकार ले लिया।

**क्या है ग्लास बेस्ड फाइबर सरिया?** ग्लास बेस्ड फाइबर सरिया एक आधुनिक निर्माण सामग्री है, जो फाइबर ग्लास और रेजिन से तैयार होती है। यह पारंपरिक लोहे के सरिये की तुलना में हल्का, अधिक टिकाऊ और जंग-रोधी होता है। इस पर नमी और रसायनों का असर नहीं पड़ता। समुद्री और आर्द्र क्षेत्रों में यह अधिक कारगर है। हल्का होने के कारण इसे इसका ट्रांसपोर्टेशन और प्रयोग दोनों ही आसान हैं।

### नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स तक पहुंच

फैक्ट्री शुरू होने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने बाजार में अपनी पहचान बना ली है। उनका सालाना टर्नओवर लगभग एक करोड़ रुपये है। नेशनल हाईवे से जुड़े प्रोजेक्ट्स को आपूर्ति की जा रही है। निर्माण कंपनियां जंग-रोधी और लंबे समय तक टिकने वाले विकल्प की तलाश में रहती हैं, ऐसे में ग्लास फाइबर सरिया उनके लिए बेहतर विकल्प बनकर उभरा है।

### विदेश से कच्चा माल, ऑटोमेटिक उत्पादन

प्रशांत बताते हैं कि ग्लास फाइबर सरिया का कच्चा माल भारत में सीमित रूप से उपलब्ध है। इसे चीन और अमेरिका से मंगाना पड़ता है। आदित्य बिरला ग्रुप के पास कच्चे माल की फ्रेंचाइजी है, जिसके माध्यम से उन्हें सामग्री उपलब्ध होती है। फैक्ट्री में लगी ऑटोमेटिक मशीन में कच्चा माल डाला जाता है और प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैयार ग्लास बेस्ड फाइबर सरिया बाहर निकलता है। यह पर्यावरण फ्रेंडली भी है और लोहे के सरिया के सापेक्ष इसकी कीमत 25-30 प्रतिशत कम है।

### रोजगार मेले में युवाओं को दिया अवसर

प्रशांत सिंह की यूनिट में लगभग 30 लोगों को रोजगार मिला है। मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में उन्होंने स्टॉल लगाकर युवाओं को रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उनका कहना है कि यदि युवाओं को सही दिशा और तकनीकी प्रशिक्षण मिले तो वे भी नए क्षेत्रों में सफल उद्यमी बन सकते हैं। प्रशांत सिंह का दावा है कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में ग्लास बेस्ड फाइबर सरिया की यह पहली यूनिट थी। इस क्षेत्र में अन्य उद्यमियों की भी रुचि बढ़ी है।

# छठे रोजे पर मस्जिदों में रहमत की दुआएं

- कुरआन-ए-पाक की तिलावत जिक्र और दुआओं में वक्त गुजारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में रमजान उल मुबारक के पहले अशरे के छठें रोजे पर रोजेदारों ने इबादत कर दुआ मांगी। रोजेदारों ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत, जिक्र और दुआओं में वक्त गुजारा।

जुहर, असर और मगरिब की नमाज में भी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही। शाम को इफ्तार के वक्त शहर की मस्जिदों और घरों में खास इंतजाम किए गए। कई जगहों पर सामूहिक इफ्तार का आयोजन हुआ, जहां रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला। इसके बाद ईशा की नमाज और तरावीह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हाफिज-ए-कुरआन द्वारा कुरआन पाक की तिलावत को बड़े अदब और तवज्जो से सुना गया। फल, खजूर, सेवईं, पकौड़ी, समोसे और अन्य इफ्तार के लिए सामान की खरीदारी को दुकानों पर शाम को भीड़ रही। आपसी भाईचारा और सौहार्द का नजारा भी दिखा।



जामा मस्जिद चौराहे के पास खजूर खरीदते बच्चे। • अमृत विचार

शहर इमाम हाकिम सैयद मासूम अली आजाद ने बताया कि रमजान का पहला अशरा रहमत का होता है। इस दौरान बंदा सच्चे दिल से तौबा करे, नमाज की पाबंदी करे और जरूरतमंदों की मदद करे तो अल्लाह की रहमत उसके शामिल-ए-हाल होती है। हमें चाहिए कि रमजान के हर लम्हे को कीमती समझें और ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली का कहना है कि रोजा सिर्फ भूख-प्यास का नाम नहीं, बल्कि अपने किरदार को संवारने का महीना है। छठें रोजे तक रोजेदारों में इबादत का जज्बा और बढ़ जाता है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 25 फरवरी 2026



# टेट अनिवार्यता का काली पट्टी बांधकर विरोध

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया स्कूलों में अध्यापन कार्य, सरकार से अध्यादेश लाने की मांग

- आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त किए गए शिक्षकों पर न हो बाध्यता: वीर सिंह

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर प्रदेश भर में शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के उस आदेश के विरोध में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं, जिसमें समस्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने की बात कही गई है। इसी क्रम में विकासखंड ठाकुरद्वारा के परिषदीय विद्यालयों में भी शिक्षकों ने विरोध दर्ज कराया।

ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व कार्यरत शिक्षकों पर भी लागू कर दिया गया है, जो शिक्षकों के हित में नहीं है। उनका कहना है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति आरटीई लागू होने से पहले हुई, उन पर नई शर्तें लागू करना न्यायोचित नहीं है। शिक्षक नरेश चंचल ने कहा कि खेल के नियम बीच में नहीं बदले जाते, फिर किस आधार पर आरटीई एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू की जा रही है, यह समझ से परे है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि अध्यादेश लाकर आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त समस्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए।

विकासखंड के सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध जताया। प्रदर्शन में वीर सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), नीलू गहलोत, अर्पित चौहान, नरेंद्र कुमार चौहान, नरेश चंचल, त्रिवेंद्र कुमार, अनुज कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, मनोज कुमार, आलोक वत्सल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।


टेट के विरोध में काली पट्टी बांधे शिक्षक। ● अमृत विचार


टीईटी अनिवार्यता को लेकर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

### टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

**संवाददाता, कांठ अमृत विचार :** टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले टीईटी के विरोध में दूसरे दिन शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने कहा कि सरकार का पुराने शिक्षकों पर टीईटी थोपना पूरी तरह से अनुचित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अध्यादेश लाकर शिक्षकों को शिक्षकों राहत प्रदान करनी चाहिए। ब्लाक कोषाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान ने कहा कि ब्लाक छजलैट अधिकतम शिक्षक धरने में भाग लेंगे और अपनी अधिकार की आवाज बुलंद करेंगे जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा ने कहा कि 26 फरवरी को ऐतिहासिक धरना कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रांगण में होगा। शिक्षकों का तर्क है कि जो शिक्षक एक दशक से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, उन पर इस तरह की परीक्षाएं थोपना उनके अनुभव का अपमान है।


काली पट्टी बांध विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

संवाददाता, कांठ

- बच्चों को मेन्यू के अनुसार मिड डे मील देने के निर्देश

**अमृत विचार:** एसडीएम ने तीन विद्यालयों का निरीक्षण कर मिड डे मील के तहत बनने वाले भोजन को चैक किया और मानक तथा मेन्यू को ध्यान में रखते हुए मिड-डे-मील का भोजन छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराने के निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए।

एसडीएम कांठ संत दास पवार ने ग्राम कासमपुर, गढ़ी, समदगढ़ के विद्यालयों में पहुंचकर वहां पर मिड-डे-मील के भोजन की व्यवस्था देखी और सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए की मिड डे मील के भोजन में छात्र-छात्राओं को मेन्यू और मानक को ध्यान में रखकर भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी तरह की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि मिड डे मील के भोजन के समय रसोई एवं बर्तनों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त रखें, क्योंकि सफाई व्यवस्था भी जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसरों में घूम कर वहां की व्यवस्थाएं देखी और उपस्थित बच्चों से पढ़ाई की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। स्टाफ ने कहा कि पतझड़ के कारण पेड़ की डालियों से टूट कर पत्तों से बार-बार गंदगी फैल जाती है, इसे दूर करें। स्टेनो शराफत अली एवं शिक्षक गण मौजूद रहे।


विद्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम कांठ संत दास पवार। ● अमृत विचार

## ब्रीफ न्यूज

### गस्त के दौरान तेंदुआ देख पुलिस के उड़े होश

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में गस्त के दौरान पुलिस ने एक तेंदुआ देखा। ईद और होली को लेकर उपनिरीक्षक गंगा शरण एवं मोनू शर्मा, कांस्टेबल अभय कुमार बालियान मंगलवार की रात्रि करीब 8 :00 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर की आर गस्त पर थे। वे एक खेत के पास पहुंचे वहां एक तेंदुआ बैठादेखकर पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने तेंदुए का फोटो खींच कर वन विभाग को सूचना दी। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा।

### माध्यमिक शिक्षा राज्मंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबो देवी ने बिलारी के कई स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया। मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज में पहुंची। परीक्षा की स्थिति को जाना। इसके बाद वह राम रतन इंटर कॉलेज में भी निरीक्षण के लिए पहुंची, जहां उनके रास्ते में जिला विद्यालय निरीक्षक के अलावा तहसीलदार अंकित गिरी व बिलारी तहसील का प्रशासन भी मौजूद रहा। राम रतन इंटर कॉलेज में अर्थशास्त्र की द्वितीय पाली की परीक्षा मैं इंटर अर्थशास्त्र की परीक्षा चल रही थी। प्रधानाचार्य रामकिशन सिंह के साथ उन्होंने कक्ष का निरीक्षण किया। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट पहुंचकर भी शिक्षा का जायजा लिया गया, शिक्षकों से आवश्यक जानकारी भी की।

### यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में 21 छात्र रहे अनुपस्थित

**कांठ, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में दोनों पालियों में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल एवं इंटर बोर्ड की परीक्षाएं सीसीडी कैमरे की निगरानी में चल रही हैं। 15 परीक्षा केंद्रों का एक उपसंकलन केंद्र डी एसएम इंटर कॉलेज बनाया गया है। जहां आज प्रथम पाली में इंटरमीडिएट के कृषि वनस्पति भाग 1 की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में 19 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 16 छात्र उपस्थित रहे। कुल तीन छात्र अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम पाली में कृषि, अर्थशास्त्र भाग 2 विषय की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में 15 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 15 छात्र उपस्थित रहे। इनमें से कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के अर्थशास्त्र द्वितीय पेपर में 407 छात्र पंजीकृत थे जिनमें से 389 छात्रों ने परीक्षा दी 18 छात्र अनुपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम करनपुर हरकिशनपुर निवासी शेखर सिंह पुत्र रमेश सिंह 22 फरवरी को मोटरसाइकिल से अपने घर को जा रहा था। गांव की ओर सड़क पर जैसे ही वह पुलिया के नजदीक पहुंचा तो अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते गए शेखर सिंह की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके माथे एवं जांघ में काफी गंभीर चोट आई थी। घायल को छजलैट के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। मंगलवार को उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

### डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला बेहडावाला निवासी अमजद पुत्र नूर मोहम्मद अपना ई-रिक्शा लेकर नगर की ओर आ रहे थे। पीछे से तेज गति से आए डंपर ने उनके ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अमजद सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बेलगाम दौड़ रहे भारी वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि तेज रफ्तार डंपरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर आ रहे छात्र से मारपीट

**कांठ, अमृत विचार:** थाना सिविल लाइन के ग्राम शेरवा धर्मपुर निवासी कावेंद्र पुत्र भरत सिंह 20 फरवरी को केबी आईसी इंटर कॉलेज चंगेरी में कक्षा 12 की परीक्षा देकर घर जा रहा था। चंगेरी से फलैदा रोड पर कोशिंदर पुत्र राजकुमार, हर्ष एवं मनीष धारीवाल निवासी बहरमपुर ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने को मना किया तो तीनों आरोपियों ने लाठी डंडों धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जाति सूचक शब्द कहकर उसे अपमानित किया। शोर सुनकर राहगीरों ने उसे बचाया। उसके सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# नालियां, पुलिया बनेंगी, नदी की होगी सफाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- नगर पालिका बोर्ड में 49 करोड़ 19 लाख का बजट पास, सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा की बोर्ड बैठक सोमवार को पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी की अध्यक्षता में पालिका सभागार में आयोजित हुई। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने किया।

बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 49 करोड़ 19 लाख 50 हजार रुपये की अनुमानित आय तथा लगभग 50 करोड़ रुपये के व्यय का बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष गृहकर से लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये की आय होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त दुकानों के प्रीमियम से 1 करोड़ 50 लाख, जल मूल्य से 1 करोड़ तथा विभिन्न योजनाओं से उल्लेखनीय धनराशि प्राप्त होने का अनुमान है, जिनमें 15वां वित्त आयोग से 5 करोड़, दीनदयाल योजना से 4 करोड़, कान्हा गौशाला मद से 50 लाख, स्वच्छ भारत मिशन से 2 करोड़, सीएम नगरोदय योजना से 5 करोड़, वंदन योजना से 2 करोड़ तथा उपवन योजना से 2 करोड़ रुपये शामिल हैं।

बैठक में पालिका की भूमि पर एसडीएम एवं सीओ आवास निर्माण हेतु भूमि शासन को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही नगर भर में नालियों, स्ट्रीट पोल एवं पुलिया तथा कुड़का नदी की सफाई कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। पालिका सदस्य एवं भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के संचालक राकेश दानव ने सौर ऊर्जा आधारित पथ प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करने तथा शहर को दो सेक्टरों में विभाजित कर कम से कम तीन कर्मचारियों की तैनाती की मांग उठाई। इस पर पालिकाध्यक्ष ने बिजली इंचार्ज वसीम अहमद को तलब कर शहर में अंधेरा रहने की शिकायत पर नाराजगी जताई। वसीम अहमद ने बताया कि सौर ऊर्जा से व्यवस्था लगातार सुदृढ़ की जा रही है और जहां समस्या है, वहां शीघ्र सुधार कराया जाएगा। अध्यक्ष ने विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चार कर्मचारियों की नियुक्ति के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान एक सदस्य ने सड़क निर्माण कार्य रोके जाने पर आपत्ति जताई, जबकि सभासद आसिफ सैफी ने अपने वार्ड में विकास कार्य न होने पर नाराजगी व्यक्त की। शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई बैठक में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए और नगर के समग्र विकास पर जोर दिया गया।


नगर पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखते सभासद। ● अमृत विचार

# रात को घर लौटा युवक, सुबह पंखे से लटका मिला शव

संवाददाता, कुंदरकी

- दूसरी मंजिल के कमरे में दरवाजा अंदर से बंद था, पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार:** मोहल्ला नुरुल्लाह में चौकी के सामने वाली गली में 23 साल के अली मोहम्मद पुत्र अख्तर अली का शव घर की दूसरी मंजिल के कमरे में पंखे से लटका मिला। वह सोमवार रात 8 बजे घर लौटा था। सुबह 10 बजे तक न उठने पर मां ने दरवाजा तोड़ा तो शव लटका मिला।


अली मोहम्मद।

मृतक की मां नसीम जहां ने बताया कि बेटा सोमवार रात करीब 8 बजे लड़खड़ाता हुआ घर आया। सीधे अपने कमरे में चला गया और सो गया। मंगलवार सुबह 10 बजे तक नहीं उठा। कमरा अंदर से बंद था। गेट तोड़कर देखा तो छत के पंखे से लटका था। उसकी सांसें थम चुकी थीं।

अख्तर अली की पहली पत्नी हाजरा बेगम की मौत हो चुकी थी। उनके चार बेटे इरफान, एहसान, वसीम, नईम मझौली में रहते हैं। 20-22 साल पहले अख्तर ने दूसरी शादी नसीम जहां से की और मझौली से कुंदरकी आकर बस गए। अली मोहम्मद भी मां के साथ आया था। वह मजदूरी करता था और इलेक्ट्रिशियन का काम भी संभालता था। युवक की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अली मोहम्मद का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# ई-रिक्शा में बच्चों की जान से खिलवाड़


ई-रिक्शा में ठूंस कर बैठाए गए बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- ठूंसकर बैठाए जा रहे बच्चे, हादसों का खतरा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर हैरान करने वाली लापरवाही सामने आई है। नगर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को घर छोड़ने के लिए लगाए गए ई-रिक्शा में क्षमता से कई गुना अधिक बच्चों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया जा रहा है।

मंगलवार को भी एक ई-रिक्शा में छोटे-छोटे बच्चों को एक के ऊपर एक बैठाकर चालक ले जा रहा था। कई बच्चे किनारों पर लटके हुए थे, तो कुछ को गोद में बिठाकर जगह बनाई गई थी। बच्चों के हिलने-डुलने तक की जगह नहीं बची थी। सड़क पर सामान्य यातायात के बीच इस तरह ओवरलोड ई-रिक्शा दौड़ाना सीधे तौर पर दुर्घटना को न्योता देना है। यदि अचानक ब्रेक लग जाए, वाहन अनियंत्रित हो जाए या सामने से कोई भारी वाहन आ जाए, तो परिणाम भयावह हो सकते हैं। ई-रिक्शा जैसे हल्के वाहन में ओवरलोडिंग बच्चों की जान से खिलवाड़ है, फिर भी न स्कूल प्रबंधन गंभीर है और न ही परिवहन विभाग। लोगों ने प्रशासन और स्थानीय पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज डायरी



### नागरिकों को यातायात के प्रति किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय कांठ में मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह कि अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं को रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से हैलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, स्टंट न करने , ओवर स्पीडिंग एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के संबंध में जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर नजाकत हुसैन ने छात्र एवं छात्राओं से सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करने की अनिवार्यता के संबंध में जागरूक किया । सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान के अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विचार प्रस्तुत किए ।

### खादर क्षेत्र में बिजली की समस्या विधानसभा में उठाई

**संवाददाता, कांठ, अमृत विचार :** कांठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमाल अख्तर ने खादर क्षेत्र की गंभीर बिजली समस्या को विधानसभा में उठाया। विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि खादर इलाके के अंतर्गत लगभग 70 से 80 गांव आते हैं, जहां वर्षों से बिजली आपूर्ति मांग के अनुरूप सुदृढ़ नहीं की गई है। बढ़ती आबादी, कृषि कार्यों में विद्युत निर्भरता तथा घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शनों में लगातार वृद्धि के कारण मौजूदा बिजलीघर और लाइनें अत्यधिक ओवरलोड हो चुकी हैं, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और फाल्ट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नए बिजली घर की स्थापना की मांग की। उन्होंने पुराने और कम क्षमता वाले बिजलीघरों की क्षमता वृद्धि का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र तकनीकि सर्वे कराकर स्वीकृति प्रदान की जाए, आवश्यक बजट जारी किया जाए ताकि खादर क्षेत्र के गांवों को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल सके और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त हो।





### हाईवे पर पलटा गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक

**संवाददाता, कांठ अमृत विचार :** गन्ने ओवरलोड गन्ने से भरा ट्रक नूरपुर छजलैट मार्ग पर आरा मशीन के समीप और अनियंत्रित होकर पलट गया। तहसील क्षेत्र में ट्रक की बॉडी से 5 या 6 फुट ऊंचे गन्ने से भरे ट्रक कांठ मुरादाबाद हाईवे, छजलैट बिजनौर मार्ग पर सरेआम चल रहे हैं। ट्रक में इतना लोड होता है कि साइड देना भी चालक के लिए असंभव होता है। ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक के कारण हाईवे आदि मार्गों पर जाम लग जाता है। सोमवार की रात्रि लगभग 9 :00 बजे एक गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक ऊमरी कलां से की ओर से दीवान शुगर मिल अगवानपुर जा रहा था। छजलैट से पहले स्थित एक आरा मशीन के करीब गन्ने से भरा ट्रक अचानक पलट गया। आरा मशीन के आसपास खड़े लोग दुर्घटना से बाल बाल बच गए। ट्रक के चालक ने ट्रक से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचा ली। बाद में ट्रक को क्रेन से उठाकर रवाना किया गया। इस दौरान मार्ग काफी समय तक अवरुद्ध रहा।

### किसान को बंधक बनाकर चार भैंस चोरी

- तमंचों से डराकर किसान के मुंह में कपड़ा ठूंसा

**ठाकुरद्वारा, संवाददाता, अमृत विचार :** तमंचों की नोक पर किसान के मुंह में कपड़ा ठूसं कर पशुशाला में मौजूद कमरे में बंधक बनाकर मारपीट कर चोर चार भैंस चोरी कर फरार हो गए । किसान का बेटा पशुओं को सुबह पशुशाला में चारा डालने गया तब उसे जानकारी हुई। किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की । कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर गुमानी निवासी महिपाल सिंह ने बताया कि 22 फरवरी की रात करीब दो बजे चोर दीवार फांदकर पशुशाला में घुसे और तमंचे दिखाकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। कमरे में बंद कर दिया उसके बाद चोर चार दुधारू चार भैंसें खोल ले गए। उस दिन परिवार के सदस्य गांव कमालपुरी मंडप में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। सुबह जब उसका पुत्र पशुओं को चारा डालने पहुंचा तो उसे मुक्त कराया। पुलिस जांच कर रही है। क्षेत्र में पशु चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बदमाश दीवार फांदकर घुसे, तमंचों के बल पर किसान को बंधक बनाया, मारपीट की और चार-चार भैंसें खोल ले गण, तो गश्त व्यवस्था किस काम की।

# पेपर देकर लौट रही छात्रा के साथ छेड़छाड़

**बिलारी, अमृत विचार:** पेपर देकर लौट रही हाई स्कूल की छात्रा को रास्ते में रोककर बाइक सवार दो युवकों ने छेड़छाड़ की।

बिलारी क्षेत्र के ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी 17 वर्षीय बहन 23 फरवरी को करीब 2 बजे पेपर देकर घर वापस आ रही थी। अकबरपुर भट्टे के पास बाइक पर सवार कमरुद्दीन पुत्र रहीस अहमद, नावेद पुत्र मुस्ताक हुसैन निवासी कस्बा सैफनी ने उसकी बहन को रोककर छेड़छाड़ की और जबरन बाइक पर बैठाने लगे। जब उसकी बहन ने विरोध किया तो गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देने लगे। तभी आसपास के लोग आ गए। पुलिस ने दोनों युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# मुठभेड़ में एक गोतस्कर घायल, छह फरार

संवाददाता, भोजपुर

- पुलिस ने छह नामजद समेत सात पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जंगल में संरक्षित पशु का कटान कर रहे गोतस्करों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस की गोली से एक आरोपी घायल हो गया। उसके छह साथी भाग गए। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, दो कारतूस, संरक्षित पशु की खाल, डेढ़ क्विंटल मांस एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस कर्मियों के साथ गस्त कर रहे थे। गुलाबबाड़ी के जंगल में संरक्षित पशुओं का कटान होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक ने कस्बा चौकी और पीपलसाना चौकी इंचार्ज को मौके पर बुलाकर घेराबंदी की। पुलिस को देख आरोपियों ने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और कस्बा चौकी इंचार्ज ने दो राउंड फायरिंग की। एक गोली मोहल्ला गुलाबबाड़ी निवासी कमर पुत्र हिफजुर्रहमान के पैर में लगी। उसके 6 साथी भाग गए। साथियों के नाम भूरा, इकरार, नसीम उर्फ नद्द, हाजी वसीम, हाजी जसीम व एक का नाम पता नहीं होने की बात कही। पुलिस ने संरक्षित पशु की खाल, डेढ़ क्विंटल मांस, रस्सी, लकड़ी के गुटका, छुरी, कुल्हाड़ी, सुम्मी बरामद की। पशु चिकित्सक ने जांच के लिए मांस के नमूने लेकर अपनी देखरेख में मांस को जमीन में दबवा दिया। रात में ही एडिशन एसपी कुंवर आकाश सिंह मौके पर पहुंचे और घायल गोतस्कर से पूछताछ की।

# अवैध टेंपो के संचालन पर रोक लगाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र में उत्तराखंड नंबर के अवैध सीएनजी टेंपो के संचालन को लेकर एसपी ट्रैफिक से शिकायत की गई है। नगर निवासी इकराम पुत्र रफीक ने बताया कि ठाकुरद्वारा की सीमा उत्तराखंड राज्य से सटी हुई है। आरोप है कि काशीपुर से यूपी-18 नंबर के सीएनजी टेंपो काफी समय से ठाकुरद्वारा क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। ऐसे टेंपो की संख्या 100 से अधिक है, जो बिना वैध परमिट के उत्तर प्रदेश सीमा में प्रवेश कर सवारियां ढो रहे हैं। टेंपो चालक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इकराम ने एसपी ट्रैफिक से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित टेंपो के खिलाफ ठोस कार्रवाई करते हुए उन्हें ठाकुरद्वारा क्षेत्र में प्रवेश करने से पूर्ण रूप से रोका जाए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
(संबद्ध गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
थूनापुर, पो.आ. भोट, जनपद रामपुर
आवश्यकता है निम्न पद हेतु प्रवक्ताओं की
● प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस
● प्रवक्ता मैनेजमेंट
● प्रवक्ता बी.एड.(एजुकेशन)
योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार
ई-मेल : impact.college@hotmail.com
मो. प्रबंधक : 9897560771, 9997633333

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



**इफ्तार** 25 फरवरी
सुन्नी : 6.16
शिया : 6.25

**सहरी** 26 फरवरी
सुन्नी : 5.07
शिया : 5.11

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में ममेरे फुफेरे भाई घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो ममेरे-फुफेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव भोट निवासी मनोज सक्सेना और मुकेश सक्सेना सोमवार की रात रुद्रपुर उत्तराखंड में एक शादी में डीजे लगाकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर गांव बंगाली कॉलोनी मोड़ पर सामने किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर पल्लेदार को पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के पजईया गांव में मजदूरी के 1,170 रुपये मांगने पर एक पल्लेदार पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। घायल को उपचार के सीएचसी पर भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव पजईया गांव निवासी निरंकार ने बताया कि वह पल्लेदारी का काम करता है। उसने कुछ दिन पहले गांव के एक खेत में मटर तुड़वाई थी, जिसकी मजदूरी के तौर पर उसे 1,170 रुपये लेने थे। सोमवार शाम जब वह अपनी मजदूरी के पैसे लेने गया, तो तीन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उनमें से एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से उस पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। थाना पुलिस ने रात में घायल निरंकार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उसका इलाज और मेडिकल परीक्षण किया गया।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने पर आठ आशाकर्मी हटाईं

## जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मौजूद डीएम, सीएमओ व अन्य कर्मी।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही के चलते डीपीसी आयुष्मान भारत योजना में डॉ. नरेंद्र को कार्य में सुधार न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिए, जबकि नगर में आठ आशा कमियों को हटाने की कार्रवाई की गई।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का वेतन बाधित करते हुए निर्देशित किया। निर्देश दिए कि अपने अधीन संचालित प्रत्येक ऑपरेटर आईडी से प्रतिदिन न्यूनतम 5 आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। डीपीसी आयुष्मान भारत योजना में डॉ. नरेंद्र को कार्य में अपेक्षित सुधार न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान नगरीय क्षेत्र रामपुर में कार्य निष्पादन संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए मोहल्ला पुराना आवास विकास कॉलोनी, थाना कुंडा, तिलक कॉलोनी, दरख्तखिन्नी, इंद्रा कॉलोनी, मस्जिद काले खां, साई विहार एवं घेर तोगा क्षेत्र की कुल 8 आशा कार्यकर्ताओं को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण सेवा से हटाने की कार्रवाई की। डीपीआरओ को ग्राम सचिवों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को सभी कोटेदारों की अनिवार्य रूप से ऑपरेटर आईडी बनवाकर अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड तैयार कराने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 23 मातृ मृत्यु रिपोर्ट होने पर जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही पाई जाने पर संबंधित चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उत्तरदायी होंगे। सभी गर्भवती महिलाओं की सभी जांचें एमसीपी कार्ड में अनिवार्य रूप से अंकित कराई जाएं। डीपीओ, आईसीडीएस को वीएचएनडी सत्रों में लॉजिस्टिक की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवीन मंडी से नया गांव जीरो प्वाइंट मार्ग का होगा चौड़ीकरण

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नवीन मंडी स्थित जीरो प्वाइंट से नयागांव जीरो प्वाइंट तक 12.27 करोड़ रुपये की लागत से करीब छह किमी. मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही पहली किश्त के रूप में एक करोड़ 20 लाख रुपये जारी होने पर कार्य शुरू हो गया। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बताया कि उनके विशेष प्रयासों से इसकी स्वीकृत प्रदान हुई है।

जिसके चलते लगभग 6 किमी. लंबे इस मार्ग को 10 मी. की चौड़ाई में विकसित किया जाएगा। कहा कि चौड़ीकरण के साथ-साथ इस मार्ग के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बताया कि मार्ग का शिलान्यास पूर्व में होना तय था, लेकिन भाजपा नेता प्रमोद कुमार जौहरी के निधन के कारण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। हालांकि मार्ग पर कार्य शुरू कर दिया गया है और इसको तेजी के साथ किए जाने का निर्देश भी दिया गया है। कहा कि विधानसभा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

# वीडियो बना रहे युवक को सिपाही ने थप्पड़ मारा, हंगामा



तहसील परिसर में एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते ग्रामीण।

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार:** मस्जिद पुर्निमाण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर निर्माण कार्य की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। कोतवाली में मोबाइल से वीडियो बना रहे एक युवक को सिपाही ने थप्पड़ मार दिया, जिससे हंगामा हो गया।

क्षेत्र के ग्राम निस्वी में मस्जिद का पुनर्निर्माण कराया जा रहा था। जहां दूसरे समुदाय के लोगों ने निर्धारित दायरे से अधिक विस्तार में हो रहे निर्माण का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि वर्तमान में निर्माण कार्य निर्धारित सीमा से आगे बढ़ाया जा रहा है। मस्जिद के ऊपर मीनार बनाई जा रही है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विरोध दर्ज कराने के बाद ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया है। कोतवाली में प्रदर्शन के दौरान वीडियो बना रहे एक युवक को सिपाही ने थप्पड़ जड़ दिया जिसके बाद ग्रामीण भड़क गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद कोतवाली पहुंचे हिंदू संगठन और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। पीड़ित अरुण मौर्य गांव निवासी निस्बी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# जिला अस्पताल में मिलेंगी सस्ती दवाएं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मंगलवार की दोपहर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि उद्देश्य आम जनता को ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह औषधि केंद्र ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले बहुत सस्ती दवाएं देते हैं, जो चिकित्सा खर्च को कम करते हैं। कम कीमत होने के बावजूद, ये दवाएं

- **डीएम ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन**

उच्च गुणवत्ता वाली होती हैं और आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची के अनुरूप होती हैं। 2,000 से अधिक प्रकार की दवाएं और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण इन केंद्रों पर उपलब्ध हैं। कहा कि इन जन औषधि केंद्रों का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा और दवाएं उपलब्ध कराना है। इससे पहले जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने पुष्प गुच्छ देकर ओर शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर शकील अहमद, हरीश धौनी, अनुभव भारद्वाज, करन सिंह, ललित उपाध्याय, टीआर त्रिपाठी, प्रमोद नेगी, विक्टोरिया, सोनम, कविता, शीला समेत तमाम चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट मेट्रन आदि मौजूद रहे।

# शरीफ मियां नम आंखों के बीच सुपुर्दे खाक

**अमृत विचार, रामपुर:** काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां के छोटे भाई सैयद शरीफ मियां को नम आंखों के बीच उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक कर दिया गया। मंगलवार की अपराह्न 3 बजे मरहूम के जनाजे की नमाज ईदगाह मैदान में हुई। जनाजे की नमाज काजी ए शहर ने पढ़ाई।



शरीफ मियां।

जनाजे में शहर इमाम मौलवी नासिर खां, मौलवी फैजान खां, मौलाना मुफ्ती मकसूद, मुकर्रम रजा इनायती, मुस्लिम मुईन कुरैशी और मामून शाह खां समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता टांडा**

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए लेखपालों और कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क लेकर काम करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी तहसील पहुंचे किसानों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार निश्चय कुमार को सौंपा।

किसानों ने दिए गए पत्र में कर्मचारियों व लेखपालों पर सुविधा शुल्क लेकर काम करने का आरोप लगाया है। किसानों ने बताया कि जब भी कोई किसान अपने काम के लिए तहसील पहुंचता है तो संबंधित कर्मचारी और लेखपाल काम करने के बदले सुविधा शुल्क की मांग करते हैं। किसानों का कहना है कि बिना पैसे दिए उनकी सुनवाई नहीं



भाकियू टिकैत से जुड़े किसान एसडीएम को ज्ञापन देते हुए। • अमृत विचार

- **कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क लेकर काम करने का आरोप**

हो रही है, जिससे गरीब किसान मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। इस दौरान किसानों ने क्षेत्र की दो समस्याओं को लेकर ग्राम हमीरपुर सुजालपुर से टांडा तक की मुख्य सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है और लालपुर चौराहा से अतरपुर तक नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव और गंदगी की स्थिति बनी हुई है। किसानों ने कहा कि इन कार्यों को जल्द पूरा नहीं किया गया और भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी, तो किसान यूनियन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगी। पत्र पर साबिर अली (जिला सचिव, मजहर लाला, पूरन सिंह, मंगल सिंह, जोगेंद्र सिंह, कमरुद्दीन, गुरदीप सिंह, इंतज़ार हुसैन, अहसान, सुहेल, मसरूर ,लखविंदर सिंह आदि के हस्ताक्षर थे।

# अवैध अस्पतालों के खिलाफ प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



जिला अस्पताल में प्रदर्शन करते भाकियू भानू से जुड़े किसान। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानू से जुड़े किसान मंगलवार को जिला अस्पताल कार्यालय पहुंचे। जिले भर में चल रहे अवैध अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन के नाम पर गरीब किसान मजदूरों से लिए जा रहे सुविधा शुल्क का आरोप लगाया। जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि जनपद रामपुर में किसी भी किसान मजदूर एवं व्यापारी या किसी की जान से खिलवाड़ नहीं होने दी जाएगी। जो लोग स्वास्थ्य के नाम पर धंधा चल रहे हैं वह अपना बोरिया बिस्तर बंद कर ले अन्यथा आंदोलन करेंगे। जो

- **किसानों ने प्रदर्शन के बाद सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

अधिकारी अवैध अस्पताल चलवा रहे हैं उनके खिलाफ बहुत जल्दी मोर्चा खोला जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने आश्वासन दिया कि हम कार्रवाई करेंगे। किसानों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मुराद खान, मुबारक, रफत खान, अकील खान, हड़ताल सिंह यादव, सतनाम सिंह, मोहम्मद अहमद, आरिफ अली, मतलब हुसैन गुड्डू, लियाकत खान, शकील अहमद, शकील खान पहलवान शाने आलम, धर्मपाल सिंह, रणजीत सिंह, राजा बाबू, गुफरान अली, रिजवान अली, मुकेश कुमार, सोनू, दीपक आदि शामिल है।

# इबादत, रहमत और बरकत का महीना है मुकद्दस रमजान

- **रोजेदारों के गुनाह माफ करता है अल्लाह, दुआ होती है कुबूल**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** मुकद्दस रमजान इबादत, रहमत और बरकत का महीना है। माहे रमजान में रोजेदारों के गुनाह माफ होते हैं और अल्लाह अपने बंदों की दुआ कुबूल करता है। माहे रमजान में गरीबों को ज्यादा से ज्यादा जकात दें इससे अल्लाह रोजी-रोजगार में बरकत देता है।

रमजानुल मुबारक इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है। इस्लामिक कैलेंडर में चांद के अनुसार महीने के दिन गिने जाते हैं, जो 30 या 29 दिन के होते हैं। पहला रोजा 19 फरवरी को हुआ और शनिवार की ईद हो सकती है। रमजान का मुकद्दस महीना इबादत, दुआओं और हर तरह की बुराइयों से बचने का महीना है। शहर इमाम मौलवी नासिर खां बताते हैं कि रमजान उल मुबारक में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करता है और उनकी दुआ कुबूल होती है। बताते हैं कि इस्लाम में रमजान का महीना सबसे पाक महीना है। कहा कि रमजान का कोई रोजा नहीं छोड़ें एक छोड़ने पर 60 रोजे रखना पड़ेंगे।



रमजानुल मुबारक पर रंग-बिरंगी लाइटों से सजी शहर की मोती मस्जिद।

### हर बालिग पर फर्ज है रोजा

रोजा हर बालिग मुस्लिम मर्द और औरत पर फर्ज (अनिवार्य) है। बीमार, यात्री, गर्भवती महिला, बच्चे को दूध पिलाने वाली मां और बहुत अधिक वृद्ध को ही इससे छूट है। पांच वक्त की नमाज के साथ रमजान में रोजेदार तरावीह की विशेष नमाज भी पढ़ते हैं। इसमें पूरे रमजान पवित्र ग्रंथ कुरआन मजीद पढ़कर मुकम्मल किया जाता है। रमजान में हर साहिबे हैसियत पर जकात फर्ज है।

### रमजान उल मुबारक पर रंग-बिरंगी रोशनी से सजी मस्जिदें

माहे रमजान में मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। शहर की मोती मस्जिद, कोयले वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, पटरों वाली मस्जिद समेत तमाम मस्जिदों में सजावट की गई है। सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की जा रही है। माहे रमजान साल के सभी महीनों से आला और अफजल है। मस्जिदों में इबादत के लिए बड़ी तादाद में नमाजी पहुंच रहे हैं। तरावीह के दौरान किसी मस्जिद में कुरान मजीद छह दिन में पूरा होगा किसी मस्जिद में 10 दिन में और किसी मस्जिद में 20 दिन तो कही 25 दिन में और किसी मस्जिद में 30 दिन में कुरान मजीद मुकम्मल होगा। कामकाजी लोग उन मस्जिदों में तरावीह पढ़ते हैं जहां पांच-दस दिन में कुरान मजीद मुकम्मल हो जाता है। हाफिज कारी मौलाना ऐतेसाम उल्लाह खां नमाजे तरावीह में कुरान मजीद की तिलावत कर रहे हैं। जामा मस्जिद में इशा की अजान रात 8 बजे बजे हो रही है और फर्ज नमाज के लिए 8:15 बजे खड़े हो रहे हैं।

> मुकद्दस रमजान हमें सच्चाई और अच्छाई के रास्ते पर चलने का दर्स देता है। माहे रमजान में गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारना चाहिए। माहे रमजान आपस में मोहब्बत का संदेश देता है। गरीबों के प्रति हमदर्दी बरतने का महीना है। **- मौलवी नासिर खां**, शहर इमाम

# टेट के विरोध में बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया कार्य

- **26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरने की चेतावनी**

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** टेट की अनिवार्यता को खत्म करने के लिए शिक्षक लामबंद हैं। अलग-अलग संगठनों से जुड़े शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य कर विरोध जताया। चेतावनी दी है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों के टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में आंदोलन चल रहा है। 26 फरवरी को पैदल मार्च कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरने की चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार,आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में एक बड़ा आंदोलन शुरू किया है। आंदोलन के दूसरे दिन शिक्षकों ने अपने दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। इस अभियान के तहत, शिक्षकों ने अपने विचार और विरोध व्यक्त करने के लिए एक्स पर पोस्ट किए, जिससे यह मुद्दा व्यापक रूप से ध्यान में आ सके। इस आंदोलन का उद्देश्य सरकार से इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने और शिक्षकों के हितों की रक्षा कराना है। शिक्षकों का कहना है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी जानी चाहिए। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह और जिला महामंत्री अंजुम सक्सैना ने बताया कि 25 फरवरी तक दाहिने हाथ पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया जायेगा। 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना और पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री किया ज्ञापन भेजा जाएगा।

**टेट को खत्म करे सरकार : डॉ. दिनेश :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार टेट को खत्म करे। 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की बाध्यता लागू किये जाने के विरोध में शिक्षक लामबंद हो गए हैं। 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांध कर विरोध का कार्यक्रम चल रहा है। 26 फरवरी को जि बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। काली पट्टी बांधने वालों में मोहम्मद सईद सागर, सईदुज्जफर रहमानी, रशाना वारिस, आरिफ नाज आदि शामिल रहे।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताती शिक्षिकाएं।

### टीईटी के विरोध में लामबंद हुए शिक्षक

**अमृत विचार, रामपुर :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सैदनगर के ब्लाक अध्यक्ष रहमत अली ने शिक्षकों के साथ काली पट्टी बांधकर मंगलवार को विरोध जताया। ब्लाक के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं काली पट्टी बांध कर टीईटी के विरोध में अपने अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय इमरता विकास क्षेत्र सैदनगर के शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांध कर विरोध जताया गया। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश के शिक्षक विरोध कर रहे हैं। 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की बाध्यता लागू किये जाने के विरोध में शिक्षक लामबंद हो गए हैं। इस अवसर पर गुलनाज बानो, हिना कौसर, मोहम्मद कासिम, गुलफ्शा बी आदि ने काली पट्टियां बांधी।

### सरकार शिक्षकों पर नहीं थोपे टेट : चरन

**अमृत विचार, रामपुर :** वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति के लिए मंगलवार को टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ महिला शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश के अंदर दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षकों पर टेट नहीं थोपे। 23 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा काली पट्टी बांधकर विरोध करने वालों में नरेंद्र सैनी, शिवकुमार, शिवकुमार, नीरज कुमारी, हेमलता मथुरिया, अंजना सक्सेना आदि शामिल रहे।



काली बांधकर टेट का विरोध जताते शिक्षक।

# तालाबों से अवैध कब्जा हटवाने को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार:** शाहबाद में तालाबों की जमीन पर अवैध रूप से किए गए निर्माणों को ध्वस्त कराए जाने को अधिवक्ताओं ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने लेखपालों पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया है।

मंगलवार को एडीएम राजस्व एफआर संदीप कुमार तहसील का मुआयना करने पहुंचे थे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एडीएम से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने दिए ज्ञापन में कहा कि तहसील परिसर में शौचालयों की मांग की। कहा कि लेखपाल स्थानांतरण के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं। जिसके चलते कई-कई माह तक स्थानान्तरण अटक जाता है। वहीं, अधिवक्ताओ ने कहा कि तहसील के सामने तालाब की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है। जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी से शिकायत के बाबजूद भी अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा सका है। अधिवक्ताओं ने तहसील में कार्यरत प्राइवेट कर्मचारियों को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि प्राइवेट कर्मचारी भी दफतरों में अवैध वसूली करते हैं। इस मौके पर बार के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान, रामौतार सिंह यादव, मनोज भारद्वाज, निधि गोपाल यादव, जितेन्द्र प्रताप सिंह, सतेन्द्र यादव, फहीम अकरम आदि मौजूद रहे।

> अधिवक्ताओं ने तहसील के सामने तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की है। इसके लिए उपजिलाधिकारी को बोला है कि इसकी जांच करें। यदि जांच में अवैध में कब्जा पाया जाता है, तो कार्रवाई की जाएगी। **- संदीप कुमार**, एडीएम राजस्व

## न्यूज ब्रीफ

### जंगल में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**मिलक, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से युवक का शव लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त क्षेत्र के ग्राम कृपया हप्पू निवासी 24 वर्षीय अखिलेश यादव के रूप में की। पुलिस को सूचना देने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना का जायज लिया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के पिता पर्वत सिंह ने बताया कि उनके पुत्र का विवाह 2 वर्ष पूर्व शहजादनगर के ग्राम सोनड्रा में हुआ था। सोमवार को वह अपनी ससुराल गया था जहां उसकी पत्नी और उसके सांडू के साथ कुछ कहा सुनी हुई। मंगलवार की दोपहर 12 बजे वह अकेला बाइक से मिलक लौट आया। इस दौरान मृतक ने अपने पिता से भी दोपहर 12 बजे फोन पर बात की थी। मंगलवार को शाम ग्राम नवदिया के ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मिली थी। फिलहाल मृतक के परिजनों ने कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी है।

### बजरंग दल ने पकड़े गोवंशों से भरे तीन ट्रक

**मिलक, अमृत विचार :** बजरंग दल के कार्यकताओं ने दुधारू गाय से भरे तीन ट्रक को पशु तस्कर समझकर पकड़ लिए। ट्रक में काफी अधिक संख्या में गाय लदी थी। मामले की जानकारी मिलने के पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को रठौंडा चौकी भिजवाया, जहां पुलिस ने जांच के बाद पूर्ण रूप से संतुष्ट होकर व बजरंग दल के आग्रह पर वाहन को छोड़ दिया। मंगलवार दोपहर क्षेत्र के लोहा पट्टी नेशनल हाईवे पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि गोवंश को कटान के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर कार्यकर्ताओं ने तीनों ट्रकों को रोक लिया। गौवंश भरे ट्रक पकड़े जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कम मच गया। आनन फानन में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रकों को रठौंडा चौकी भिजवाया जहां जांच के दौरान पता चला कि तीनों ट्रकों में भरी गाय दूध डेयरी के लिए पंजाब से खरीद कर बरेली ले जाई जा रही थी। जांच के बाद पुलिस ने तीनों ट्रकों को छोड़ दिया। सीओ राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि पंजाब से गाय को खरीद कर बरेली की एक डेयरी ले जाया जा रहा था। जिसे रस्ते में बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा रोक लिया गया था।

# एआई समिट का विरोध करने पर कांग्रेस के खिलाफ गरजे भाजपाई

## जिलाध्यक्ष बोले, एआई समिट का विरोध कर कांग्रेस की विश्व पटल पर खराब हुई छवि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** एआई समिट में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कपड़े उतारकर प्रदर्शन करने के विरोध में भाजपाईयों में आक्रोश है। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि कांग्रेस की भारत विरोधी नीति के तहत एक बार फिर कांग्रेसियों ने घिनौने कृत्य को अंजाम देते हुए विश्व पटल पर देश की छवि को खराब किया है। मंगलवार को भाजपा के नेता एवं पदाधिकारी जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में आंबेडकर पार्क पर एकत्रित हुए। इसके बाद कांग्रेस के खिलाफ नारे लगाकर तख्तियां दिखाते हुए प्रदर्शन करने लगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां लगातार देशहित के खिलाफ रही हैं और एआई समिट जैसे महत्वपूर्ण आयोजन का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्व पटल पर भारत की साख को ठेस पहुंचाने का यह सुनियोजित प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश तकनीकी प्रगति और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब विपक्ष द्वारा इस प्रकार का व्यवहार राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। कहा कि एआई समिट जैसे मंच भारत को वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की दिशा में आगे ले जाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे में विरोध का यह तरीका न केवल अनुचित है, बल्कि देश की गरिमा के भी खिलाफ है। उन्होंने कांग्रेस से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।



एआई समिट का विरोध कर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपाई।

- आंबेडकर पार्क में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, बोले कांग्रेसियों ने दिल्ली में किया घिनौना कृत्य

### प्रदर्शन में मौजूद रहे

इस दौरान पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, मोहन कुमार लोधी, जगपाल सिंह यादव, दीक्षा गंगवार, पारुल अग्रवाल, अर्जुन रस्तोगी, ऋषि पांडे, रघुवीर सिंह, महेंद्र सैनी प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, संजय पाठक, विकास दीक्षित, ऋषभ ठाकुर, पूजा शर्मा, सरदार विक्रम सिंह, मनु सक्सेना, विवेक रुहेला, अजय सक्सेना, मोहित सैनी, शकुन्तला लोधी, नीना साहनी, मदन चौहान, आदि जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शहजादनगर में कचरा प्रबंधन प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण

**रामपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा शहजादनगर क्षेत्र में म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का कार्य पूर्ण हो गया है। वर्ष 2015 में 6.551 हेक्टेयर भूमि क्रय की गई थी। नगर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। डीपीआरओ नत्थूलाल ने बताया कि इस स्थल पर 140 टीपीडी (टन प्रतिदिन) क्षमता के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के निर्माण का कार्य कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस यूनिट-18, मुरादाबाद द्वारा वर्ष 2022 में प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य के अंतर्गत सभी सिविल स्ट्रक्चर का निर्माण पूर्ण कर दिनांक 23 जनवरी 2024 को प्लांट को औपचारिक रूप से नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित कर दिया गया है। प्लांट के निर्माण के लिए शासन द्वारा रुपये 1490.32 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। उक्त धनराशि का नियमानुसार उपयोग करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा 23 जनवरी 2024 को उपयोगिता प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत कर दिया गया है।

# सर्व संस्कृति स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



सर्व संस्कृति स्कूल में छात्र व प्रधानाचार्य डॉ. टीना सिंह एवं भाविष के सदस्य।

**बिलासपुर, अमृत विचार:** भारत विकास परिषद ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और समर्पित शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष सुनील गुप्ता और प्रधानाचार्य डॉ. टीना सिंह द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने वंदे मातरम का सस्वर गायन किया। परिषद द्वारा विगत वर्ष की परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। शिक्षण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए विद्यालय की शिक्षिका सिमरनदीप कौर और शिक्षक योगेश कुमार को परितोषक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक रूपेश अग्रवाल ने बताया कि इसके माध्यम से युवा पीढ़ी में संस्कारों का सिंचन करना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। प्रधानाचार्य ने परिषद के इन प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव सपन अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारती अग्रवाल, प्रेक्षा अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, अनुपमा अग्रवाल, सुनील कुमार जैन, अमित अग्रवाल, अतिन अग्रवाल समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

- शिक्षकों ने भविष्य में मेधावियों की मदद करने का दिया आश्वासन

# रेंजर्स ने बनाया पुल और टैंट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंगलवार को मदर टेरेसा रेंजर्स इकाई प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर के अंतर्गत रेंजर्स द्वारा लिए गए प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। पुल, टैंट- चम्मच स्टैण्ड, जूता स्टैंड, बाथरूम, पूजा घर, ग्लास स्टैंड, बाल्टी स्टैण्ड, कूड़ेदान, बर्तन स्टैंड, पुस्तकालय, फर्स्ट एड बॉक्स बनाए।

कार्यक्रम में रेंजर्स द्वारा पर्यावरण, महिला सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित मनमोहक झांकियों प्रस्तुत कीं। साथ ही टैंट व पुल निर्माण भी किया गया। मुख्यातिथि और प्राचार्य ने रेंजर्स द्वारा बनाए गए पुल को पार किया। रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सचिव भारत स्काउट एवं गाइड ओम प्रकाश सैनी ने उन्हें प्रोत्साहित किया। प्राचार्य ने रेंजर्स का आह्वान किया कि वह रेंजर्स के आदर्शों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में उतारने का प्रयास निरंतर करते रहे। जिला संगठन कमिश्नर गाइड नरवंत कौर ने कहा कि शिविर में रेंजर्स किसी भी परिस्थिति में जीवन जीने की कला सीखते हैं। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने किया। जिला आयुक्त रेंजर्स डॉ. अंकिता एवं सदस्य डॉ. प्रीति लता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम अनिता देवी अग्रवाल, प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. नगेंद्र पाल, डॉ. सोनू पुरी, डॉ. योगेश चंद्र, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. यामिनी सिंह, डॉ. टिकेंद्र सिंह, डॉ. रजनी बाला, कल्पना देवल आदि मौजूद रहे।


रेंजर्स द्वारा बनाए गए पुल को पार करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

- कॉलेज में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**रामपुर, अमृत विचार:** पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत रामपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व 21 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। आरोपी राम सिंह निवासी पंजाब के मूम थाना महलकला ने उधार के पैसे को लेकर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। मामले में 8 जून 2021 को थाना शहजादनगर पर राम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में स्थानीय पुलिस एवं मॉनीटरिंग सैल द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन की कार्रवाई समयबद्ध कराई गई। मामले में न्यायालय एडीजी-थर्ड ने मंगलवार को आरोपी राम सिंह को आजीवन कारावास व 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# 7.68 करोड़ से बनेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग द्वारा 7.68 करोड़ रुपये की लागत से पंजाबनगर जौलपुर मार्ग बनाया जाएगा। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मंगलवार को मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

शहर विधायक ने कहा कि यह मार्ग बनने से न सिर्फ ग्रामीणों का आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भी यह अहम साबित होगा। क्षेत्र की सबसे अहम पंजाबनगर जौलपुर मार्ग की हालत खस्ता थी। मार्ग संकरा होने के साथ ही साथ बदहाल था, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती थीं। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थीं, जिसमें ग्रामीण चोटिल हो जाते थे। ऐसे में क्षेत्र के लोग काफी समय से मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण की मांग कर रहे थे। जिसके बाद शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग के माध्यम से प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। शासन ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मंगलवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। शहर विधायक ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सभी समस्याओं से स्थायी राहत मिलेगी। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की जरूरतों के अनुसार अन्य विकास कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे।



पंजाबनगर जौलपुर मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते शहर विधायक।

- सैकड़ों गांवों का आवागमन होगा सुगम, शहर विधायक ने किया शिलान्यास

# गरीब कल्याण संघ सभी धर्मों का करता है सम्मान

**बिलासपुर, अमृत विचार:** आईटीआई कॉलेज रोड पर राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसका राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के पुत्र व भाजपा नेता गुरकीरत औलख ने उद्घाटन किया। गुरकीरत औलख ने संगठन की विचारधारा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूती के साथ एक मंच पर लाने का सराहनीय प्रयास है। उद्घाटन के बाद आयोजित समारोह में सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संघ के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने संगठन के निर्माण, विकास और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। वही अनिल राज, विक्की राज, नवीन सोनू, उपकार गोयल, सुनील गुप्ता, सपन अग्रवाल, अरविंदर सिंह चीमा, ओमप्रकाश आर्य कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने जोर दिया कि गरीब संघ सभी धर्मों एवं वर्गों का सम्मान करता है। इस मौके पर परवेश वाल्मीकि, मनीष शास्त्री, रमेश गंगवार, गणेशी लाल पटेल, रूबी अंसारी, बलविंदर सिंह, अमानत रजा, सौरभ सक्सेना, सईद खान, मनोज कुमार, बॉबी सागर, लक्ष्मण राठौर, शहजादे, कुणाल राजीव, अली अहमद, जितेंद्र राजभर, रामस्वरूप चौहान, रागिनी वाल्मीकि, जितेंद्र राजभर सहित संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता दीप सिंह राही ने की, जबकि संचालन महेश राजा बाबू ने किया।

# मतकटों की बरात की तैयारियां, रिक्शा से पहुंचेगा दूल्हा

संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** होली पर शहर में मतकटों की निकलने वाली बरात और हास्य व्यंग वाले कार्यक्रम तीन मार्च की रात को होंगे। कार्यक्रमों को लेकर सत खसमी मतकटी परिषद ने रूपरेखा तैयार कर ली है। आयोजकों ने बताया कि मतकटों और मतकटियों का जमावड़ा तीन मार्च की रात 10 बजे से पुराना गंज में स्थित श्री हरिहर का मंदिर पर होगा।

बरात के लिए दूल्हे का चयन कार्यक्रमों के दिन ही होगा। इसके बाद दूल्हे को सजाकर बरात निकाली जाएगी। बरात वापस श्री हरिहर मंदिर पर लौटने पर उसकी आरती उतारी जाएगी। इसके बाद बरात के स्वागत गीत, जयमाला और विदाई होगी। इससे पहले दूल्हा झाड़ू से सभी मतकटों को आशीर्वाद देगा। फिर उसी रात फैंसी ड्रेस शो, कविता शो, हास्य व्यंग्य नाटक, बाल कलाकार डांस प्रस्तुत करेंगे। शेर शायरी भी होंगी। मतकटी परिषद के संयोजक राम शरन देवल ने बताया कि इन कार्यक्रमों में मतकट की अदालत की भी खास प्रस्तुति रहेगी। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रम की तैयारी में मतकटी परिषद के मंत्री रविंद्र गुप्ता, उप मंत्री रामऔतार पाल, सोनू ठाकुर, विजय शर्मा, हरिओम पहलवान, वेद प्रकाश, छोलेबाबू, विवेक गुप्ता लगे हैं। होला आई रे इन मार्गों से निकलेगी मतकटे दूल्हे की बरात पुरानागंज में श्री हरिहर मंदिर से बरात शुरू होगी, जो घेरतोगा रोड, घेरे इनायत खां, चमन चौक, पुरानागंज पुलिस चौकी, छिपियान मोहल्ला, सराफा बाजार से फिर श्रीहरिहर मंदिर लौटेगी। पिछली बार आलू प्रजापति दूल्हा बने थे। इस बार दूल्हा-दुल्हन कौन बनेंगे, यह अभी तय नहीं हो पाया है। पहले गधे-घोड़े पर दूल्हे को बैठाकर निकलती थी बरात मतकटी परिषद के पदाधिकारियों ने इस बार बरात में दूल्हे की सवारी में बदलाव किया है। अभी तक दूल्हे को गधे या घोड़े पर बैठाकर बरात निकाली जाती रही है, लेकिन इस बार रिक्शा पर दूल्हे को बैठाकर मतकटों की बरात निकालने की योजना है। दूल्हे को इस तरह सजाने की तैयारी हरी सब्जियों, फलों व गोबर के उपलों की माला से जयमाला होगी।


होली के उपलक्ष्य में हास्य-परिहास कार्यक्रम को लेकर बैठक करते आयोजक।

- होली के उपलक्ष्य में हास्य-परिहास की तैयारी पूरी

# नम आंखों के बीच किया दोनों छात्रों के का अंतिम संस्कार

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर के चार युवक एक बाइक पर सवार होकर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से तीन छात्र सड़क हादसे का शिकार हुए हो गए थे। दो छात्रों का अंतिम संस्कार देर शाम किया गया। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। दोनों छात्रों के शवों को एक साथ घर से श्मशान घाट ले जाया गया और अंतिम संस्कार हुआ। श्मशान घाट पर पुलिस तैनात रही।

घटना सोमवार को हुई थी, जब एक बाइक पर सवार होकर 4 छात्र यूपी बोर्ड हाई स्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे। उनकी बाइक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई थी। जिसमे तीनों छात्रों के शव सोमवार की देर शाम उनके घर दढ़ियाल पहुंचने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

### एक साथ विदा हुए दोनों दोस्त

नगर के मोहल्ला पुल चुंगी स्थित कक्षा 10 के छात्र विनय शर्मा और मनु चौहान की दोस्ती का अंतिम सफर भी चर्चा का विषय बन गया। बोर्ड परीक्षा देने जाते समय हादसे का शिकार हुए दोनों छात्र एक ही साथ दुनिया को अलविदा कह गए। दोनों दोस्तों की जोड़ी जोकि पड़ोस से शुरू हुई थी, दोनो छात्र एक ही स्कूल में पढ़ते थे। दोनो का सेंटर भी एक ही स्कूल में गया था। जबकि दोनों छात्र एक साथ बाइक पर सवार हो परीक्षा देने जाते समय हादसे का शिकार हो गए।

**समस्या** — एक साल बाद भी कार्य नहीं हुआ शुरू, दो ग्राम पंचायत और दो मजरे की सड़के हुई ऊबड़-खाबड़

# खोद कलां में ओवरहेड टैंक निर्माण कार्य शुरू होते ही अटका

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत संचालित खौदकलां पेयजल परियोजना से उसके मजरे मिलक खौद, मोतीपुरा और ग्राम पंचायत गांगन नगली को जोड़ा गया है। करीब पांच हजार की आबादी वाली इस संयुक्त परियोजना का कार्य शुरू होते ही अटक गया।

साल भर बाद भी हालत जस की तस है। जिससे ग्रामीणों को शुद्ध जल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत ये है कि मात्र मौके पर हल्की बाउंड्री के बाद सिर्फ सरिये ही खड़े नजर आ रहे हैं। परियोजना का संचालन उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), रामपुर के अधिशासी अभियंता कार्यालय के तहत किया जा रहा है। यहां योजना का सूचना बोर्ड दर्शाता है कि वितरण प्रणाली के लगभग 1246 कनेक्शन होने हैं। योजना की स्वीकृत लागत 537.45 लाख रुपये बताई गई है। ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा पड़ा है। इसके मजरों मिलक व खौद और मोतीपुरा के अलावा गांगन नगली तक मुख्य पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। केवल गांवों के भीतर वितरण पाइपलाइन डाली गई है, जिससे नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई। गांगन नगली गांव में पाइपलाइन बिछाने के बाद गलियों को ठीक नहीं कराया गया है। जगह-जगह खौदाई के कारण रास्ते उखड़े पड़े जिससे ग्रामीणों का आवागमन दुश्वार हो रहा है। शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग ईश्वर ध्यान नहीं दे रहा है। इसको लेकर लोगों में भारी रोष है।


खोद कला में बाउंड्री के भीतर अधूरा पड़ा ओवर हैड टैंक। ● अमृत विचार


घरों में कनेक्शन तो कर दिए गए, लेकिन खौदकलां गांव में वाटर टैंक तैयार नहीं है और वहां से मुख्य पाइप लाइन भी गांव तक नहीं डाली गई है।
– **साबिर हुसैन**, गांव खोद कलां


लगभग चार साल बीत गए, लेकिन उनके गांव में पीने का साफ पानी नहीं पहुंच पाया। गांव के रास्ते और ऊबड़-खाबड़ छोड दिए गए हैं जिससे आवागमन में दिक्कत उठाना पड़ रही है।
– **अयूब अली** गांव खोद कला


जल निगम को चाहिए कि वह ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा कराने, मुख्य पाइपलाइन बिछाने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने का कार्य कराए।
– **डॉ. करन सिंह** गांव खोद कलां


परियोजना से जुड़े चारों गांव की लगभग पांच हजार आबादी के लिए सरकार की यह योजना अभी परवान नहीं चढ़ सकी है। अनेक बार जल निगम को लिखा गया है लेकिन योजना अधूरी है। इसके लिए वह फिर से जल निगम को पत्र लिखेंगे।
**हामिद अली अंसारी** ग्राम प्रधान खौदकलां

# आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें, होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को पुलिस लाइन में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों से आए धर्मगुरुओं और सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट बिल्कुल भी ना डालें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

उन्होंने होली, रमजान और ईद को लेकर आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित जनों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। इसमें सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें तथा तत्काल सूचना स्थानीय पुलिस को दे। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। त्यौहारों के दौरान जुलूस कार्यक्रम निर्धारित मार्ग एवं समयानुसार ही करने निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं निरंतर गश्त सुनिश्चित की जाएगी। डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप करने के लिए निर्देश दिए।


गोष्ठी में बोलते एसपी विद्या सागर मिश्र।

## बिना एनओसी प्लॉटिंग पर चली प्रशासन की जेसीबी

**रामपुर, अमृत विचार:** तहसील शाहबाद के ग्राम नदना में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति किए जा रहे अवैध प्लॉटिंग कार्यों के खिलाफ प्रशासन द्वारा जेसीबी चलवाई गई। ग्राम नदना स्थित गाटा संख्या 140, रकबा 0.3880 हेक्टेयर पर मुबीन पुत्र शफीक अली, राजकुमार पुत्र नत्थू सिंह तथा जब्बार पुत्र इकबाल द्वारा जिला पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना प्लॉटिंग का कार्य कराया जा रहा था। अनियमितता पाए जाने पर राजस्व विभाग एवं संबंधित विभागीय टीम द्वारा मंगलवार को नियमानुसार अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कराया। इसी क्रम में ग्राम नदना स्थित गाटा संख्या 40, रकबा 0.6400 हेक्टेयर पर सौरभ पुत्र सुफल कुमार देव द्वारा भी जिला पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी।

# गन्ना किस्म की पहचान पर विवाद, हाईवे किया जाम

## जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग, दो दिन में फैसला न होने पर बड़े आंदोलन की किसानों ने दी चेतावनी

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** गन्ना किस्म की पहचान को लेकर किसानों और मिल प्रबंधन के बीच चल रहा विवाद मंगलवार को खुलकर सामने आ गया। भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने तहसील के सामने बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

किसानों ने गन्ना विभाग और मिल प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। विवाद गन्ना किस्म 05009 और 05011 की पहचान को लेकर है। आरोप है कि मिल प्रबंधन जानबूझकर 05009 किस्म को 05011 बताकर किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है, जबकि किसान इसे अगैती प्रजाति का गन्ना मानते हैं। इस मामले में गन्ना विभाग अमरोहा द्वारा मुजफ्फरनगर के वैज्ञानिकों से जांच कराई गई थी। हालांकि, किसानों ने जांच रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए इसे सार्वजनिक करने की मांग की है। यूनियन ने 9 फरवरी की बैठक में ही प्रशासन को सड़क जाम करने की चेतावनी दी थी। किसानों का



स्टेट हाईवे जाम करते किसान। ● अमृत विचार



किसानों को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह। ● अमृत विचार

आरोप है कि प्रदर्शन स्थल पर विभाग का कोई सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे उनका आक्रोश और बढ़ गया। उनका कहना है कि जब तक उच्च अधिकारी मौके पर आकर जांच रिपोर्ट की सच्चाई स्पष्ट नहीं करते, आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण गजरौला-चांदपुर मार्ग पर भारी भीड़ रही, जिससे जाम के कारण राहगीरों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना मिलते ही बछरायूं थाना अध्यक्ष कुलदीप तोमर और धनौरा थाना प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में तहसीलदार मूसाराम

**● भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

थारु ने भी पहुंचकर किसानों को समझाने का प्रयास किया। किसानों को सड़क से हटाकर वार्ता के लिए ब्लॉक परिसर में बुलाया गया, जहां प्रशासन और यूनियन नेताओं के बीच बातचीत हुई। धरना स्थल पर गन्ना विभाग के प्रतिनिधि ने गन्ना अधिकारी से किसानों की फोन पर बात कराई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने के लिए दो दिन का समय दिया और चेतावनी दी कि समय सीमा में रिपोर्ट सार्वजनिक न होने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में डूंगर सिंह, जसपाल सिंह, कामिल, जगदीश यादव, फतेह सिंह, रामवीर सिंह, नरेश चौधरी, जुल्फीकार मलिक और सचिन कौशिक सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाकियू शंकर ने जनहित मुद्दों पर किया घेराव

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर ने एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सोपा ज्ञापन के बाद मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि गांव डोमखेड़ा में निर्माणाधीन बिजली घर का रास्ता नक्शे में दस मीटर है, लेकिन मौके पर बेहद संकरा है। तहसील प्रशासन बार–बार मांग के बाद भी इसका चौड़ीकरण नहीं कर सका है। संगठन ने विस्तार करते हुए ज्योति चौहान को महिला मोर्चा का तहसील अध्यक्ष मनोनीत कर शपथ दिलाई। अंत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नायक तहसीलदार मनोज कुमार को सोपा, ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि आवारा कुत्तों व गोवंश के आतंक, चकबंदी भ्रष्टाचार, भू–माफियाओं से कब्जा मुक्त कराने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने और गन्ना चीनी मिल के विस्तारीकरण जैसी माँगें शामिल रहीं।बैठक की अध्यक्षता राकेश चौहान ने की तथा संचालन वीर सिंह के द्वारा किया गया।इस दौरान धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, नेमपाल सिंह, नेतराम सैनी, प्रधान लोकेश चौहान, जगत सिंह सैनी, नरेश खारी, विक्रम पवार, मोजीरामपाल, सुखबीर भगत, मोनू चौधरी, मदन सैनी, मा. जगत सिंह, मुकुट लाल सैनी, राजपाल सैनी, मौ. अहसान, प्रधान हरि सैनी, सत्य प्रकाश, इफ्तार, उवेश, ओमपाल, गोविंदा, अमर सिंह, हरपाल सिंह, भारत राम, विनोद, रामस्वरूप, वीर सिंह सैनी, शिवनाथ सिंह, चंद्रपाल, कौशल सैनी, मौ. अख्तब, बबीता रानी, ज्योति चौहान, बीना शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दो बच्चों की मां ने मंदिर में की युवक से शादी, हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार:** शहर के एक मोहल्ले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां दो बच्चों की मां ने अपने प्रेमी युवक के साथ मंदिर में शादी कर ली। शुरू हुई दोस्ती प्यार में बदली और आखिरकार दोनों ने समाज और परिवार की परवाह किए बिना साथ जीने-मरने की कसमें खाई। जनपद सम्भल निवासी युवती पायल की शादी 8 साल पहले रामपुर निवासी बिनेश के साथ रीति रिवाज के साथ हुई थी। दोनों पर दो बच्चे हैं। इस दौरान तीन साल पहले किसी बात को लेकर पायल व उसके पति बिनेश में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद पायल शहर के मोहल्ला धुनपुरी में अपनी रिस्तेदारी में आकर रहने लगी। जिसके बाद धुनपुरी निवासी अभिषेक से उसकी मुलाकात हुई और वह प्यार में बदल गई। सोमवार की रात दोनों ने चाकेश्वर मंदिर में शादी कर ली। सूचना मिलने पर पायल का पहला पति पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचा और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस युवक व पायल को थाने ले आई। मंगलवार को भी थाने में इस मामले को लेकर पंचायत हुई। लेकिन महिला प्रेमी युवक से शादी करने की जिद पर अड़ रही। जब महिला अपने फैसले पर कायम रही।

### किस्तें न जमा होने पर सुपुर्दगी में लेकर बेचा कंटेनर, एफआइआर

**अमरोहा,अमृत विचार:** दस टायरा कंटेनर किस्तें न चुकाने पर सुपुर्दगी में ले लिया गया। फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक और कैशियर पर बिना ट्रांसफर कराए उसे बेचने का आरोप लगा है। कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव रायपुर खुद निवासी अमजद ने कोर्ट के माध्यम से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने मुरादाबाद स्थित एक फाइनेंस कंपनी के जरिए दस टायरा कंटेनर खरीदा था। किसी कारणवश वह मासिक किस्त जमा नहीं कर सका। आरोप है कि फरवरी 2025 में कंपनी के कैशियर ने कंटेनर अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित के मुताबिक जब उसने किस्त जमा कर कंटेनर वापस लेने के लिए संपर्क किया तो शाखा प्रबंधक राजीव और कैशियर योगेश ने मार्च क्लोजिंग का हवाला देते हुए सुपुर्दगी देने से इनकार कर दिया और अप्रैल में नई एंट्री करने की बात कही। इसी बीच अमजद ने डिंगरपुर हाईवे पर देखा कि संभल जनपद के असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी इनामुल उक्त कंटेनर लेकर जा रहा है। पूछताछ करने पर उसने कंटेनर फाइनेंस कंपनी से खरीदने की बात कही।

## बैठक में हुई विकास कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने सोमवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया तथा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में चल रही विकास योजनाओं, कानून-व्यवस्था और विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से जुड़े कार्यों में तत्परता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। कहा कि विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता सरकार की प्राथमिकता है और योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। मंत्री ने अंतर-विभागीय समन्वय पर जोर देते हुए



बैठक में समीक्षा करते। ● अमृत विचार

**● जन समस्याओं के तुरंत निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए**

निर्माण कार्यों में प्रभावशीलता लाने और लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित समीक्षा कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में ललित तंवर, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, महेंद्र सिंह खड़गवंशी, उदयगिरी गोस्वामी, निधि गुप्ता वत्स, अमित कुमार आनंद, अश्वनी कुमार मिश्र और गरिमा सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर उत्कृष्ट गौसंरक्षण कार्यों के लिए मंत्री ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र और सीवीओ डॉ. आभा दत्त को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताया गया कि प्रदेश के 75 जनपदों में से निराश्रित गोवंश संरक्षण और गौशाला प्रबंधन में बेहतर कार्य करने वाले पांच जनपदों में अमरोहा भी शामिल है।

### बाबा साहब की जयंती को लेकर हुई बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार:** डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती 2026 के आयोजन को लेकर नगर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। यह बैठक जन्मोत्सव समिति के संस्थापक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मंगली सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जयंती समारोह को सफल, पारदर्शी एवं सर्वसमावेशी रूप से आयोजित करना था। विचार-विमर्श के दौरान यह विषय सामने आया कि हाल ही में नियुक्त की गई दो समितियां वर्तमान परिस्थितियों में विवादित हो गई हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंगली सिंह ने कहा कि वर्तमान में गठित दोनों समितियां अमान्य एवं असंवैधानिक हैं जब तक पुरानी कमेटी भंग नहीं की जाती तब तक नई किसी भी कमेटी का कोई औचित्य नहीं है। संरक्षक मंडल में जयवीर सिंह, महिपाल सिंह गौतम, आदि मौजूद रहे।

## किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग तेज

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने किसानों व कालोनीवासियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग उठाई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए प्रशासन और एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

मंगलवार को संगठन के कार्यकर्ता बैनर तले कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा गया कि बिजनौर जिले में निर्माणाधीन मेरठ-पौड़ी हाईवे पर बैराज के समीप हेमराज कॉलोनी चौराहे पर पिछले करीब नौ माह से अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना चल रहा था। आरोप है कि प्रशासन और एनएचएआई

**● भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

के अधिकारियों ने आश्वासन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया और बाद में पुलिस की सहायता से धरना समाप्त करा दिया। साथ ही आंदोलन से जुड़े किसानों और स्थानीय लोगों पर मुकदमे दर्ज कर दिए गए। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मुकदमे वापस नहीं लिए गए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में आलोक चौहान, सतीश त्यागी, चन्द्र प्रकाश शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, महीपाल सिंह, पुनीत कुमार, ऊषा चौधरी, ओमवीर सिंह एडवोकेट आदि रहे।

### कुत्ते ने बच्चे को नोंचा, सीएचसी में भर्ती

**हसनपुर अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चामुंडा मार्ग पर मंगलवार दोपहर आवारा कुत्तों ने घर के बाहर खेल रहे नर्सरी के छात्र कुनाल पुत्र गौरव यादव पर कुत्ते ने अचानक हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। कुत्ते ने बच्चे की भुजा को जख्मी कर दिया। चीख–पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने छात्र को बमुश्किल बचाया और तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार चल रहा है।

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE

**कॅप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनान्स लिमिटेड**

सीआयएन नं. : U65990MH2006PLC161153

पंजीकृत कार्यालय : ५०२, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापती बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – ४०० ०१३.

वेबसाइट : www.caprihomeloans.com, दूर. सं. : +९१ २२ ४०८८८१००, फैक्स सं. : +९१ २२ ४०८८८१६०

**सूचना**

सूचना दी जा रही है कि, कंपनी निम्न स्थान पर स्थित अपनी शाखाएं बंद कर रही है:

| शाखा का नाम | पता | बंद होने की तिथि | हेतु |
|---|---|---|---|
| मोरादाबाद एचएल | प्रीमाइसेस नं. ए – १६, २ रा तल, गांधी नगर, शहर : मोरादाबाद, जिला – मोरादाबाद, राज्य : उत्तर प्रदेश, पिनकोड – २४४००१. | दि. ३१.०५.२०२६ | इसी शहर में अन्य स्थान पर स्थानांतरण |
| मीरत एचएल | कार्यालय नं. २२, तेज गढी, १ ला तल, त्यागी मार्केट, गढ रोड, शहर – मीरत, जिला – मीरत, राज्य – उत्तर प्रदेश, पिनकोड – २५०००४. | दि. ३१.०५.२०२६ | इसी शहर में अन्य स्थान पर स्थानांतरण |

कॅप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनान्स लिमिटेड
हस्ता/–
(यशेश पंकज भट्ट)
कंपनी सचिव

स्थान : मध्य प्रदेश
तिथि : २४.०२.२०२६

## स्कूली बस के नीचे दबकर मिस्त्री मौत, मचा कोहराम

**गजरौला, अमृत विचार :** स्कूली बस के नीचे दबाकर बस-ट्रक मिस्त्री की मौत हो गई। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मोहल्ला सैफीनगर निवासी अनीस बड़े वाहनों का मिस्त्री था। वह मंगलवार की दोपहर शहर के चौपला स्थित अपनी दुकान पर बस के नीचे लेटकर मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान पास में खड़ा एक खराब डंपर जिसमें एक इलेक्ट्रीशियन काम कर रहा था। सेल्फ लगाने पर डंपर अचानक स्टार्ट हो गया। जिससे डंपर गियर में होने के कारण आगे बढ़ा और स्कूली बस टकरा गया। टक्कर लगते ही बस आगे बढ़ गई। जिससे बस के नीचे काम कर रहे अनीस गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बस में टक्कर लगने के बाद डंपर अनियंत्रित हो गया। उसने पास में खड़े एक फल के ठेले को रौंदकर आगे बिजली के खंभे से टकरा गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। डंपर में काम कर रहा इलेक्ट्रीशियन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अनीस को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए रवाना किया। अनीस ने रास्ते में ही दम तोड दिया। जिससे मृतक अनीस के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कहासुनी में फायरिंग छात्रा समेत छह घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर में फजर की नमाज के बाद मामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। बच्चों के विवाद को लेकर बड़ों में हुई तकरार के बाद एक युवक ने तमंचे से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में कक्षा 5 की छात्रा समेत एक ही परिवार के छह लोग गोली लगने और मारपीट में घायल हो गए।

मंगलवार की सुबह पीड़ित परिवार के सदस्य फजर की नमाज पढ़कर घर लौटे थे, तभी बच्चों की किसी बात को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दूसरे पक्ष के एक युवक ने तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया। गोलीबारी में इकरा हसन पुत्री इब्ने अली, सलमा पत्नी इब्ने अली, समत पुत्र इरशाद, नहींमा पत्नी शमीम, विरासत पुत्री शौकत अली और इब्ने अली पुत्र शौकत अली



विवाद में घायल हुए लोग। ● अमृत विचार

**● नमाज के बाद बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप**

घायल हो गए। विशेष रूप से कक्षा 5 की छात्रा इकरा हसन के सिर में गोली लगी है, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद सभी घायलों को कोतवाली लाया गया, जहां से पुलिस ने उन्हें तुरंत नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल और इलाज के लिए भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा और आरोपियों की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी ने बताया कि बच्चों के विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई थी,वहीं मारपीट के दौरान एक पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिससे कई घायल हो गए। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### संदिग्ध अवस्था में मिला प्रेमी जोड़ा, शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर के एक मोहल्ले में स्थित मकान में संदिग्ध अवस्था में प्रेमी जोड़ा मिलने के बाद मोहल्ले वासियों ने जमकर हंगामा काटा। हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को कोतवाली ले आई। नगर के झकड़ी मार्ग स्थित एक मकान में उस वक्त अफरा-फरी मच गई, जब स्थानीय लोगों ने एक प्रेमी जोड़े को रंगे हाथों पकड़ लिया। मोहल्ले वासियों का आरोप है कि घर में बाहरी युवक-युवतियों के आने-जाने से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस संबंध में पहले भी कई बार चेतावनी दी।

**कार्यालय नगर पंचायत सैफनी, रामपुर**

पत्रांक : 29/नं.सौ./2026 दिनांक : 24.2.2026

**ई–निविदा आमन्त्रण सूचना**

नगर पंचायत सैफनी रामपुर द्वारा निर्माण विभाग में निम्नलिखित नियम व शर्तो के अधीन पंचायत एवं अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से जलनिकासी योजना के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त/अवमुक्त धनराशि से विभिन्न विकास कार्यो हेतु दिनांक 25.02.2026 सुबह 10:00 बजे से दिनांक 06.03.2026 सायं 5:00 बजे तक ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 07.3.2026 अपरान्ह 12:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा अभिलेख एवं शर्ते उत्तर प्रदेश ई–प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in से प्राप्त किये/देखे जा सकते है। विस्तृत सूचना नगर पंचायत कार्यालय के निर्माण विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निवदि दे सकता है। ई–निविदाओं में 2% धरोहर राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सैफनी रामपुर के नाम बन्धक होगी जो RTGS/NEFT/Online Payment के माध्यम से ही नगर पंचायत सैफनी रामपुर के State Bank of India में खाता संख्या–40749501429 जमा कराना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि भी RTGS/NEFT/Online Payment के माध्यम जमा कराना आवश्यक है। बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोर्ड SBIN0018205 है।

| | |
|---|---|
| Tender reference | /न.पं.सै./2026 |
| Publish date and Time for E-Tender | 25.2.2026 10:00 AM |
| Start date of downloading E-Tender | 25.2.2026 10:00 AM |
| Last date and time for submission of E-Tender | 06.3.2026 05:00 PM |
| Date and time of opening E-Tender | 07.3.2026 12:00 AM |
| Place of opening E-Tender | Office NP Saifni, Rampur |
| E-Tender Security | 2% of estimate cost |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender |
| Financial BID opening after Evaluation of Technical Bids | |

(दुर्गेश्वर त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सैफनी, रामपुर

(फैजान खान)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैफनी, रामपुर

## चोरी का खुलासा न होने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** थाना सैदनगली क्षेत्र के नगर पंचायत उझारी में पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। पीड़ित मोहम्मद सैफ के घर से 12 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर एक भैंस और 10 बकरियां 6 बकरे, 4 बकरी चोरी कर ली थीं। घटना के 12 दिन बीत जाने और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस अब तक खुलासा करने में नाकाम रही है। इस चोरी का सबसे दर्दनाक पहलू मंगलवार सुबह सामने आया, जब चोरी गई बकरियों के छोटे बच्चों की भूख और मां की कमी के कारण मौत हो गई। सैफ ने बताया कि वे इन बच्चों को दूध पिलाकर पालने की कोशिश कर



विरोध जताते हुए पीड़ित। ● अमृत विचार

**● 12 दिन पहले उझारी गांव निवासी युवक के यहां हुई थी चोरी**

रहे थे, लेकिन मां के बिना वे बच नहीं सके। इसी बात से आक्रोशित नगर पंचायत के लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ी मुश्किल से मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन उच्चाधिकारियों वह पुलिस अधीक्षक को गुहार लगाने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिला। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस मामले को टाल रही है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। प्रदर्शन करने वालों में जगराम गोस्वामी, विशेष कुमार, शौकीन, बिलाल और डॉ. सुधार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कैंटीन संचालक को गोली मारने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** सोमवार की रात कैंटीन संचालक को गोली मारने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। कैंटीन पर पहुंचे युवकों से किसी बात को लेकर संचालक का विवाद हो गया था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए थे। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

शहर व देहात क्षेत्रों में लगातार क्राइम का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस क्राइम की वारदातों को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र के कुमराला गांव निवासी भूपेंद्र उर्फ भोला की तिगरी मार्ग पर गांव के निकट पक्के पुल पर शराब की दुकान के पास कैंटीन है। वह सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे कैंटीन पर था। बताते है कि कुछ युवक वहां पहुंचे। उनका कैंटीन संचालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि युवकों में शामिल एक ने कैंटीन संचालक की कनपटी के निकट गोली मारी दी थी। जिसमें कैंटीन संचालक घायल हो गया था। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया था।

### 24 घंटे बाद भी नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** कैंटीन संचालक पर हुए जानलेवा हमले के 24 घंटे बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर थाने के चक्कर काट रहा है। पुलिस पीड़ित को घटना की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दे रही है। भीड़ में शामिल हमलाकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था।

**कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत वाजिदपुर तिगरी वि.ख. भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)**

पत्रांक : मीमो/मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025–2026 दिनांक : 24.02.26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत वाजिदपुर गिरी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.24 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्नात में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता/ठेकेदार दिनांक 10.3.26 को 12:30 बजे तक अपनी–अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफ.डी.आर. आदि संलग्न करते हुए अपनी–अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदायें स्वीकृत अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 10.3.26 की अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल. मी. में | सामग्री की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खलील के घर से अमजद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य | 43 मी. | 178288/– | 1000/– | 2 प्रतिशत | 3 माह |
| 2. | छोटे के घर से लड्डन के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य | 76 मी. | 343743/– | 1000/– | 2 प्रतिशत | 3 माह |

ग्राम पंचायत अधिकारी–वाजिदपुर तिगरी
विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 25 फरवरी 2026 संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत मंगलवार को पुलिस टीम नेमहिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। चौपाल के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 और 1930 सहित अन्य सेवाओं के बारे में बताया। एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, स्कूलों में भ्रमण कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### एसपी ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**बबराला, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया गया कि 2 फरवरी की रात उपनिरीक्षक सतीश कुमार, आरक्षी मदन गोपाल व आरक्षी सागर हाईवे पर ड्यूटी कर रहे थे। एक निजी वाहन चालक मार्ग भटक गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और करीब 40 मिनट तक प्रयास कर वाहन को सुरक्षित मार्ग पर पहुंचाया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में तीनों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# अमेरिका से व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन

## भाकियू असली से जुड़े किसानों ने निकाला पैदल मार्च, दिल्ली कूच की दी चेतावनी, मंडी समिति में की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, संभल


पैदल मार्च निकालकर नारेबाजी करते भाकियू असली से जुड़े किसान। ● अमृत विचार


एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू असली के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संभल में भारतीय किसान यूनियन असली अराजनीतिक के बैनर तले मंगलवार को किसानों ने भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। मंडी समिति परिसर में बड़ी संख्या में जुटे किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नई तहसील तक पैदल व बाइक मार्च निकाला। नई तहसील पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

संगठन के आह्वान पर पदाधिकारी व किसान मंगलवार सुबह मंडी समिति परिसर में इकट्ठा हुए। यहां से किसान पैदल व बाइकों पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए नई तहसील के लिए रवाना हुए। चौधरी सराय, हल्लू सराय तिराहा, यशोदा चौराहा, चंदौसी चौराहा व बिजली घर होते हुए किसान नई तहसील पर पहुंचे। किसानों ने नई तहसील पर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसान नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार व्यवस्था में अमेरिका से भारत आने वाले कृषि उत्पादों पर शून्य प्रतिशत आयात शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले उत्पादों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगाया जा रहा है। किसानों ने कहा कि यह असंतुलित व्यवस्था भारतीय किसानों के हितों के विपरीत है। इससे अमेरिकी डेयरी उत्पाद, सोयाबीन, मक्का, दालें और अन्य कृषि वस्तुएं भारतीय बाजार में सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय उत्पादों की मांग घटेगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

प्रदर्शनकारियों ने आशंका जताई कि यदि यह समझौता लागू हुआ तो छोटे और मध्यम वर्ग के किसान सबसे अधिक प्रभावित होंगे। लागत मूल्य बढ़ने और फसलों के उचित दाम न मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले ही किसान महंगी खाद, बीज और डीजल की मार झेल रहे हैं, ऐसे में

- नई तहसील पर प्रदर्शन के बाद सौंपा गया एसडीएम को ज्ञापन

विदेशी उत्पादों की प्रतिस्पर्धा उन्हें और कमजोर कर देगी। संगठन के अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन को किसान हितों की रक्षा की लड़ाई बताया गया। नेताओं ने कहा कि पिछले कई महीनों से इस मुद्दे को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गांव-गांव बैठकों के माध्यम से किसानों को समझौते के संभावित दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है और तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

भाकियू असली की ओर से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रामानुज को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि व्यापार समझौते की शर्तों की पुनः समीक्षा कर किसान हितों के अनुरूप संशोधन किया जाए। संगठन ने घोषणा की कि आंदोलन का अगला चरण गुन्नौर, चंदौसी और बहजोई में आयोजित किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली तक कूच किया जाएगा। टिंकू यादव, मनवीर सिंह, इंद्रपाल सिंह, रामवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मोहम्मद वारिस, नवील चौधरी, अर्जुन सिंह, संजीव गांधी, राहीद, पप्पू यादव, राजपाल सिंह, डॉ. जावेद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## संभल पहुंची भाकियू खालसा की जन जागृति यात्रा

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन खालसा की जन जागृति यात्रा मंगलवार को संभल के गांव सैदपुर जसकोली पहुंची। किसानों व ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ किसान नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर एक सभा का आयोजन कर किसानों को उनके अधिकारों और वर्तमान कृषि नीतियों के प्रति जागरूक किया गया।

यात्रा में शामिल जगजीत सिंह डल्लेवाल, अनिल तालान, इंदरजीत सिंह पन्नीवाला, हर्षदीप सिंह गिल, सोनू औलख, हरसुलिंदर सिंह ढिल्लो, अरुण पटेल, महावीर प्रसाद, संतोष नागर, ब्रजेश चौरे, लवजीत सिंह आदि संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यह जन जागृति यात्रा पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से निकाली जा रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दिलाना, किसानों की कर्ज मुक्ति सुनिश्चित कराना तथा कृषि संबंधी कानूनों में आवश्यक सुधार कराना है। उन्होंने कहा कि जब तक एमएसपी पर कानून नहीं बनेगा, तब तक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल सकेगा।

# बिना डॉक्टर के हो रहे थे अल्ट्रासाउंट, सील

कार्यालय संवाददाता, संभल

- शिकायत मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट ने की छापामार कार्रवाई
- अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश

**अमृत विचार:** नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने मंगलवार को सरकारी अस्पताल के पास यशोदा मार्ग स्थित निदान अल्ट्रासाउंड एंड डिजिटल एक्स-रे सेंटर का औचक निरीक्षण किया। सेंटर पर बिना डॉक्टर के अल्ट्रासाउंड किये जाने का मामला सामने आया। नगर मजिस्ट्रेट ने सेंटर सील कराने के साथ ही नोडल अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि वह निरीक्षण के लिए पहुंचे तो निदान अल्ट्रासाउंड एंड डिजिटल एक्स-रे सेंटर पर 15 लोग मौजूद मिले, जिनमें दो पुरुष और 13 महिलाएं अल्ट्रासाउंड कराने के लिए प्रतीक्षा कर रही थीं। अल्ट्रासाउंड कक्ष में एक महिला मिली, जो प्रशिक्षण ले रही थी। मौके पर रखे लैपटॉप की जांच में वर्ष 2026 के फरवरी फोल्डर में 1 से 24 फरवरी तक किए गए सभी अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट वर्ड फाइल में सेव पाई गईं। कंप्यूटर डाटा के अनुसार 24 फरवरी को निरीक्षण के समय तक 37 लोगों की रिपोर्ट तैयार की जा चुकी थी। सेंटर के मालिक का नाम शाह फैसल निवासी हसनपुर जनपद अमरोहा ने बताया कि डॉ. राजेश कुमार अल्ट्रासाउंड करते हैं, लेकिन वे सुबह करीब 11 बजे किसी कार्य से बुलंदशहर गए हुए हैं। लैपटॉप की जांच में कई रिपोर्ट 11 बजे के बाद की बनी हुई पाई गईं।

जब सेंटर संचालक से पूछा गया कि अधिकृत डॉक्टर की अनुपस्थिति में 11 बजे के बाद किसने अल्ट्रासाउंड किया, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। संबंधित डॉक्टर के आने का काफी देर तक इंतजार किया गया, लेकिन वे मौके पर उपस्थित नहीं हुए। प्रथम दृष्टया अधिकृत चिकित्सक की अनुपस्थिति में अयोग्य व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड किए जाने का संदेह होने पर इसे आमजन के हित में गंभीर मामला मानते हुए नगर मजिस्ट्रेट ने डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी (क्वैक्स) को निर्देशित किया गया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच कर संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें। मामले की गंभीरता को देखते हुए निदान अल्ट्रासाउंड एंड डिजिटल एक्स-रे सेंटर को नगर मजिस्ट्रेट ने वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक तत्काल प्रभाव से सील कर बंद कर दिया गया।

## ठग ने छात्र की मां से 2 हजार रुपये ठगे

**बबराला, अमृत विचार:** कस्बे में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जिसमें रिश्तेदार बनकर फोन करने वाले ठग ने छात्र की मां से 2 हजार रुपये ठग लिए।

कस्बा बबराला निवासी राधेश्याम अलीगढ़ में बीएएमएस की पढ़ाई कर रहा है। उसकी मां शीला देवी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया और कहा कि उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। उसने भरोसा दिलाने के लिए कहा कि वह उनके खाते में 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर रहा है, लेकिन पहले अर्जेंट 2 हजार रुपये उसके खाते में डाल दिए जाएं। शीला देवी ने अपने बेटे राधेश्याम से 2 हजार रुपये संबंधित खाते में ट्रांसफर करवा दिए। रुपये मिलते ही ठग ने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। ठगी का एहसास होने पर छात्र ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई।

# खाद्य टीम ने 225 किलो रसगुल्ले नष्ट कराए

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल के गांव में मिलावटी सफेद रसगुल्ले नष्ट कराती टीम। ● अमृत विचार

- खाद्य विभाग की टीम ने की कारखानों पर छापेमारी

**अमृत विचार:** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री व निर्माण रोकने की मंशा से जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा जनपद में चलाए जा रहे कार्रवाई अभियान के तहत विभाग की टीम ने मोहम्मदपुर मालनी व मंगनपुर गांव में नकली रसगुल्ला बनाने की शिकायतों के बाद तीन रसगुल्ला कारखानों पर छापेमारी कर जांच पड़ताल की। मिलावटी होने के शक में 225 किलोग्राम रसगुल्ले नष्ट करा दिये।

मंगलवार को सहायक आयुक्त खाद्य मानवेन्द्र सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार ने टीम के साथ ग्राम मोहम्मदपुर मालिनी थाना हजरतनगर गढ़ी स्थित आसिम व इलियास जबकि ग्राम मंगनपुर में संचालित शान-ए-आलम की रसगुल्ला निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफेद रसगुल्लों का भंडारण अत्यंत अस्वच्छ एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में पाया गया। गंदगी के माहौल में बने रसगुल्लों से जन स्वास्थ्य को खतरा नजर आ रहा था। इसके बाद ही टीम ने गंदे बर्तनों, खुले स्थान पर रखे तैयार माल और मानक के अनुरूप साफ-सफाई न मिलने पर 225 किलोग्राम सफेद रसगुल्ले मौके पर ही नष्ट करा दिए।

फैक्ट्री के पास ही जमीन में गड्ढा खुदवाकर रसगुल्ले उस में पलटवा दिए गए। सहायक आयुक्त खाद्य मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि गुणवत्ता की जांच के लिए तीन नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि होली के मद्देनजर मावा, खोया, पनीर, मिठाइयां, रंगीन पेय पदार्थ व अन्य खाद्य सामग्री की विशेष रूप से जांच की जा रही है, ताकि मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। विभाग ने मिठाई विक्रेताओं और निर्माण इकाइयों को साफ-सफाई, गुणवत्ता मानकों और लाइसेंस संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सूचना तत्काल अधिकारियों को दें ताकि कार्रवाई की जा सके।

# पूर्व सैनिकों ने उठाईं कई समस्याएं, निस्तारण की मांग


पूर्व सैनिकों को आपदा से बचाव का तरीका समझाते एनडीआरएफ के सदस्य।

**संभल, अमृत विचार:** सैनिक कल्याण से संबंधित बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर संदीप चड्ढा ने पिछले प्रकरणों पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

पूर्व सैनिकों ने समस्याएं रखीं। आर्म्स लाइसेंस, मोबाइल कैंटीन, पट्टे की श्रेणी में बदलाव, अनाज मंडी में दुकान आवंटन तथा भूमि संबंधी मामलों पर चर्चा की गई। पीएम श्री विद्यालयों में गार्ड तैनाती के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श हुआ। सहायक उप निरीक्षक सत्यवान शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम ने भूकंप व प्राकृतिक आपदा से बचाव को लेकर प्रदर्शन किया। एडीएम प्रदीप वर्मा सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, बीएसए अलका शर्मा, सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# संवेदनशील स्थानों की करें निगरानी

कार्यालय संवाददाता, संभल


संभल कोतवाली में पुलिस कर्मियों के आवास देखते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

- एसपी ने किया कोतवाली संभल का निरीक्षण, साइबर सेल कार्यालय का लोकार्पण

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कोतवाली संभल में कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना तथा शस्त्रागार का गहन निरीक्षण किया।

एसपी ने थाने में खड़ी गाड़ियों को डंपिंग यार्ड में व्यवस्थित रूप से खड़ा करने तथा सीसीटीवी कैमरों का संचालन सुचारू रखने के निर्देश दिए। आगंतुकों के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया। महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट रजिस्टर, अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की गहन जांच की गई तथा प्रचलित ऐप्स, विशेषकर यक्ष ऐप, के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान बाजार, सर्राफा बाजार, चौराहों, गलियों और संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखी जाए। बैंक, एटीएम, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप, होटल, ढाबों व अन्य प्रमुख स्थानों पर नियमित चेकिंग और रात्रि गश्त सुनिश्चित की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह, लिंक अधिकारी क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर कोतवाली कार्यालय के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया गया तथा थाना संभल के नवनिर्मित साइबर सेल कार्यालय का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया।

## न्यूज डायरी

### सरायतरीन में महिलाओं ने पुष्प होली संग गाए फाग



**संभल, अमृत विचार :** संभल शहर में होली का पर्व नजदीक आते ही गली-मोहल्लों और मंदिरों में फाग उत्सव की धूम मची हुई है। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में महिलाएं पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दे रही हैं। मंगलवार को सरायतरीन के मोहल्ला पीला खदाना स्थित दक्ष प्रजापति महिला समाज की अध्यक्ष सीमा आर्या के आवास पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने 'सांवरिया होली खेले' सहित कई फाग गीत प्रस्तुत किए, जिन पर उपस्थित महिलाएं जमकर झूमती नजर आईं। इस दौरान होरी गायन के साथ पुष्प होली भी खेली गई। कार्यक्रम में बबली आर्या, आशा आर्या, रेखा आर्या, नीरू, सरिता, मंजू, बविता, प्रेमवती, सीमा, आदेश, मिथलेश, रानी, पूनम, गीता, पिंकी, कमलेश, तनु, जावित्री, लवली, कृष्णा, कंचन सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

### नफरत के बीच उम्मीद बनकर सामने आ रहे लोग: बर्क

**संभल, अमृत विचार :** संभल से सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े प्रकरण को लेकर कहा कि आज जब नफरत की आवाजें तेज हो रही हैं, तब कुछ लोग उम्मीद बनकर सामने आ रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सांसद बर्क ने तीन अलग-अलग घटनाओं का उल्लेख करते हुए केंद्र, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कोटद्वार में मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान मोहम्मद दीपक दीवार बनकर खड़े हुए। लखनऊ विश्वविद्यालय में जिस स्थान पर वर्षों से नमाज अदा की जाती रही, वहां ताला लगाए जाने का मुद्दा उठाया। छात्र बाहर नमाज पढ़ने लगे तो उनकी सुरक्षा में हिंदू छात्र घेरा बनाकर खड़े रहे और साथ में रोजा इफ्तार भी किया। राजस्थान में एक भाजपा नेता द्वारा मुस्लिम महिलाओं को कंबल देने से मना करने पर हिंदू महिलाओं ने भेदभाव के विरोध में कंबल लौटाकर इंसानियत का साथ दिया। सांसद ने कहा कि यही वह भारत है जिसका सपना महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देखा था। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने की बजाय यदि रोजगार, रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य और शिक्षा पर ध्यान दिया जाए तो देश की तस्वीर बदल सकती है।



### ऋण वसूली को पहुंची बैंक व तहसील टीम से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के भमोरी पट्टी गांव में बकाया ऋण की वसूली के लिए पहुंची बैंक और तहसील प्रशासन की टीम के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद संग्रह अमीन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी किसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भमोरी पट्टी गांव निवासी किसान कमस पुत्र नेम सिंह, हाल निवासी रायपुर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की 3,73,771 रुपये की धनराशि बकाया थी। मंगलवार को शाखा प्रबंधक, वसूली अधिकारी, संग्रह अमीन मोहम्मद याकूब तथा अनुसेवक महावीर सिंह बकाया वसूली के लिए कमस के घर पहुंचे। किसान आक्रोशित हो गया और टीम के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने हाथापाई शुरू कर दी और धक्का देकर घर से निकाल दिया। दोबारा वसूली के लिए आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। स्थिति बिगड़ती देख टीम वहां से किसी तरह निकली और मामले की सूचना नायब तहसीलदार अरविंद कुमार को दी। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कराई। इसके बाद संग्रह अमीन महावीर सिंह की तहरीर पर कैला देवी थाना पुलिस ने आरोपी किसान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### पत्रकार पर हमले के विरोध में प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**संभल, अमृत विचार :** रामपुर में 21 फरवरी को संभल के पत्रकार सुनील राघव पर हमले को लेकर पत्रकारों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पत्रकारों ने कहा कि मीडिया कर्मियों पर लगातार बढ़ते हमले लोकतंत्र के लिए चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रामपुर में सुनील राघव पर उनके ही गांव के दबंगों ने हमला किया। इस संबंध में रामपुर में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। मुख्य आरोपी पर पूर्व में भी छह मुकदमे दर्ज हैं और उस पर गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे के आरोप भी हैं। पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपी की हिस्ट्रीशीट खोली जाए और उसके खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित पत्रकार और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन के बाद पत्रकारों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। पत्रकारों से वार्ता के बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले में निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



होलिकोत्सव | पुरोहितों ने बैठक में दी जानकारी, चंद्र ग्रहण को लेकर असमंजस खत्म

# 2 मार्च को होलिका पूजन, 3 को ब्रह्म मुहूर्त में होगा दहन

कार्यालय संवाददाता, संभल


राष्ट्रीय पुरोहित परिषद की बैठक में बोलते पंडित अजय शुक्ल। ● अमृत विचार

- चंद्र ग्रहण के कारण स्वागत-अभिनंदन, जलपान और सामूहिक भोजन वर्जित

**अमृत विचार:** होलिका पूजन और दहन को लेकर असमंजस के बीच गौरी सहाय मंदिर कोट पूर्वी में राष्ट्रीय पुरोहित परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ज्योतिषाचार्यों, पंडितों, पुजारियों और पुरोहितों ने होली पर्व की तिथियों को लेकर विभिन्न पंचांगों का अध्ययन और विचार-विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 मार्च सोमवार को संध्या समय होलिका पूजन तथा 3 मार्च मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में होलिका दहन किया जाएगा।

महामंत्री पंडित शोभित शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष पूर्णिमा तिथि पर चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण श्रद्धालुओं में भ्रम की स्थिति थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2 मार्च को शाम 7:56 बजे से देर रात्रि तक होलिका पूजन का शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं 3 मार्च को प्रातःकाल 5:00 बजे से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में किसी भी समय होलिका दहन करना श्रेष्ठ और शास्त्र सम्मत रहेगा।

उपाध्यक्ष पंडित कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि 3 मार्च को ही रंग उत्सव मनाया जाएगा, लेकिन चंद्र ग्रहण के प्रभाव के कारण उस दिन पारंपरिक रूप से होने वाले स्वागत-अभिनंदन, जलपान और सामूहिक भोजन जैसे कार्यक्रम वर्जित रहेंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि एक-दूसरे के घर जाकर गुजिया, मिष्ठान आदि ग्रहण करने की परंपरा 4 मार्च बुधवार को निभाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रंग-गुलाल खेलना या चौपाई निकालना सामाजिक परंपरा है, इसे धार्मिक अनुष्ठान की श्रेणी में नहीं रखा जाता, इसलिए ग्रहण के दौरान रंग खेलने पर कोई निषेध नहीं है। बैठक में पंडित प्रशांत शर्मा, पंडित जयदेव कौशिक, पंडित उमेश शर्मा, पंडित पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, पंडित विशाल शर्मा, पंडित विनीत शर्मा, पंडित राजू शुक्ला और पंडित अजय कुमार शर्मा सहित अन्य विद्वानों ने अपने विचार रखे और सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया। परिषद ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे निर्धारित मुहूर्त के अनुसार ही पूजन और दहन संपन्न करें। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि रंग एकादशी, जिसे शोक उठनी एकादशी भी कहा जाता है, 27 फरवरी शुक्रवार को मनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष पंडित अजय शुक्ला ने की, जबकि संचालन पंडित सुंदरलाल तिवारी ने किया।

## चार बच्चों की मां ने कहा, प्रेमी के ही साथ रहना है

**बबराला, अमृत विचार :** पुलिस ने प्रेमी के साथ गई चार बच्चों की मां को बरामद कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां उसने साफ कहा कि अब प्रेमी के ही साथ रहना है।

पंवारी निवासी युवक की शादी थाना बनियाठेर के गांव मंझाबली की महिला के साथ हुई थी। दंपति के चार बच्चे हैं। युवक ने कहा कि कुछ दिन पूर्व उसकी पत्नी मायके गई थी, जहां भागवत कथा में रामपुर के थाना शाहबाद के गांव कीमगंज निवासी निरंजन चिमटा बजा रहा था। 10 फ़रवरी की सुबह वह निरंजन के साथ चली गई। पुलिस ने बरामदगी के बाद महिला को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। एसडीएम के समक्ष महिला ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपनी मर्जी से गई है। न्यायालय के निर्देश पर चार बच्चों में से दो छोटे बच्चे मां के साथ चले गए, जबकि बड़े दो बच्चे पिता के पास रह गए।

## ‘प्रहार’ नीति से आतंक पर कसेगा शिकंजा

- आतंकियों के स्लीपर माड्यूल के नेटवर्क की टूटेगी कमर

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी आतंकवाद के गहरे दंश झेल चुका है। कई लोगों की जानें आतंकवादी हमलों में जा चुकी हैं। अब केन्द्र सरकार ने देश की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति प्रहार जारी की है, तो उससे प्रदेश में आतंक पर शिकंजा कसने की उम्मीद जगी है।

प्रहार नीति से एक ओर यहां आतंकवाद पर लगाम तो लग सकेगी, वहीं स्लीपिंग माड्यूल का नेटवर्क भी ध्वस्त हो सकेगा। इसके अलावा साइबर अपराध से लेकर ड्रोन खतरों से निपटने में सहायता मिलेगी। नीति इस तरह बनाई गई है कि आतंकी संगठन इंटरनेट के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क करते ही रडार पर आ जाएंगे, वहीं मिलने वाली फंडिग पर भी काफी हद तक रोक लग सकेगी। आतंकियों के खात्मे के लिए चलाए गए आपरेशनों का नेतृत्व करने वाले पूर्व पुलिस महानिरीक्षक बद्री प्रसाद सिंह का कहना है कि यदि इस नीति को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए तो आतंकवाद के साथ ही साइबर क्राइम पर काफी हद तक रोक लग सकेगी।

## विधायिका की धारणा बदली, छवि सुधरी : सतीश महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट सत्र में सुबह 11 से रात 10 बजे तक चली सदन की कार्यवाही
- 10 दिनों में 75 घंटे से अधिक काम, 6 विधेयक पारित, 958 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त

**अमृत विचार:** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि बीते चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में बड़ा बदलाव आया है और विधानसभा की छवि में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में नकारात्मक सोच बन गई थी, लेकिन अब सदन गंभीर, सार्थक और जनहित से जुड़े विमर्श का केंद्र बन चुका है।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

विधानसभा अध्यक्ष बजट सत्र समाप्त होने के बाद मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सदन में मुद्दों पर विस्तृत बहस होती है और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष, दोनों अपने-अपने पक्ष को मजबूती के साथ रखते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों में विधानसभा 24 से 36 घंटे तक लगातार चली है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के सुदृढ़ होने का संकेत है। इस बार के बजट सत्र में भी सदन की कार्यवाही नियमित रूप से सुबह 11 बजे शुरू होकर कई बार रात 9 से 10 बजे तक चली। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने जनहित के मुद्दों को गंभीरता से उठाया और उन पर सार्थक चर्चा हुई।

साल में 90 दिन विधानसभा न चल पाने से जुड़े सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन का विधायी कार्य और एजेंडा सरकार तय करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती मिलेगी। सतीश महाना ने बताया कि इस बजट सत्र में विनियोग विधेयक सहित कुल छह विधेयक पारित किए गए। इनमें उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक और उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंध (संशोधन) विधेयक शामिल हैं।

महाना ने सदन की कार्यवाही से जुड़े आंकड़े साझा करते हुए बताया कि इस बार विधानसभा में कुल 2427 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से 1956 प्रश्न स्वीकृत किए गए। स्वीकृत प्रश्नों में से 958 प्रश्नों के उत्तर सदस्यों को प्राप्त हो चुके हैं। इस बजट सत्र में विधानसभा 10 दिनों में कुल 75.08 घंटे चली, जबकि इस दौरान 2.23 घंटे का व्यवधान भी दर्ज किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ता कार्यकाल, लंबी बहसें और विधायी कामकाज यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा अब जवाबदेही, गंभीरता और जनहित की दिशा में आगे बढ़ रही है और इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## योगी के वैश्विक अर्थशास्त्र का सिंगापुर कायल

### उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की वैश्विक निवेश मुहिम ने सिंगापुर में दो दिनों के भीतर ठोस और दूरगामी असर दिखाया। दूसरे दिन उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर सुरक्षा व शहरी प्रबंधन पर सहमति बनी तो जेवर एयरपोर्ट पर 4,458 करोड़ रुपये का निवेश और इन्वेस्ट यूपी–एससीई की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण रही। अब बुधवार से जापान यात्रा के साथ यह वैश्विक निवेश अभियान अगले चरण में प्रवेश करेगा।



सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री व गृह मंत्री के. शनमुगम के साथ बैठक कर यूपी में निवेश पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व, मंत्रियों और वैश्विक निवेशकों के साथ बैठकों में नए यूपी की औद्योगिक, सुरक्षा और डिजिटल विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। इन बैठकों का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे, साइबर सुरक्षा और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

उप-प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के प्रो-बिजनेस वातावरण, विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही चालू होने वाले नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया। बैठक में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सिंगापुर की कंपनियों द्वारा औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने, सेमीकंडक्टर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन मॉड्यूल पर विशेष फोकस के साथ निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और नियामकीय सरलीकरण से बड़े प्रोजेक्ट्स की समय-सीमा में उल्लेखनीय कमी आई है।

**सुरक्षा, पुलिसिंग और प्रबंधन**

गृह मंत्री के शनमुगम के साथ संवाद में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में बेहतर होती कानून-व्यवस्था के अगले चरण पर चर्चा की। इसमें तकनीक-एकीकृत पुलिसिंग मॉडल, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल और स्मार्ट सिटी प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और ज्ञान-विनिमय को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठकों के दौरान सिंगापुर के कारोबारी समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर, एविएशन (एमआरओ/कार्गो) जैसे क्षेत्रों में स्वतंत्र वित्तीय कोषों और निजी निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक पारदर्शिता के दौर में निवेशकों को यूपी की हर गतिविधि की जानकारी है, यही कारण है कि निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ा है।

### सिंगापुर में योगी ने निकाला मेगा रोड शो

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन ‘इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो’ में उन्होंने उत्तर प्रदेश के ‘ट्रिपल एस’ (सेफ्टी, स्टेबिलिटी, स्पीड) मॉडल को निवेश की गारंटी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब ‘लैंड ऑफ पोटेंशियल’ नहीं, बल्कि ‘लैंड ऑफ परफॉर्मेंस’ बन चुका है और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ‘सिंगापुर सिटी’ विकसित करने की योजना प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सिंगापुर के निवेशकों को आमंत्रित किया ।कार्यक्रम में ब्लू प्लैनेट, एसी एविएशन, केएलके वेंचर्स समेत कई कंपनियों के साथ वेस्ट मैनेजमेंट, एमआरओ, सोलर और ज्वेलरी सेक्टर में एमओयू का आदान–प्रदान हुआ।

## राहुल की मुहब्बत की दुकान में बिक रही अराजकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस के ‘नंगा नाच’ पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का तीखा प्रहार
- कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में कार्रवाई पर बोले- यह दिल्ली पुलिस बताएगी

**अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में आयोजित एआई ग्लोबल समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं की कथित गतिविधियों को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की तथाकथित ‘मुहब्बत की दुकान’ में अब नफरत, अराजकता और भारत-विरोध की राजनीति हो रही है। उनका आरोप है कि यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मुख्य साजिशकर्ता स्वयं राहुल गांधी थे।



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

मंगलवार को भाजपा राज्य मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पाठक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोप तथा सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियां निंदनीय हैं। उन्होंने इसे राष्ट्रहित के विरुद्ध बताते हुए कड़ी भाषा में आलोचना की। राहुल गांधी के नाम पर तंज कसते हुए पाठक ने कहा कि उनकी राजनीति का उद्देश्य जनता को उकसाना और भ्रम फैलाना है।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जब भारत वैश्विक मंचों पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है, तब एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस नेताओं के व्यवहार से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा संबंधित लोगों का समर्थन करना इस पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े करता है। हालांकि कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह विषय दिल्ली पुलिस के अधिकार क्षेत्र में है और वही उचित जानकारी दे सकेगी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले पर उन्होंने कहा कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और जमानत का विषय न्यायालय में विचाराधीन है।

## न्यूज ब्रीफ

### रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जिला कृषि अधिकारी कार्यालय श्रावस्ती के कनिष्ठ सहायक को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई गोंडा यूनिट की टीम ने सोमवार को की। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसे जेल भेज दिया गया है। एंटी करप्शन के अधिकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि जिला कृषि अधिकारी कार्यालय श्रावस्ती में तैनात कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार वेतन व भत्तों के भुगतान के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत का सत्यापन कराया गया। इसके बाद एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाया। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह की टीम ने विकास भवन परिसर स्थित कैंटीन के पास से आरोपी सुनील कुमार मौर्या को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। सुनील कुमार इकौना के बेचूबाबा मोहल्ला का रहने वाला है। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### 46 राजकीय महाविद्यालयों में बनेंगी स्मार्ट क्लासेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नव–निर्मित 46 राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की स्थापना के लिए 4 करोड़ 9 लाख 86 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। यह धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवमुक्त की गई है। शासनादेश के अनुसार, प्रत्येक नव–निर्मित राजकीय महाविद्यालय में एक–एक स्मार्ट क्लास स्थापित की जाएगी। इसके लिए अनुदान संख्या–73 के अंतर्गत पूंजीगत मद में स्वीकृत धनराशि में से 409 .86 लाख रुपये उच्च शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### राज्य में विश्व स्तरीय बाइक रेसिंग को करार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी में विश्व स्तर की मोटर साइकिल रेसिंग शुरू करने के लिए स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन और एवीडब्ल्यू ग्लोबल के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किए गए। इस दौरान स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह कहा कि हम विश्व स्तर की रेसिंग सुविधा के लिए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का पूरी क्षमता से उपयोग किया जाएगा। एवीडब्ल्यू ग्लोबल के फाउंडर कैरल अब्राहम ने बताया कि भारत दुनिया में मोटर साइकिल का बड़ा बाजार है। इसलिए यहां पर विश्व स्तर की रेस होनी चाहिए।

### बिना लाइसेंस कोल्ड स्टोरेज न चलें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आलू की बंपर पैदावार को देखते हुए योगी सरकार ने किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए कड़ा रुख अपनाया है। शासन ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिना वैध लाइसेंस कोई भी शीतगृह संचालित न होने पाए। वर्ष 2026 के लिए सभी कोल्ड स्टोरेज का लाइसेंस नवीनीकरण अनिवार्य किया गया है। शासनादेश के अनुसार, भवन या मशीनरी में खराबी से आलू खराब होने पर पूर्व आदेशों के तहत क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बंद शीतगृहों को भी अगले सत्र से पहले चालू कराने के निर्देश हैं। किसानों की सुविधा के लिए बुकिंग प्रक्रिया समय से शुरू करने और 85 प्रतिशत क्षमता भरते ही सार्वजनिक सूचना देने को कहा गया है। सभी शीतगृहों पर 2×4 फीट के बोर्ड पर ‘आलू किसान अधिकार पत्र’ और भंडारण शुल्क प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम हेतु 2025–26 में 18 .40 लाख रुपये 21 जिलों को जारी किए गए हैं। गोंडा को 2 .40 लाख और अन्य 20 जिलों को 80–80 हजार रुपये आवंटित किए गए हैं।



वाराणसी में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिलते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

## शंकराचार्य से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को वाराणसी स्थित उनके मठ में जाकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका आशीर्वाद प्राप्त भी प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धर्म जब सत्य के साथ खड़ा होता है, तो विजय निश्चित होती है। महाराज जी के सानिध्य में जनकल्याण और जनसेवा के संकल्प को और मजबूती मिली है। इस मौके पर शंकराचार्य ने बताया कि उन्हें साजिशन फंसाया जा रहा है। उन्होंने एक फोटो भी दिखाया, जिसमें वाराणसी के एक आला पुलिस अधिकारी और मुकदमे के वादी एक साथ केक काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि शंकराचार्य के खिलाफ पाक्सो एक्ट में मुकदमा कायम है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बीते दिन प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शंकराचार्य को निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष और केन्द्रीय ऐजेंसी से मामले की जांच कराने का आग्रह किया था।

## 405 अस्थायी पदों की निरंतरता को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपीएमएससीएल**

- वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए मुख्यालय व 75 जनपदीय वेयरहाउसों के पद बढ़ाए गए
- दवा आपूर्ति, वेयरहाउस संचालन और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने उप्र. मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमएससीएल) के अंतर्गत सृजित 405 अस्थायी पदों की निरंतरता को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंजूरी दे दी है। चिकित्सा विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार इन पदों की अवधि 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बढ़ाई गई है। आदेश राज्यपाल की सहर्ष स्वीकृति के साथ जारी हुआ है।

मुख्यालय स्तर पर 85 अस्थायी पद स्वीकृत हैं, जिनमें प्रबंध निदेशक, अपर प्रबंध निदेशक (प्रशासन), कंपनी सचिव, वित्त नियंत्रक, महाप्रबंधक, विधि अधिकारी, लेखाधिकारी, फार्मासिस्ट, बायो-मेडिकल इंजीनियर, आईटी एक्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। कुछ पद प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान भी है। इसके अलावा 75 जनपदों के वेयरहाउसों के लिए 320 पदों की निरंतरता को स्वीकृति दी गई है। इनमें 20 बड़े और 55 छोटे जनपदों के लिए फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, हैंडलर, चतुर्थ श्रेणी, सुरक्षा व सफाई कर्मियों के पद शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन पदों पर होने वाला व्यय निगम अपने संसाधनों से वहन करेगा और राज्य बजट पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। यह निर्णय प्रदेश में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा।

## बिजली कनेक्शनों में मनमानी पर सात इंजीनियर किए गए निलंबित

### निलंबित इंजीनियरों को बरेली के मुख्य अभियंता के यहां किया संबद्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बिजली कनेक्शनों में मनमानी करके निरस्त करने के मामले में बड़ी कार्रवाई कर दी गई। लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन (लेसा) के अमौसी जोन के सात इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही उन्हें बरेली के मुख्य अभियंता आफिस से अटैच किया गया है। आरोप है कि इंजीनियरों ने कोई बगैर वैध कारण के एक हजार के अधिक नए बिजली कनेक्शनों को निरस्त कर दिया।

**यह हुए निलंबित**

निलंबित किए गए इंजीनियरों में अधिशासी अभियंता (कलेक्शन) नीरज कुमार, सहायक अभियंता अनुभव कुमार सिंह, अमित कुमार और प्रशांत कुमार गिरि के साथ जूनियर इंजीनियर दीपक पांडेय, रविन्द्र सिंह और दिनेश कुमार शामिल हैं।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने यह कार्रवाई की है। शिकायत मिली थी कि इंजीनियरों ने एक दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच एक हजार से अधिक नए कनेक्शनों के आवेदनों को बिना किसी उचित कारण के निरस्त कर दिया। आरोपों की जांच निदेशक (वाणिज्य) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। समिति की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि झटपट पोर्टल पर प्राप्त नए बिजली कनेक्शन के आवेदनों को बिना ठोस कारण के ही निरस्त कर दिया, जो कि नियमों के खिलाफ है।

## प्रवासी भारतीय अनुभाग के 9 अस्थायी पदों की अवधि एक साल बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने प्रवासी भारतीय (एनआरआई) अनुभाग के संचालन के लिए सृजित नौ अस्थायी पदों की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ा दी है। राज्यपाल ने इन पदों की निरंतरता को 1 मार्च 2026 से 28 फरवरी 2027 तक बनाए रखने की स्वीकृति प्रदान की है। शासनादेश के अनुसार, एनआरआई अनुभाग के संचालन हेतु वर्ष 2015 में कुल नौ अस्थायी पद सृजित किए गए थे। इनमें एक अनुभाग अधिकारी, तीन समीक्षा अधिकारी, एक समीक्षा अधिकारी (लेखा), दो सहायक समीक्षा अधिकारी, एक कंप्यूटर सहायक और एक अनुसेवक का पद शामिल है। इससे पहले इन पदों को 1 मार्च 2025 से 28 फरवरी 2026 तक के लिए विस्तार दिया गया था।

## बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रस्ताव पारित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन को मिला भाकियू का समर्थन
- निजीकरण के प्रयासों का पूरब से पश्चिम तक विरोध तेज

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के प्रयासों के खिलाफ विरोध तेज होता जा रहा है। पूरब से पश्चिम तक कर्मचारी संगठन और किसान संगठन एकजुट होकर इसका विरोध कर रहे हैं। प्रांतीय विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का दावा है कि वर्तमान में औसत बिजली लागत 8.18 रुपये प्रति यूनिट है, जबकि निजीकरण के बाद निजी कंपनियों को न्यूनतम 16 प्रतिशत मुनाफे की गारंटी दी जाएगी। इससे बिजली दरें बढ़कर कम से कम 10 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं।

अलीगढ़ में मंगलवार को प्रांतीय विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति और भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट का संयुक्त सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में संघर्ष समिति के संयोजक एवं ऑल इंडिया पावर इंजीनियरिंग फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-2025 को भी वापस लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान 10 हॉर्स पावर का पंप प्रतिदिन 10 घंटे चलाता है, तो उसे लगभग 2250 यूनिट मासिक खपत पर करीब 22,500 रुपये चुकाने पड़ सकते हैं। इससे किसानों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि निजीकरण के विरोध में किसान पूरी मजबूती से बिजली कर्मियों के साथ खड़े हैं। सम्मेलन में स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में भी प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के पूर्व अध्यक्ष वीपी सिंह को भाकियू (भानु) के विद्युत प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊ:** होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, पर्व अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि दिल्ली और गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसे देखते हुए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी।


**बजट में नए प्रावधान** | ओबीसी और दिव्यांगजन कल्याण को मिलेगी नई ताकत : नरेंद्र कश्यप

## छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और पेंशन में बड़ा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- सामाजिक सुरक्षा पर योगी सरकार का फोकस

**अमृत विचार:** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बजट 2026–27 को सामाजिक न्याय और अंत्योदय की दिशा में ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



जानकारी देते मंत्री नरेंद्र कश्यप।

मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने बताया कि बजट 2026–27 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 3402 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। वहीं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट बढ़ाकर 2140 करोड़ कर दिया गया है।

नरेंद्र कश्यप ने कहा कि छात्रवृत्ति व्यवस्था में किए गए सुधारों के चलते वर्ष 2023–24 से अब तक एक भी पात्र छात्र वंचित नहीं रहा। आय सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये किया गया है, जिससे लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। पूर्वदशम छात्रवृत्ति राशि भी 2250 से बढ़ाकर 3000 कर दी गई है। वर्ष 2026–27 में लगभग 38 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की संभावना है। शादी अनुदान योजना के तहत आय सीमा बढ़ाकर 1 लाख किए जाने से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 210 करोड़ का बजट रखा गया है। ओबीसी छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ का अलग प्रावधान किया गया है।

मंत्री ने बताया कि दिव्यांगजन पेंशन 1000 से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह की जा रही है। सभी 18 मंडलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित होंगे। दिव्यांग छात्राओं के लिए ई-ट्राईसाइकिल योजना और चित्रकूट स्थित दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य सरकार के अधीन लाना भी बड़े कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास और सामाजिक सरोकार का स्पष्ट प्रमाण है।

# अमृत विचार

बुधवार, 25 फरवरी 2026



हम वही हैं जो हम अभी सोचते हैं, जो हम अभी करते हैं।

–सम्राट अशोक

## नव निवेश से आशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे में लगभग 6,650 करोड़ रुपये का निवेश और बीस हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार का आश्वासन मिला है, इन आंकड़ों में अभी और बढोतरी संभव है। सिंगापुर के नेतृत्व, निवेशकों और टेमसेक होल्डिंग जैसे संस्थानों से संवाद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक पूंजी के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और यह उद्देश्य पूरा होता दिखता है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयास बहुत तेज हुए हैं।

2018 और 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। प्रवासी भारतीय सम्मेलनों और रोड शो के जरिए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी अवसंरचना में निवेश आकर्षित हुआ है। नोएडा–ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर हब, झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, चित्रकूट को मिलाकर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और पूर्वांचल–बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं। आधिकारिक दावों के अनुसार, 2023 समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव आए, पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन कई हजार करोड़ का वास्तविक निवेश खासकर एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग में अवश्य आया है, परंतु सचाई है कि निवेश प्रस्ताव और वास्तविक पूंजी प्रवाह में अंतर रहता है। अनुभव यह बताता है कि सभी प्रस्ताव जमीन पर नहीं उतरते। आम तौर पर 30 से 50 प्रतिशत परियोजनाएं ही निर्धारित समय में साकार होती हैं। पिछले दस वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट विस्तार, डेटा सेंटर निवेश और डिफेंस कॉरिडोर और इससे औद्योगिक आधार बाहरी निवेश के चलते ही मजबूत हुआ है। अपराध-नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में सुधार के दावों ने सूबे में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। आगे यदि सिंगापुर जैसे निवेशक दीर्घकालिक पूंजी लगाते हैं, तो मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू-एडिशन, निर्यात और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सिंगापुर की ताकत शहरी नियोजन, वित्तीय सेवाओं, पत्तन-अवसंरचना, स्मार्ट सिटी और ग्रीन एनर्जी में है। यदि आवास, मेट्रो, इंडस्ट्रियल पार्क, फिनटेक और सौर-ऊर्जा परियोजनाओं में बेहतर निवेश आया, तो प्रदेश की उत्पादकता और शहरी जीवन-गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। उदाहरण के लिए वेयरहाउसिंग और कोल्ड-चेन में पूंजी आने से कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को बेहतर मूल्य मिल सकता है, तो फिनटेक और एसएमई फंडिंग से सूक्ष्म उद्यमों को गति मिल सकती है। बाहरी निवेश निस्संदेह उद्योगों में वृद्धि करेगा बशर्ते स्थानीय एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखला में विधिवत जोड़ा जाए। बाहरी पूंजी केवल बड़े शहरों तक सीमित रही तो क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है, इसलिए नीति का फोकस क्लस्टर-आधारित विकास, स्किल अपग्रेडेशन और स्थानीय उद्यमिता पर होना चाहिए। अवसंरचना, आवास, वित्तीय सेवाओं और ग्रीन एनर्जी के अलावा हेल्थटेक, एजुकेशन टेक, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य-प्रसंस्करण और रक्षा विनिर्माण जैसे कुछ क्षेत्र भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। सिंगापुर की विशेषज्ञता से शहरी प्रशासन और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' में सुधार आएगा।

## कट्टरपंथ के खिलाफ नए गठजोड़ से उम्मीदें





दिग्विजय सिंह
कानपुर

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब इजराइल कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। यह इरादा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जाहिर किया है। उन्होंने इसे हैक्सागन गठबंधन नाम दिया है, हालांकि भारत ने अभी इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति का इजहार नहीं किया है, लेकिन इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इसका खाका बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखे जाने की उम्मीद है। यह गठबंधन मुस्लिम राष्ट्रों का खलीफा बनने की सोच रहे, तुर्किए और पाकिस्तान के लिए भी बड़ा झटका होगा। जिस तरह बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इस गठबंधन का एलान किया गया है, उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसमें जिन देशों को शामिल किया जाना है, उनकी सहमति लेने के बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री ने इसका एलान किया है। यह गठबंधन इस्लामिक कट्टरपंथ के बढ़ते खतरों से निपटेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, तो पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों में सबसे पहला नाम तुर्किए का था। जब भी तुर्किए में प्राकृतिक आपदा आई भारत ही उसकी मदद को सबसे पहले आगे आया। बावजूद इसके इस्लामिक कट्टरता के कारण ही तुर्किए सारा एहसान भूल गया और पाकिस्तान को उसने ड्रोन की बड़ी खेप भेज दी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्किए के विरोधी राष्ट्र साइप्रस और ग्रीस का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सामरिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन भी इन राष्ट्रों के प्रमुखों को दिया।

तुर्किए वैसे तो आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दावे करता है, लेकिन जब आतंकी हमले इजराइल और भारत पर होते हैं, तो उसके सुर बदल जाते हैं। फिर वह आतंक के आका राष्ट्रों के साथ खड़ा नजर आता है। ऐसे में इस गठजोड़ से सबसे बड़ा नुकसान तुर्किए को होगा। हेक्सागन में ग्रीस और साइप्रस का शामिल होना ही तुर्किए के लिए बड़ा झटका है। यह गठजोड़ भूमध्य सागर में तुर्किए की दादागिरी पर लगाम लगाने में अहम भूमिका अदा करेगा। तुर्किए कई वर्षों से इस क्षेत्र के समुद्री इलाके में तेल और गैस के भंडार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। उसकी दादागिरी से ग्रीस और साइप्रस परेशान हैं। ऐसे में इस गठजोड़ में शामिल होकर दोनों ही राष्ट्र उसकी दादागिरी पर लगाम लगाने में कामयाब हो सकते हैं।

लेबनान, ईरान, यमन के आतंकी संगठन हूती से परेशान इजराइल के लिए अब सबसे बड़ा खतरा तुर्किए बनता जा रहा है। सीरिया में तुर्किए और कतर के बढ़े दखल ने इजराइल को परेशान कर दिया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने इस गंभीर खतरे की ओर इशारा किया है। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान भी किया है। भारत के साथ ही इजराइल आतंकवाद से पीड़ित है। यमन के आतंकी संगठन हूती, लेबानन के हिजबुल्ला और फिलिस्तीन के हमास से इजराइल लड़ रहा है। अब तुर्किए और कतर के बढ़ते खतरे से उसके हुक्मरानों के माथे पर बल ला दिया है। ऐसे में इजराइल ने नए गठबंधन की नींव रखने का मन बना लिया है।

रूस के बाद इजराइल ही भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर दोनों देशों के बीच कई बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं इजराइल से जिन हथियारों की खरीद होनी है, उनका उत्पादन भी भारत में ही हो सकता है। साथ ही इजराइल, भारत को इन हथियारों की तकनीक भी देने को तैयार है, जो मजबूत रक्षा, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर ही पीएम मोदी के समक्ष इस नए गठबंधन का प्रारूप प्रस्तुत होना है। प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं कि पूरी दुनिया आतंकवाद को एक ही चश्मे से देखे, ताकि आतंकवाद और उसके समर्थक राष्ट्रों को सबक सिखाया जा सके।

इजरायली प्रधानमंत्री की सोच भी पीएम मोदी की सोच से मेल खाती है। उन्होंने कहा है कि इस गठबंधन का मकसद कट्टरपंथ को खत्म करना है। इजराइल, भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी काम करने को तैयार है। इसके साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी इजराइल का साथ मिलने की उम्मीद है। भारत इस गलियारे के जरिए खाड़ी देशों के रास्ते यूरोप से जुड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इससे माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और उसे पहुंचाने में समय भी कम लगेगा।

भारत लंबे अर्से से इस कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव के कारण इसे धरातल पर उतारने में दिक्कत आ रही है। इसमें ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे, तो भारत से यूरोप तक जाने वाला नया व्यापारिक कारिडोर मिलेगा, जो तुर्किए को बाईपास कर देगा। इससे तुर्किए को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चोट होगी। चीन के वन बेल्ट वन रोड को भी यह कॉरिडोर फेल कर देगा।

तमाम विशेषज्ञ इसे नया नाटो मान रहे हैं। ऐसा नाटो जिसके सदस्य देश बिना अमेरिका के ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। खुद नेतन्याहू कह चुके हैं कि इस गठबंधन से न सिर्फ युद्ध रुकेंगे, बल्कि आने वाला भविष्य सुरक्षित होगा और लोग शांति से रह सकेंगे। भारत भी तो यही चाहता है कि किसी भी समस्या का समाधान दो राष्ट्र आपस में बातचीत के जरिए करें न कि युध के माध्यम से। वैसे तो भारत रक्षा के क्षेत्र में सशक्त है, लेकिन इस गठजोड़ में शामिल होगा तो उसकी सामरिक शक्ति और बढ़ेगी।

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष इसका खाका नेतन्याहू रख सकते हैं।

### आमने सामने



मेरा पुराना ऑफर आज भी कायम है। 100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।


–अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

इस तरह के बयान से स्पष्ट है कि सपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी टिप्पणियां उनकी हताशा को दर्शाती हैं। यदि उन्हें अपने समर्थन पर भरोसा होता तो वे स्वयं सरकार बनाने की बात करते।

–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



## भारत में साइंस एक पब्लिक रेसिपी नहीं है



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

साइंटिफिक नॉलेज में जबरदस्त इजाफे के बावजूद, साइंटिफिक नॉलेज में पॉपुलर कम्युनिकेशन में काफी बढ़त के बावजूद भारत में साइंस के पब्लिक डिस्कोर्स को लेकर कोई उत्साह नहीं है। असल में साइंस और आमजन के बीच कोई ख़ास रिश्ता नहीं है, बल्कि यह रिश्ता सिर्फ कंज्यूमर टेक्नोलॉजी के उपयोग तक सिमट गया है, जैसे कि कुछ इंजीनियरिंग डिवाइसेस और गैजेट्स के इस्तेमाल तक यह सीमित है और लोग इनके विकास के इतिहास को जानने में मामूली सी भी रुचि नहीं रखते।

असल में विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं। वे हरेक वस्तु की उत्पत्ति की गहराई में जाने के इच्छुक हैं ही नहीं, सिवाए उन चंद व्यक्तियों के जो रिसर्च करते हैं। रिसर्चर्स में से भी कुछ ही लोग ऐसे हैं, जो अपने विषय के संपूर्ण विकास और इतिहास से वाकफियत रखते हैं और नयी खोज अर्थात डिस्कवरी कर पाते हैं। दुनिया में डिस्कवरी करने वालों की जीवनियों के पढ़ने से ही मालूम होता है कि एक डिस्कवरर का एव्ल्युशन कैसे होता है। बाकी को साइंस को सिर्फ रिपीट करने वाले होते हैं।

रोजमर्रा के जीवन से ताल्लुक रखने वाली सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक व्यक्तिगत अनुभव होती है और उस पर सार्वजनिक टिप्पणी किसी काम की नहीं होती, क्योंकि हरेक व्यक्ति के अनुभव विशिष्ट और व्यक्तिगत ही होते हैं। जिस व्यक्ति को ब्रह्माण्ड से सम्बंधित खोजों और इनकी वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के इतिहास की मामूली सी भी जानकारी नहीं, अर्थात एक आमजन जो मामूली पढ़ा लिखा है और हिंदी के अखबार में इन्हें पढ़े तो उसे क्या समझ में आएगा। ज्यादातर ऐसे लोगों की ही सोशल मीडिया पर भरमार है।

भारत में वर्नाक्युलर में साइंस की प्रस्तुति के ऐसे सर्वे कभी नहीं हुए, जो अनेक व्यक्ति-क्लस्टर्स से बातचीत पर आधारित हों। बस, एक मैकेनिकल एक्सरसाइज की तरह से हम साइंस को आसान बनाकर परोसते रहे हैं। मान लीजिए आमजन में से खुद को साइंस समझने के लिए इवोल्व नहीं करने वालों का हम एक ग्रुप बनाएं और दूसरा ग्रुप वह बनाएं जिसने खुद को एक हद तक इवोल्व किया है, तब दोनों के फीडबैक में अंतर हो सकता है। हिंदी में साइंस न्यूज़ और फीचर्स के प्रति भारत में पाठक संख्या नहीं बढ़ रही है, ऐसा मेरा अनुमान है। बस एक रिचुएल के तौर से हम लिखते हैं और इसी तर्ज़ पर कि कोई तो पढ़ता होगा।

भारत ही क्यों साइंस के गढ़ अमेरिका में भी कमोबेश यही स्थिति है। उधर के मीडिया रिसर्चर्स ने अब आमजन में विज्ञान के प्रति लगाव और पढ़ने की उनकी रुचि के बारे में सर्वे करने बंद कर दिए हैं। सिर्फ मार्केटिंग सर्वे होते हैं, जोकि एक प्रोडक्ट की बिक्री के ट्रेंड को देखने के लिए होते हैं। साइंस न्यूज़ और फीचर भी के प्रोडक्ट हैं, लेकिन इन्हें ऐसा प्रोडक्ट नहीं माना जाता, जिसका लोग रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल कर लें। जानकारी ही प्रोडक्ट है, ऐसा 98 प्रतिशत लोग नहीं मानते और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने में रुचि लेना समय का सदुपयोग भी नहीं मानते। इनका कहना कि ऐसा करके भी 'क्या मिलेगा'? यह बड़ी विचलित करने वाली सोच है।

दुनिया में साइंस कम्युनिकेशन और विज्ञान के दर्शन अर्थात पब्लिक फेस ऑफ़ साइंस पर अनेक मनीषियों ने किताबें और लेख लिखे हैं, लेकिन लगता है वे सिर्फ 'अपना काम' कर रहे हैं और इस काम से आमजन का भी कोई वास्ता नहीं। भारत के अनेक साइंटिस्ट्स ने आमजन और पब्लिक-इंटरफेस पर बहुत कुछ लिखा है और इंडियन साइंस कांग्रेस में कभी-कभी इस पर चर्चा भी हुई है। इंडियन साइंस कांग्रेस की प्रोसीडिंग्स में से अगर सिर्फ प्रेसिडेंशियल भाषणों को ही पढ़ा जाए, तब भी बहुत कुछ इस बारे में समझा जा सकता है। रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ब्रिटेन एवं ब्रिटिश एसोसिएशन की वेबसाइट ऐसे लेखों से भरी हुई है, जिन्हें पढ़ कर साइंस के प्रति पब्लिक एटीट्यूड टुवर्ड साइंस को जाना जा सकता है।

साइंस के नॉलेज सिस्टम से वाकफियत करने के लिए हेनरी एवेलिन ब्लिस की सन् 1929 में प्रकाशित पुस्तक 'द आर्गेनाइजेशन ऑफ़ नॉलेज एंड द सिस्टम ऑफ़ द साइंसेज' से शुरुआत करनी चाहिए। तत्पश्चात जेबीएस हाल्डेन को पढ़ना चाहिए। बीच-बीच में भारतीय दर्शन ग्रंथों और इन पर लिखी गई टीकाओं को पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। चूंकि ये सब मूल रूप से संस्कृत भाषा में हैं, इसलिए इनके या तो हिंदी वर्जन, व्याख्या समेत पढ़नी चाहिए या अंग्रेजी भाषा में इनके बारे में लिखी गई वे किताबें पढ़नी चाहिए, जिन्हें अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने भारत के हिंदू और मुसलमान पंडितों के योगदान से समझ कर अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं।

### प्रसंगवश

## हिंदी को तकनीक की भाषा बनाने की जरूरत

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहां संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं।



अंबिका अंबी
लेखिका

भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आंका जाता है।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है।

देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## गुलजार करोल बाग में

करोल बाग 1950 के दशक का। एक दुबला-पतला और चश्मा पहनने वाला सिख नौजवान शाम के समय अजमल खान रोड के साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के नामवर लेखकों के साथ आकर बैठता। उनकी सुनता और कभी-कभार किसी मसले पर सार्थक हस्तक्षेप भी करता। उसे साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के लेखक हरनाम सिंह से मिलना होता था। हरनाम सिंह का करोल बाग में पेरिस साड़ीज नाम से एक शो रूम था। वह युवक कभी-कभी हरनाम सिंह के घर भी पहुंच जाता। वह 1950 का दशक समाप्त होने से पहले ही मुंबई चला गया। उसका नाम था संपूर्ण सिंह कालरा। मुंबई जाकर वह सिर्फ गुलजार हो गया। वहां गुलजार ने शायर, गीतकार और फिल्मकार के रूप में श्रेष्ठ और भरपूर काम किया।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गुलजार करोल बाग में एक कार गैरेज में नौकरी करते थे। वहां दिन-भर काम करना पड़ता। उन्हें लिखना-पढ़ना पसंद था। पर पेट की आग को बुझाने के लिए कुछ काम करते रहना भी जरूरी थी। परिवार की माली हालत इस तरह की थी कि कुछ कमाए बिना जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती थी। पंजाबी के वरिष्ठ कवि और खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह अब राजधानी में उन गिने-चुने लोगों में हैं, जिन्हें याद है जब गुलजार करोल बाग के नाईवाला में रहते थे। एक्टर और अभिनेता सतीश कौशिक भी नाईवाला से थे।

खैर, उस दौर में करोल बाग, हरध्यान सिंह करोड और आर्य समाज रोड में बंटवारे के बाद आए शरणार्थियों के सैकड़ों परिवार रहा करते थे। उनमें से कुछ कवि, चित्रकार, चिंतक भी थे। वे सब साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के सिद्ध कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह की टेबल के आसपास बैठकर तमाम विषयों पर चर्चा करते थे। सब विषय उनके थे। वहां महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह वगैरह भी होते।

साउथ इंडियन रेस्तरां के मालिक सीएस अय्यर की तरफ से लेखकों को छूट रहती कि वे जितनी देर तक चाहें बैठ के गप-शप कर लें। पंजाबी लेखकों की टेबल से कुछ दूर हिंदी के लेखकों की भी अखंड चर्चा चल रही होती। इसमें डॉ. नरेंद्र मोहन, भीष्म साहनी, प्रताप सहगल वगैरह होते। इसमें कभी-कभी निर्मल वर्मा भी शामिल हो जाते। ये सब करोल बाग, पटेल नगर और न्यू राजेंद्र नगर में रहा करते थे। हरनाम सिंह के प्रभाव के चलते गुलजार कविताएं कहने लगे थे। उनके पास शब्दों का भंडार था। उन्हें पंजाबी के साथ-साथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान था।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## दोहरे पोषण संकट से गुजर रही है देश की आबादी

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई हैं।

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएं प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत, जैसे- 'उच्च शर्करा', 'उच्च नमक' या 'उच्च वसा' उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है, किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाज़ार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाज़ार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



भजन क्लबिंग या भजन जामिंग मेट्रो सिटी और सोसाइटी कल्चर से शुरू हुआ एक ऐसा नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ट्रेंड है, जो अब छोटे शहरों का रुख कर रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों से निकली 'स्पिरिचुअल पार्टी' की इस विधा में पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हाईटेक लाइट्स और क्लब के माहौल के साथ मिलाकर किसी नई दुनिया जैसा संसार सजाया जाता है। यह फ्यूजन जेन-जी युवाओं के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे आयोजनों में किसी नाइट क्लब या रॉक कॉन्सर्ट जैसे माहौल में भजनों, भक्ति गीतों और मंत्रों पर नशा-मुक्त वातावरण में लोग अपनी ही मस्ती में झूमते और नाचते हैं। इस तरह भजन क्लबिंग का आयोजन भक्ति संगीत, ध्यान और सामूहिक ऊर्जा का एक ऐसा अनोखा मेल जाता है, जिसमें लोगों को सकारात्मकता के साथ शांतिपूर्ण आत्मिक अनुभव मिलता है।

***–मनोज त्रिपाठी, कानपुर***

# भजन क्लबिंग

## परंपरा और संस्कृति का नया मिश्रण

### आधुनिक तकनीक के साथ संगीत व प्रस्तुति का नया अंदाज

आध्यामिकता और आधुनिकता का संगम किस तरह मौजूदा माहौल में खासकर युवाओं के बीच अपनी जगह बना सकता है, इसे भजन क्लबिंग या जामिंग ने साबित कर दिखाया है। बड़े शहरों के रूफटॉप कैफे, लाउंज, हॉल, रिजॉर्ट या आर्ट स्टूडियो जैसे स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को किसी एक दिन, स्थान या व्यक्ति द्वारा शुरू नहीं किया गया, बल्कि यह भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रमों के लगातार बदलते स्वरूप को नया विजन मिलने जैसा है। आप इसे पारंपरिक कीर्तन का आधुनिक स्वरूप मान सकते हैं, जिसने पहले कीर्तन और देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, थीम आधारित सजावट और लोक संस्कृति के साथ रचनात्मकता का नया रंग भरा, फिर युवाओं की कल्पना पाकर संगीत और प्रस्तुति का नया अंदाज भर दिया। यही वजह है कि आज जेन-जी भजन क्लबिंग को न सिर्फ धर्म और आध्यात्मिकता से सराबोर समाज और संस्कृति को जोड़ने वाले आयोजन मानता है, बल्कि यह भी कहता है कि ऐसे आयोजन पीढ़ियों का अंतर मिटाने के साथ माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों को भी मजबूत बना रहे हैं। इस प्रकार यह भक्ति को एक नए और ऊर्जावान अंदाज में अनुभव करने वाले युवाओं के लिए नया सांस्कृतिक ट्रेंड है, जो पार्टी के वातावरण को भक्ति और अध्यात्म से जोड़ देता है।

### रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ जेन-जी की कल्पना का इस्तेमाल

वास्तव में भजन क्लबिंग न तो पारंपरिक भजन संध्या है और न इसे नाइट क्लब जैसा समझा जा सकता है, लेकिन यह इन दोनों के बीच का ऐसा संगम जरूर है, जिसने युवाओं के लिए मौज-मस्ती के साथ सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग खोल दिया है। यह ट्रेंड भारतीय युवाओं की धीरे-धीरे बदल रही प्राथमिकताओं का नतीजा है। एक ऐसी पीढ़ी जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व तो करना चाहती है, लेकिन पुरानी मान्यताओं और वर्जनाओं में बंधकर नहीं। ऐसे में भजन क्लबिंग में भजनों को रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ प्रस्तुत किए जाने और लाइव बैंड, डीजे तथा डिस्को लाइट्स के इस्तेमाल से एक ऐसा वातावरण सृजित हो जाता है, जो उन्हें परंपरा और आधुनिकता से जोड़ देता है।

### लेजर लाइट्स और बड़े डांस फ्लोर पर झूमना

भजन क्लबिंग में प्राचीन श्लोकों और भजनों को हाई-एनर्जी बीट्स, इलेक्ट्रिक गिटार, ड्रम और आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ बजाया जाता है। माहौल में लेजर लाइट्स, स्मोक मशीन और बड़े डांस फ्लोर होते हैं। यहां युवा नाचते हैं और झूमते हैं। जमीन पर बैठकर या खड़े होकर आनंद में डूबकर तालियां बजाते हैं और सामूहिक कीर्तन करते हैं। उनकी जुबान पर हरे कृष्णा या शिव स्तुति जैसे बोल होते हैं। पारंपरिक क्लबों के विपरीत, यहां शराब या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन नहीं होता है। लोग गर्व से चाय-कॉफी या छाछ पीते हैं और संगीत की ऊर्जा से खुद को 'हाई' महसूस करते हैं।

### पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप मन को कर देता शांत

जेन–जी को पारंपरिक धार्मिक आयोजन अक्सर काफी सख्त और कभी–कभी बोरिंग कार्यक्रम जैसे लगते हैं, ऐसे में भजन क्लबिंग के जरिए जब धर्म और भक्ति को लाइटिंग, डीजे मिक्स और वाइब्रेंट माहौल के साथ मिलाया जाता है, तो उन्हें बिल्कुल नया अनुभव होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले अधिकतर युवाओं का कहना है कि पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप उनके मन को शांत करता है, जिससे शारीरिक थकान दूर होने के साथ मानसिक स्ट्रेस कम होता है।

### मोदी ने संस्कारों से जुड़ा नया आध्यात्मिक आंदोलन बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (25 जनवरी 2026) कार्यक्रम में इस ट्रेंड को आध्यात्मिकता और आधुनिकता का सुंदर मेल बताते हुए कहा था कि ऐसे आयोजनों में युवा अपनी संस्कृति और परंपरा से नए तरीके से जुड़ रहे हैं। यह ट्रेंड एक आध्यात्मिक आंदोलन जैसा है, जो आज के युवा की भक्ति की भावना को जीवनशैली से जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी भी जताई थी कि इन आयोजनों में भजनों की पवित्रता और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाता। यहां स्टेज भले ही किसी इंटरनेशनल कॉन्सर्ट जैसा हो, लेकिन जो एनर्जी और श्रद्धा होती है, वह पूरी तरह से भारतीय संस्कारों से जुड़ी होती है।

**अनोखी परंपरा**

## धनगांव: जहां समय से पहले दस्तक देते हैं त्योहार




भारत अपनी विविध संस्कृतियों और अनूठी परंपराओं के लिए विश्व भर में विख्यात है। यहां के कण-कण में लोक कथाएं और श्रद्धा का वास है। इसी सांस्कृतिक विविधता के बीच मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित धनगांव अपनी एक ऐसी विशिष्ट पहचान रखता है, जो आधुनिक तर्क को चुनौती देती है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दीपावली, होली, दशहरा और रक्षाबंधन जैसे राष्ट्रीय त्योहार पूरे देश से एक दिन पहले मनाए जाते हैं। जब शेष भारत उत्सव की तैयारियों में व्यस्त होता है, तब धनगांव के आंगन खुशियों और रंगों से सराबोर हो चुके होते हैं।

इस अनोखी परंपरा की जड़ें लगभग सवा सौ वर्ष पुरानी हैं। यह बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, एक सदी पहले जब ग्रामीण कैलेंडर की तय तिथियों पर त्योहार मनाते थे, तो गांव को भीषण कष्ट झेलने पड़ते थे। कभी कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा दस्तक देती, तो कभी त्योहार की पूजा करने वाला मुख्य सदस्य अचानक गंभीर रूप से बीमार होकर काल का ग्रास बन जाता। इन रहस्यमयी और दुखद घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में गहरा भय पैदा कर दिया था।

लोककथाओं के अनुसार, संकट के उस दौर में ग्राम देवता खेरमाई माता ने एक ग्रामीण को स्वप्न में दर्शन दिए। माता ने निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण 'कुकरापाट' नामक स्थान पर स्थित विशाल शिला को देवता मानकर उनकी पूजा शुरू करें और निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व उत्सव मनाएं, तो गांव पर मंडराते संकट टल जाएंगे। ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ इस आदेश का पालन किया और परिणाम स्वरूप अनहोनी का सिलसिला थम गया। आपदाएं शांत हो गईं और लोग स्वस्थ रहने लगे। आज के डिजिटल युग में भी धनगांव के लोग अपने पूर्वजों की इस व्यवस्था को तोड़ने का साहस नहीं करते। बुजुर्गों का मानना है कि जब भी कभी इस नियम में बदलाव की कोशिश की गई, गांव को किसी न किसी बड़ी विपत्ति या मृत्यु का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि 'हरेली' और 'पोला' जैसे कृषि आधारित पर्व हों या दीपावली जैसे बड़े त्योहार, यहां की रस्में एक दिन पहले ही संपन्न हो जाती हैं।


**आर्ट गैलरी**

## पॉल सेजेन की 'ले कैबनन डे जॉर्डन'



ले कैबनन डे जॉर्डन एक लैंडस्केप पेंटिंग है, जिसे फ्रेंच आर्टिस्ट पॉल सेज़ेन ने 1906 में बनाया था। इसे उसी साल उनकी मौत से पहले उनका आखिरी पूरा किया हुआ काम माना जाता है।

पेंटिंग में पेड़ों के बीच एक छोटी सी झोपड़ी है, जिसके पीछे दूर एक पहाड़ी बैकग्राउंड है। सेज़ेन के स्टाइल की खासियत है, बार-बार ब्रशस्ट्रोक और रंगों के प्लेन, जो इस पेंटिंग में साफ दिखते हैं। मोटे, बोल्ड ब्रश स्ट्रोक के इस्तेमाल से टेक्सचर और गहराई आती है, जिससे पेंटिंग में मूवमेंट और जान का एहसास होता है। यह स्टाइल सेज़ेन के उस मकसद को दिखाता है कि वह एक ऐसी इमेज बनाना चाहते थे, जिसमें रंगों के अलग-अलग पैच एक साथ मिलकर एक पूरे रूप में हों। ले कैबनन डे जॉर्डन अपने चमकीले रंगों और खूबसूरत कंपोजिशन के जरिए प्रकृति की सुंदरता को दिखाता है। रंगों की रिचनेस और लेयर्ड टेक्सचर प्रकृति को एक्सप्लोर करते हुए बिताए गर्मियों के दिनों की याद दिलाता है। फैन इस आर्टवर्क को नेचुरल सुंदरता और मॉडर्न आर्ट के मेल के लिए पसंद करते हैं।



### पॉल के बारे में

पॉल सेजेन एक फ्रेंच पेंटर थे, जिनका जन्म 19 जनवरी, 1839 को हुआ था और 22 अक्टूबर, 1906 को उनकी मौत हो गई। वह अपनी पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट स्टाइल की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं, जिसने मॉडर्न आर्ट की नींव रखी। सेजेन ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपने पिता की इच्छा के खिलाफ आर्ट में करियर बनाने का फैसला करने से पहले लॉ की पढ़ाई की। वह 1860 के दशक के आखिर में पेरिस चले गए, जहां उनकी मुलाकात क्लॉड मोनेट और केमिली पिसारो जैसे दूसरे प्रभावशाली कलाकारों से हुई, जिन्होंने उनके आर्टिस्टिक स्टाइल को आकार देने में मदद की।

**लोकायन**

## ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर चरकुला नृत्य

भारत की सांस्कृतिक विविधता का जब भी उल्लेख होता है, उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहां की लोक कलाओं में 'चरकुला' नृत्य एक ऐसा अनूठा रत्न है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि श्रद्धा, संतुलन और साहस का अद्भुत संगम भी है। अपनी विशिष्ट शैली और लोकप्रियता के कारण, अक्सर इसकी तुलना भारत के प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य कथक से की जाती है। यह नृत्य विशेष रूप से ब्रज के ग्रामीण ब्राह्मण समुदायों में प्रचलित है और होली के तीसरे दिन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

चरकुला नृत्य की जड़ें द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गहराई से जुड़ी हैं। इसके पीछे दो प्रमुख पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी, तब ग्वालों और ग्रामीणों ने अपनी विजय और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए यह नृत्य किया था। दूसरी कथा इस प्रकार है: जब राधा का जन्म हुआ, तो उनकी माता सिर पर चरकुला या तेल के दीपक लेकर पूरे गांव को खुशखबरी देने के लिए बाहर दौड़ीं। ये तथ्य इसे एक प्राचीन नृत्य शैली बनाते हैं। यही कारण है कि यह नृत्य आज भी एक मंगलकारी उत्सव के रूप में जीवित है।



चरकुला नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण विशेषता इसका शारीरिक संतुलन है। महिला नर्तकियां अपने सिर पर लकड़ी का एक बहुस्तरीय पिरामिडनुमा ढांचा रखती हैं, जिसमें 6 से 8 स्तर होते हैं। इन स्तरों पर जलते हुए तेल के दीपकों की संख्या 51 से लेकर 108 तक हो सकती है। इन प्रज्वलित दीपकों के समूह को ही 'चरकुला' कहा जाता है, जिससे इस नृत्य का नाम पड़ा। सिर पर अत्यधिक भार और जलते दीपकों के कारण नर्तकी की गति अत्यंत सीमित हो जाती है। वह न तो अपनी गर्दन हिला सकती है और न ही शरीर को झटके से मोड़ सकती है। इन कठिन सीमाओं के बावजूद, एक कुशल नर्तकी संगीत की लय पर बड़े ही सुघड़ ढंग से घूमते हुए और पदचाप करते हुए आगे बढ़ती है। एक समूह में 5 से लेकर 50 नर्तकियां हो सकती हैं और यह प्रदर्शन 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक चल सकता है। नर्तकियां टखनों तक लंबी रंगीन स्कर्ट और पारंपरिक कढ़ाईदार ब्लाउज पहनती हैं, जो प्रदर्शन को अत्यधिक आकर्षक बनाते हैं। नृत्य के दौरान बजने वाला संगीत ब्रज की प्रसिद्ध रसिया धुन पर आधारित होता है। रसिया को भगवान कृष्ण का गीत और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ढोल की थाप और पुरुष गायकों के स्वर इस लोक नृत्य में प्राण फूंक देते हैं।

## कला बाजार और लोककला: संरक्षण, परिवर्तन और संकट


कला बाजार के बढ़ते प्रभाव के बीच जब हम आज की लोककला परंपराओं पर नजर डालते हैं, तो एक साथ हर्ष और विषाद दोनों भाव सामने आते हैं। हर्ष इसलिए कि देश के विभिन्न हिस्सों में आज बड़ी संख्या में लोक कलाकार अपनी कला के माध्यम से सम्मानजनक जीवनयापन कर पा रहे हैं। विषाद इसलिए कि इसी प्रक्रिया में लोककला की कई मूलभूत विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही हैं।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

पिछले दो दशकों में लोककला को लेकर संस्थागत और सरकारी स्तर पर एक स्पष्ट सक्रियता देखी गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कारों और पद्म सम्मानों तक, लोक कलाकारों की उपस्थिति लगातार बढ़ी है। यदि प्रत्येक वर्ष जारी होने वाली पद्म पुरस्कार सूची पर दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि समकालीन शहरी कलाकारों की तुलना में लोक और पारंपरिक कलाकारों की संख्या कहीं अधिक है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि लोककला को अब हाशिए की अभिव्यक्ति नहीं माना जा रहा।

इसके साथ-साथ कला मेलों, क्राफ्ट मेलों और हाटों में लोक कलाकारों की भागीदारी भी बढ़ी है। दिल्ली हाट, सूरजकुंड मेला, शिल्पग्राम, दस्तकार जैसे मंचों ने लोक कलाकारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का अवसर दिया है। इसके अलावा, शहरी मध्यमवर्ग और अभिजात्य समाज में 'एथनिक' और 'हैंडमेड' को लेकर बढ़ती चेतना ने लोककला की मांग को भी बढ़ाया है। घरों, दफ्तरों और होटलों में लोक शैली की कलाकृतियों का प्रयोग अब सांस्कृतिक सजावट का प्रतीक बन चुका है, लेकिन इस सकारात्मक परिदृश्य के समानांतर कुछ गंभीर प्रश्न भी उभरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार के दबाव में लोककला अपनी मूल पहचान खोती जा रही है? लोककला की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्थानीयता थी। स्थानीय कथाएं, स्थानीय संसाधन, स्थानीय रंग और सामुदायिक निर्माण प्रक्रिया। आज इनमें से कई तत्व बदल रहे हैं। कई लोक कलाओं में अब प्राकृतिक रंगों और स्थानीय सामग्रियों के स्थान पर बाजार में उपलब्ध एक्रेलिक रंग, कैनवास और मानकीकृत सतहों का प्रयोग बढ़ गया है। इससे उत्पादन तो तेज़ हुआ है, लेकिन कला और उसके पर्यावरण के बीच का पारंपरिक संबंध कमजोर पड़ा है। इसी तरह, लोककला की सामूहिक प्रकृति, जहां पूरा समुदाय किसी कला परंपरा का वाहक होता था, अब लगभग समाप्त हो चुकी है। आज लोक कलाकार भी एकल निर्माता के रूप में पहचाने जा रहे हैं। यह परिवर्तन पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू यह है कि लोक कलाकार अब 'अनाम' नहीं रहे। वे भी समकालीन कलाकारों की तरह अपनी व्यक्तिगत पहचान, हस्ताक्षर और शैली के साथ सामने आ रहे हैं। यह बदलाव उन्हें आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। कला बाज़ार ने उन्हें दृश्यता दी है, जो पहले संभव नहीं थी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या बाजार की उपस्थिति नहीं, बल्कि उसके एकाधिकार में है। जब लोककला केवल बिक्री-योग्य वस्तु बन जाती है, तब उसकी सांस्कृतिक जटिलता और सामाजिक संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। लोककला तब जीवन का हिस्सा न रहकर 'डेकोरेटिव प्रोडक्ट' में तब्दील हो जाती है।









आज आवश्यकता इस बात की है कि लोककला के संरक्षण और उसके स्वाभाविक विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। क्योंकि बाज़ार लोककला का सहायक तो बन सकता है, लेकिन नियंत्रक नहीं। लोक कलाकारों को केवल उत्पादक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान के वाहक के रूप में देखा जाना चाहिए। तभी लोककला परंपराएं न तो संग्रहालयों में कैद होंगी और न ही बाजार में अपनी आत्मा खोएंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,225.92 | 25,424.65 |
| गिरावट | 1,068.74 | 288.35 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.12 |

सोना 1,63,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 25 फरवरी 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश सौर पार्क में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी क्लीनमैक्स

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने 200 मेगावाट के सौर बिजली पार्क को मंजूरी दे दी है। इसे क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की समूह कंपनी यशस्वा पावर एलएलपी 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना के तहत श्री सत्य साई जिले के परिगी मंडल के बीगनिपल्ले और आसपास के गांवों में 200 मेगावाट एसी/300 मेगावाट पीक डीसी सौर पार्क स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग 44.5 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं करीब 690 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### एलएटी एयरोस्पेस ने शारंग शक्ति का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### गुजरात के टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। टोरेंट ग्रुप संदर्भ-केंद्रित मॉडल के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा।

# एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी टूटा हौसला

**मुंबई, एजेंसी**

एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में फिर भारी बिकवाली हुई जिसके बाद घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने भी निवेशकों के हौसलों को पस्त किया।

दिन के दौरान दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।




- एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने अपने नए टूल क्लाउड कोड के बारे में बताया कि यह पुराने कोबोल प्रोग्रामिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने का काम तेजी से और कम लागत में कर सकता है। इससे भारतीय कंपनियों के पारंपरिक आउटसोर्सिंग और मेंटेनेंस बिजनेस पर बुरा असर पड़ने की आशंका पैदा हुई।
- अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम के शेयरों में सोमवार को 13% की भारी गिरावट आई, जो पिछले 25 वर्षों में उसकी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। चूंकि भारतीय आईटी कंपनियां अपनी कमाई के लिए अमेरिकी क्लाइंट्स पर निर्भर हैं, इसलिए वहां की गिरावट का असर यहां भी दिखा।
- ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ्रीज और सीएलएसए ने टीसीएस, इंफोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए अपने टारगेट प्राइस घटा दिए हैं। उनका मानना है कि एआई के कारण मार्जिन और रेवेन्यू पर दबाव बढ़ सकता है।

### टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की हुई गिरावट

आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेज गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### अमेरिकी टैरिफ पर बढ़ी चिंता

विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था 8% की दर से बढ़ने का अनुमान

- भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### कॉरपोरेट यात्रा से मेकमाईट्रिप की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप की कॉरपोरेट यात्रा खंड की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर को पार कर गई। इस सेवा का लाभ 40 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिला है।

कंपनी ने कहा कि उसके कॉरपोरेट मंच क्वेस्ट2ट्रैवल, मायबिज और हैपे पर कुल बुकिंग एक अरब डॉलर से अधिक हो गई है। मेकमाईट्रिप के पास 500 बड़ी कंपनियों के ग्राहक हैं। इनमें बीएसई 500 की शीर्ष 150 कंपनियां और पूरे देश के 75,000 छोटे और मझोले व्यवसाय शामिल हैं। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ राजेश मागो ने कहा, हमारा कॉरपोरेट यात्रा कारोबार सामान्य उपभोक्ता व्यवसाय की तुलना में नया है, लेकिन केवल पांच वर्षों में यह बहुत तेजी से बढ़ा है।

# भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

- विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है।

पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-इज़राइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है।

कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं।

# एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका के 15% शुल्क से फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ उन अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है, जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

- मूडीज ने कहा- इसमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल

बयान में कहा गया है, अदालत का फैसला भारत और इंडोनेशिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों पर भी सवाल उठाता है। प्रमुख विवरण, जैसे कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की समयसीमा और इंडोनेशिया से शुल्क-मुक्त वस्त्र निर्यात की मात्रा, अभी तय नहीं हुए हैं। भारत ने अपने प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन भेजने की योजना भी टाल दी है।

### फिर पहले के स्तर के करीब जा सकता है अमेरिकी शुल्क अभी जश्न मनाने से बचें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, हमारा मानना है कि ट्रंप शुल्क बढ़ाने के लिए अन्य कानूनी रास्ते खोजेंगे और हमें आश्चर्य नहीं होगा यदि अमेरिकी शुल्क शुक्रवार से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएं। कुछ सरकारें अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों की प्रक्रिया धीमी कर सकती हैं, लेकिन अधिक दंडात्मक शुल्क का डर से उन्हें पूरी तरह पीछे नहीं हटने देगा। कहा गया कि शुल्क के अंतत: 20 फरवरी से पहले लागू दर से नीचे स्थिर होने की सर्वोत्तम स्थिति में भी व्यापार में पर्याप्त अनिश्चितता और लॉजिस्टिक अव्यवस्था बनी रहेगी। कंपनियां पहले से चुकाए गए शुल्क के लिए मुआवजा मांग सकती हैं। यह प्रक्रिया अत्यधिक विवादास्पद और समय लेने वाली साबित हो सकती है। बयान में कहा गया, यदि अमेरिकी आयातक इस फैसले को अस्थायी राहत मानते हैं तो वे शुल्क फिर से बढ़ने से पहले माल भेजने की जल्दबाजी कर सकते हैं। संक्षेप में, व्यवसायों एवं नीति-निर्माताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अभी जश्न मनाने से बचें।



# पश्चिम बंगाल में झारखंड-ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे

## एसआईआर : कलकत्ता हाईकोर्ट के अनुरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्य झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र पर यह फैसला लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में लगभग 80 दिन लगेंगे।

पीठ ने गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया संचालित करने के लिए दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती की अनुमति दी। साथ ही, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से



झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उसने अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को पूरक मतदाता सूचियों में नामित किया, जो आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगी।

वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक है। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का असाधारण निर्देश जारी किया था।

### केरल हाईकोर्ट के राज्य सरकार के कार्यक्रम को रद्द करने के के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सरकार को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें नव केरल नागरिक प्रतिक्रिया कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने वाले आदेश को रद्द कर दिया गया था। इस योजना को जारी रखने का मार्ग प्रशस्त करते हुए सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर गौर करते हुए हाईकोर्ट में पेश हुए याचिकाकर्ताओं सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। राज्य सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया अगर राज्य सरकार जमीनी स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने में सरकारी कर्मचारियों की मदद लेती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। प्रतिवादियों के वकील ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से पहले जनसंपर्क गतिविधियों के लिए अपने कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद ले रही है।

# राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करें राज्य चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गोलमेज सम्मेलन में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- ईवीएम व मतदाता सूची साझा करना सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा

निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगर पालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने ''एकॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज'' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी।

राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें आमतौर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

### कश्मीरी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार पर पद से हटाए गए कुलपति

**लुधियाना।** कश्मीरी विद्यार्थियों के एक समूह से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद मंगलवार को सीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नितिन टंडन को पद से हटा दिया गया। कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी ने यह जानकारी दी।

निजी विश्वविद्यालय ने मामले में आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों ने दावा किया कि सोमवार को उन्होंने रमजान के दौरान विश्वविद्यालय के मेस में सहरी और इफ्तार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि टंडन ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके प्रवेश रद्द करने की धमकी दी।

# महाराष्ट्र: मंत्री के दफ्तर में एसीबी का छापा विपक्ष के सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

**मुंबई, एजेंसी**

- विधानसभा में किया प्रदर्शन, मंत्री जिरवाल के इस्तीफे की मांग की

महाराष्ट्र के खाद्य और औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के छापे के बाद विपक्ष के नेताओं ने बजट सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विधान भवन के अंदर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंत्रालय के अंदर एक कक्ष में एसीबी की कार्रवाई पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'जिरवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए और सरकार पर भ्रष्टाचार को छिपाने बचाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी विधान भवन की सीढ़ियों पर जमा हो गए, जिससे राजनीतिक टकराव और बढ़ गया। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने सुबह से ही आक्रामक रुख अपनाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधायक सत्यजीत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि फाइलें सिर्फ पैसे से चलती हैं, साथ ही मंत्रालय पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि यदि मंत्रालय भवन में ही मंत्री की नाक के नीचे रिश्वत ली जा रही है तो यह दिखाता है कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का हाल क्या है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निचले स्तर के अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह मंत्री के समर्थन के बिना ऐसी हरकतें कर सके। उन्होंने मांग की कि नरहरि जिरवाल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। वहीं सत्तारूढ़ पक्ष ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया। सरकारी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शामिल व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा।

# मोदी ने दबाव में आकर दी अमेरिका से व्यापार समझौते को मंजूरी: राहुल

**भोपाल, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित 'किसान महाचौपाल' को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड (झुक गए) हैं। उनको फंसा दिया गया है। मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है। यह डील नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है। यह सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए। राहुल ने कहा, इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी लाखों एप्स्टीन फाइल हैं। उनमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं। राहुल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी एप्स्टीन फाइल्स में शामिल है और मोदी को धमकाने के लिए ही उनका नाम जारी किया गया था। ऐसा करके अमेरिका ने यह संदेश दिया कि मोदी ने उनकी बात नहीं मानी तो वह फाइलों में से और सबूत निकलेगा।



भोपाल में किसानों को संबोधित करते राहुल गांधी।

- कहा- व्यापार समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल में छिपे राज और अमेरिका में अदाणी पर मुकदमा

कांग्रेस नेता ने कहा कि समझौते पर मोदी के सहमत होने का दूसरा कारण अमेरिका में अदाणी के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा है। हालांकि, अमेरिका में जो यह मामला है, उसका लक्ष्य अदाणी नहीं बल्कि मोदी हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि और अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए हिंदुस्तान को अमेरिका के हाथों बेच दिया है, लेकिन अब नरेंद्र मोदी बच नहीं सकते। उन्हें कोई शक्ति नहीं बचा सकती।

### बम की धमकी वाले ईमेल से पश्चिम बंगाल की अदालतों में दहशत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कोलकाता समेत कई और अदालतों में उस समय दहशत फैल गई जब जजों को गुमनाम ईमेल मिले जिनमें अदालत परिसर के अंदर बम धमाके होने की चेतावनी दी गई थी।

पहली धमकी तब आई जब अदालत की कार्रवाई चल रही थी। जज को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया था कि जल्द ही धमाका होगा। इस संदेश के बाद तुरंत सतर्कता बरती गई। पश्चिम बर्दवान, हुगली के चिनसुराह, कोलकाता के बैंकशॉल कोर्ट और मुर्शिदाबाद जिला अदालत को ऐसे ही धमकी भरे ईमेल मिलने की खबर मिली, जिससे अदालत को खाली कराकर आपातकालीन सुरक्षा उपाय करने पड़े।

पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों के साथ अदालत परिसरों की अच्छी तरह तलाशी ली। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पहली घटना पश्चिम बर्दवान जिला और सत्र अदालत में हुई, जहां मुख्य न्यायाधीश को सुबह करीब 11 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि परिसर में एक बम रखा गया है और दोपहर 1 बजे उसमें धमाका होगा।

# अमेरिका का खुलासा, छह साल पहले चीन ने किया था गुप्त परमाणु परीक्षण

**जेनेवा, एजेंसी**

- **देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का किया आह्वान**


अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया, जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

## अमेरिका सच को करेगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसमें उन्होंने पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों को यूएफओ और परग्रही जीवन से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक वायरल पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद उठाया गया, जिसमें ओबामा ने कहा था कि एलियंस असली हैं। दशकों से एरिया 51 जैसी जगहों और उड़न तश्तरियों की कहानियों ने जनमानस को रोमांचित किया है। सरकार की अत्यधिक गोपनीयता ने इन संदेहों को और पुख्ता किया कि शायद अमेरिका के पास क्रैश हुए स्पेसक्राफ्ट और एलियंस के अवशेष मौजूद हैं। हालांकि, 2024 की पेंटागन रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन तकनीक का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन ट्रंप के इस नए आदेश ने फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या हम वास्तव में एक बड़े खुलासे की दहलीज पर हैं।

## उड़न तश्तरियां



### क्या हैं यूफओ

- यूएफओ का मतलब हवा में उड़ने वाली ऐसी चीज़ से है जिसकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।
- एलियन से संबंध : अक्सर लोग यूएफओ को एलियंस या परग्रही जीवों के अंतरिक्ष यान से जोड़कर देखते हैं, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।
- वैज्ञानिक और सैन्य दृष्टिकोण : अमेरिकी रक्षा विभाग अब इन्हें यूएपी (अनआईडेंटीफाइड अनामोलस फेनोमिना) के नाम से भी बुलाता है। कई बार ये प्राकृतिक घटनाएं, मौसम के गुब्बारे या गुप्त सैन्य विमान भी हो सकते हैं।

### पेंटागन की ताजा रिपोर्ट

- पेंटागन के ऑल-डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।
- हजारों मामले : जून 2024 तक, पेंटागन के पास जांच के लिए कुल 1,600 से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 757 रिपोर्ट तो मई 2023 से जून 2024 के बीच ही मिली थीं।
- कोई एलियन सबूत नहीं : रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जो यह साबित करे कि ये घटनाएं एलियंस या परग्रही तकनीक से जुड़ी हैं।
- साधारण कारण : अधिकतर सुलझाए गए मामलों में यूएफओ असल में गुब्बारे, पक्षी, ड्रोन, सैटेलाइट या साधारण विमान निकले हैं।
- अनसुलझे रहस्य : लगभग 21 घटनाएं ऐसी थीं जिन्हें पेंटागन के विशेषज्ञों ने विसंगतियां माना है, क्योंकि उनकी उड़ान का तरीका भौतिक विज्ञान के सामान्य नियमों से अलग था।

### अनसुलझीं घटनाएं

- **अचानक गति परिवर्तन : ये वस्तुएं एक पल में स्थिर खड़ी रहती हैं और अगले ही पल हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं, बिना किसी इंजन या धुएं के।**
- **अजीब आकार : इनमें सबसे ज्यादा सफेद गोले सिलेंडर और प्रसिद्ध 'टिक-टैक' के आकार की वस्तुएं देखी गई हैं जो मानव मशीनों के समझ से परे थीं**
- **पानी और हवा में समान गति : कुछ वस्तुएं हवा से सीधे समुद्र के भीतर चली गईं बिना अपनी गति कम किए।**
- **कोई स्पष्ट विंग्स नहीं : इन उड़ने वाली वस्तुओं में न तो कोई पंख, न ही कोई इंजन।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीय मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं।

### मॉस्को में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर द्वारा पुलिस वाहन के पास किए गए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई तथा दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में हमलावर भी मारा गया। मॉस्को के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सोमवार देर रात राजधानी के बीचोबीच सव्योलोव्स्की रेलवे स्टेशन के पास हुआ। उसने बताया कि हमलावर यातायात पुलिस के वाहन के निकट गया और धमाका कर दिया, जिससे एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

### गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत को जमानत

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### प. बंगाल में छह कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संबंधित परिसरों में बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे न्यायिक कामकाज बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि अदालत परिसरों की तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फर्जी धमकी वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप

## अमेरिकी सांसदों ने विधेयक में कहा-180 दिन के भीतर ब्याज सहित शुल्क लौटाए सरकार

- **ट्रंप प्रशासन ने वसूले हैं 175 अरब अमेरिकी डॉलर आयात शुल्क**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे।

ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



### फ्रांसीसी अफसरों नहीं मिल पाएंगे यूएस राजदूत

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को बताया था अवैध

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

## अमेरिकी सेना का नौका पर हमला तीन की गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कैरेबियन सागर में एक नौका पर हमला कर तीन लोगों को मार गिराया जिससे नशीले पदार्थों की कथित तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन के संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कई महीने से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप सरकार ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत से समुद्र में छोटी नावों के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों (नार्को-टेररिस्ट) के खिलाफ यह अभियान शुरू किया था।

सोमवार को हुए इस हमले के बाद, ऐसी घटनाओं में अब तक मरने वालों की कुल संख्या कम से कम 151 हो गई है। अब तक इस तरह के 40 से ज़्यादा हमले हो चुके हैं। पिछले हमलों की तरह इस बार भी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने यही कहा कि उन्होंने तस्करी के मार्गों पर मादक द्रव्यों के तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि उस नाव में वाकई नशीले पदार्थ थे, लेकिन उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाला है। अमेरिकी कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि यह जहाज कैरेबियन सागर में तस्करी के जाने-माने रास्तों से गुजर रहा था और नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल था।

## अंडमान में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा गया

**श्री विजयपुरम, एजेंसी**

- **हेलीकॉप्टर में चालक दल सहित सात लोग थे सवार**

उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह समुद्र में उतारना पड़ा, हालांकि उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समुद्र के बीच से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक वरिष्ठ नागर विमानन अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने श्री विजयपुरम से सुबह 8:45 बजे उड़ान भरी थी और साढ़े नौ बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है जिसके कारण पायलट को हेलीकॉप्टर समुद्र में उतारना पड़ा। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

पवन हंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी। सुबह 9:10 बजे मायाबंदर के लिए रवाना हुआ और साढ़े नौ बजे इसे उतरना था, लेकिन रनवे से लगभग 300 मीटर पहले उसे समुद्र में उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज के विमान को नागपुर उतारा गया

**नागपुर।** लंदन से हैदराबाद जा रहे ब्रिटिश एयरवेज के एक विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी का पता चलने पर नागपुर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की इस बोइंग 787 उड़ान ने दोपहर लगभग 12:00 बजे एक छोटी तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद पायलटों ने निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश चार की मौत

**तेहरान।** ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को मध्य ईरान के एक बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किमी दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

## नेपाल में मतगणना के 24 घटे के भीतर आएंगे नतीजे

**काठमांडू, एजेंसी**

- **पड़ोसी देश में आगामी पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव**

नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालयी देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्येक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं।

## माओवादी देवूजी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी ने मंगलवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह माओवादी संगठन का महत्वपूर्ण रणनीतिकार था। देवूजी प्रतिबंधित संगठन की महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य था।

उसने केंद्रीय समिति के सदस्य मल्ला राजी रेड्डी के साथ तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। देवूजी और राजी रेड्डी के अलावा, दो अन्य माओवादियों बड़े चोक्का राव और नून नरसिम्हा रेड्डी ने भी हथियार डाल दिए। देवूजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति का सचिव चुना जाना था।

## तहव्वुर की रद्द हो सकती है कनाडा की नागरिकता

**टोरंटो, एजेंसी**

- **पीएम कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा ने तेज की प्रक्रिया**

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसायी तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। 'ग्लोबल न्यूज' को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।

**सिंह** – आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बंधी डील से आपको लाभ होगा।

**तुला** – आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं।

**धनु** – आज दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या होगी।

**कुंभ** – आज नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**मीन** – आज शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

## अमेरिका में तूफान के चलते दो हजार से अधिक उड़ानें रद्द

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

- **लगभग 700 फ्लाइट को आने जाने में हुआ भारी विलंब**

अमेरिका में शीतकालीन तूफानों की वजह से मंगलवार को 2,000 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। फ़्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट ने कहा, आज अमेरिका के अंदर या बाहर कुल 2,026 उड़ानों को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा 700 और उड़ानों में देरी हुई। पूर्वोत्तर के हवाई अड्डों पर खास तौर पर बुरा असर पड़ा।

जॉन एफ केनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लागार्डिया हवाई अड्डा, नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और बोस्टन लोगान हवाई अड्डों पर आधी से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी कि एक बड़े शीतकालीन तूफान से मध्य-अटलांटिक और पूर्वोत्तर में भारी हिमपात, तेज हवाएं और तटीय बाढ़ आने की आशंका है, जिससे यात्रा करना नामुमकिन हो सकता है और बिजली गुल हो सकती है। फ़्लाइट अवेयर के मुताबिक आज सुबह तक अमेरिकी हवाई अड्डा से आने-जाने वाली 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो गई थीं, जबकि सोमवार को यह संख्या 5,700 से अधिक थी।

बोस्टन लोगन से कम से कम 50 फीसदी तय उड़ानें रद्द कर दी गईं। नेवार्क लिबर्टी और लागार्डिया में 49 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि केनेडी हवाई अड्डे पर 41 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं।

**करें सामूहिक प्रयास** | **नई दिल्ली में बोले संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत**

# दुनिया में खामोश महामारी हैं सड़क हादसे

- **ज्यां टॉड ने कहा, भारत में भी होती है हादसों में हजारों मौतें**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है।




ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है। उनकी भारत की वर्तमान यात्रा मराकेश घोषणा के 11 महीने बाद हो रही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सड़क सुरक्षा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की थी। संबंधित घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को आधा करना है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जिनमें प्रतिवर्ष अनुमानित तौर पर 1,53,972 लोगों की जान चली जाती है, और मृत्यु दर 15.4 प्रति एक लाख है। पैदल यात्री, साइकिल और बाइक चालक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, और अधिकतर मौत के मामले इन्हीं से संबंधित है।

### मेक सेफ्टी स्टेटमेंट अभियान की शुरुआत की

टॉड ने सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र-जेसीडिक्यूएक्स वैश्विक अभियान मेक सेफ्टी स्टेटमेंट' की शुरुआत की, जिसमें मशहूर हस्तियां सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोजमर्रा के उपायों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। इस अभियान के तहत, सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों के समर्थन के महत्व को उजागर करने के लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में डिजिटल बिलबोर्ड तथा पोस्टर लगाए जाएंगे, जिन पर ये बयान प्रदर्शित होंगे। भारत में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 26 फरवरी 02 .40 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- रोहिणी 13 .38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

### सुडोकू -72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

